CMYK

तापमान
अधिकतम :21°C
न्यूनतम: 06°C

सेंसेक्स
73,158.24
22,217.45

सोना चांदी
62,740
75,700

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

शाह टाइम्स

बरेली, शुक्रवार 23 फरवरी 2024 बरेली संस्करण: वर्ष 21 अंक 96 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com shahtimes2015@gmail.com माघ कृष्ण शुक्ल 14 विक्रमी सम्वत् 2080 12 शाबान 1445 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

इंग्लैंड ने बशीर को एकादश में किया शामिल

भारत रत्न देकर वोट लेना चाहती है भाजपा: अखिलेश

कहा: हम हर सदन में चाहते थे हैंडपंप, उन्हें सात से ज्यादा दो सीटें लगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

मुजफ्फरनगर। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा भारत रत्न देकर वोट लेना चाहती है। चौधरी चरण सिंह से हमारा लगाव है।

हम हर सदन में हैंडपंप चाहते थे, लेकिन उन्हें दो सीटें सात से ज्यादा लगीं। पेपर लीक से प्रभावित हुए लोग भाजपा को उखाड़ फेंकने का काम करेंगे। भारत माता की जय बोलकर अग्निवीर भर्ती लाने वाले राष्ट्रवादी नहीं हो सकते। बसपा के इंडिया गठबंधन में आने की संभावनाओं को नकार दिया। मुजफ्फरनगर में मेरठ रोड स्थित एक रिजॉर्ट में आयोजित शादी समारोह में पत्रकारों से बातचीत में पूर्व मुख्यमंत्री ने रालोद से गठबंधन टूटने पर कहा कि हमने सात सीटें दी थीं, लेकिन भाजपा ने दो ही दी। उन्हें सात से ज्यादा दो लगी होंगी। कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने की बात पर उन्होंने कहा कि यात्रा आगरा आने तक विस्तृत कार्यक्रम आ जाएगा और वह उसमें शामिल होंगे। भाजपा सरकार को किसानों का हक देना चाहिए। किसान को हक और नौजवान को नौकरी देने वाले ही राष्ट्रवादी होंगे। किसानों को बाजार के हवाले किया जा रहा है। अमृतकाल है तो किसान क्यों धरना दे रहे हैं। किसान ट्रैक्टर लेकर दिल्ली क्यों जा रहे हैं। सरकार ने आय -शेष पृष्ठ दो पर

- भाजपा पर कसा तंज
- कहा: अग्निवीर भर्ती लाने वाले राष्ट्रवादी नहीं हो सकते
- बसपा के गठबंधन में आने को नकारा

मुजफ्फरनगर: एक निजी कार्यक्रम के दौरान अखिलेश यादव, हरेन्द्र मलिक व इकरा हसन व अन्य।

सीबीआई ने पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के पैतृक घर को खंगाला

शाह टाइम्स ब्यूरो

बागपत। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की एक टीम ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश में बागपत जिले के हिसावदा गांव में जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के पैतृक घर की तलाशी ली।

सूत्रों ने बताया कि सीबीआई की टीम सुबह करीब छह बजे मलिक के पैतृक घर पहुंची और लोगों की आवाजाही पर रोक लगा दी। ग्रामीणों ने बताया कि गांव हिसावदा में सत्यपाल मलिक की एक ही पुरानी हवेली है, जो जर्जर हालत में है। उन्होंने बताया कि सीबीआई टीम ने सत्यपाल मलिक के परिवार के सदस्य सतबीर मलिक उर्फ हिटलर से भी पूछताछ की और पूर्व राज्यपाल की संपत्ति के बारे में पूछताछ की। उन्होंने कहा कि सीबीआई टीम को स्थानीय पुलिस द्वारा सहायता प्रदान की जा रही है। वहीं सीबीआई ने जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में किरू जल विद्युत परियोजना के लिए 2,200 करोड़ रुपये के निर्माण कार्य का ठेका देने में कथित भ्रष्टाचार के मामले में राज्य के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के परिसरों में गुरुवार को तलाशी अभियान चलाया। सूत्रों के बताया कि एजेंसी ने जम्मू-कश्मीर के कुछ स्थानों सहित 30 विभिन्न स्थानों पर भी तलाशी ली। श्री मलिक ने आरोप लगाया था कि उन्हें दो फाइलों को मंजूरी देने के लिए 300 करोड़ रुपये की रिश्वत की पेशकश की गई थी, जिनमें से एक किरू परियोजना से संबंधित थी। जम्मू-कश्मीर सरकार ने 2022 में इस मामले की सीबीआई जांच की मांग की थी। यह मामला वर्ष 2019 में किरू परियोजना के लिए लगभग 2,200 करोड़ रुपये के निर्माण कार्यों का ठेका एक निजी कंपनी को देने में भ्रष्टाचार करने के आरोप में दर्ज किया गया था। एजेंसी ने इस मामले में चेनाब वैली पावर प्रोजेक्ट्स (प्राइवेट) लिमिटेड के पूर्व अध्यक्ष नवीन कुमार चौधरी, पूर्व अधिकारियों एम एस बाबू, एम के मित्तल और अरुण कुमार मिश्रा तथा पटेल इंजीनियरिंग लिमिटेड के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

- जांच टीम ने परिजनों से पूर्व राज्यपाल की संपत्ति में बारे में की पूछताछ

शिकायतकर्ता को ही फंसा रही सरकार: मलिक के पूर्व ओएसडी

नई दिल्ली। सीबीआई ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक और उनके निकटवर्ती सहयोगियों के ठिकानों पर भी छापेमारी की है।

ये छापे दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मुंबई समेत कई जगहों पर मारे गए हैं। सत्यपाल मलिक, इस वक्त अस्पताल में भर्ती हैं। मलिक ने सोशल मीडिया साइट पर लिखा कि मैंने भ्रष्टाचार में शामिल जिन व्यक्तियों की शिकायत की थी, उन व्यक्तियों की जांच न करके मेरे आवास पर सीबीआई द्वारा छापेमारी की गई है। मेरे पास 4-5 कुर्ते पायजामे के सिवा कुछ नहीं मिलेगा। तानाशाह, सरकारी एजेंसियों का गलत दुरुपयोग करके मुझे डराने की कोशिश कर रहा है। मैं किसान का बेटा हूं, न मैं डरूंगा, ना झुकूंगा। पूर्व राज्यपाल मलिक के ओएसडी रहे केएस राणा ने कहा कि सरकार जानबूझकर मलिक साहब को परेशान कर रही है।

- तानाशाह, सरकारी एजेंसियों से मुझे डराने की कोशिश कर रहा: मलिक

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

किसान आंदोलन: संयुक्त किसान मोर्चा का बड़ा ऐलान

आज काला दिवस मनाएंगे किसान

26 फरवरी को देशभर में हाईवे पर उतरेंगे ट्रैक्टर

चंडीगढ़, वार्ता

चंडीगढ़ में गुरुवार को संयुक्त किसान मोर्चा की अहम बैठक हुई। इसमें देशभर के कई राज्यों से पहुंचे किसान नेताओं ने हिस्सा लिया। 14 मार्च को किसान दिल्ली के रामलीला मैदान में महापंचायत करेंगे। वहीं 26 फरवरी को देशभर में किसानों ने ट्रैक्टर मार्च करने का फैसला लिया है।

किसान नेता जोगिंदर सिंह उग्रराहां ने बताया कि 23 फरवरी को किसान पूरे देश में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, हरियाणा के सीएम मनोहर लाल खट्टर और गृह मंत्री अनिल विज के पुतले फूंकेंगे। खनौरी बॉर्डर पर जान गंवाने वाले युवा किसान शुभकरण सिंह की मौत पर किसान नेताओं ने दुख जताया और श्रद्धांजलि अर्पित की। किसान नेताओं ने कहा कि किसान संगठन पूरे देश में रोष और काला दिन के रूप में प्रदर्शन करेंगे। किसान नेता बलबीर सिंह राजेवाल ने कहा कि हरियाणा पुलिस ने पंजाब की सीमा पर कार्रवाई की है। उन्होंने हरियाणा पुलिस के खिलाफ 302 के तहत केस दर्ज करने की मांग की। उन्होंने कहा कि मामले की न्यायिक जांच की जाए। हरियाणा के सीएम व गृह मंत्री के खिलाफ भी केस दर्ज करने की मांग उन्होंने की। पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता -शेष पृष्ठ दो पर

- 14 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में होगी महापंचायत
- आज किसान अमित शाह, हरियाणा के सीएम मनोहर लाल खट्टर और अनिल विज के पुतले फूंकेंगे

खनौरी बॉर्डर पर गोली लगने से किसान की मौत मामले की न्यायिक जांच की मांग हाईकोर्ट में याचिका दाखिल

चंडीगढ़। बुधवार को किसान आंदोलन के दौरान खनौरी बॉर्डर पर एक किसान की गोली लगने से हुई मौत के मामले की हाईकोर्ट के किसी रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में न्यायिक जांच की मांग को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर कर दी गई है। इस याचिका पर जल्द से जल्द सुनवाई करने का हाईकोर्ट से आग्रह किया गया। हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस की बेंच के सामने इस याचिका पर सुनवाई किए जाने की गुरुवार को मांग की गई। हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता से कहा कि किसान आंदोलन को लेकर हाईकोर्ट में पहले से दो जनहित याचिका पर सुनवाई चल रही है। इस याचिका पर भी उन्हीं के साथ 29 फरवरी को सुनवाई की जाएगी। इस मांग को लेकर एडवोकेट हरिंदर सिंह ईशर ने यह अर्जी दायर की है और कहा है कि बुधवार को खनौरी बॉर्डर पर एक किसान की गोली लगने से मौत हो गई है। यह बड़ा ही गंभीर मामला है।

हरियाणा पुलिस ने पंजाब कांग्रेस विधायकों पर मामला दर्ज किया

चंडीगढ़। हरियाणा पुलिस ने किसानों के दिल्ली जाने पर रोक लगाने के विरोध में हरियाणा के मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने जा रहे पंजाब कांग्रेस विधायकों और कार्यकर्ताओं के खिलाफ मामला दर्ज किया है। हरियाणा पुलिस ने बुधवार रात को पंजाब के विधायक सुखविंदर सिंह कोटली, वीरेंद्र सिंह ढिल्लो, समित सिंह, खुशबाड जट्टां, लखविंदर सिंह, बीर चहल, हरमन सेखों, सिकंदर बूरा, सचिन नैन, उदयवीर ढिल्लो, उर्जित सिंह, अंगद सिंह, संजीव शर्मा, डा. करनैल सिंह और अन्य को गिरफ्तार किया।

किसान हमारे अन्नदाता, सरकार उनसे हर समय बातचीत करने को तैयार: ठाकुर

नई दिल्ली। केन्द्र सरकार ने किसानों को 'अन्नदाता' और 'भाई' कहते हुए गुरुवार को कहा कि वह फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को लेकर आन्दोलन कर रहे किसानों से बातचीत को तैयार है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को कहा कि केन्द्र आंदोलनकरी किसानों से बातचीत करने को तैयार है। किसान हमारे 'अन्नदाता' और 'भाई' हैं। श्री ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए हैं। हम पहले भी उनसे बातचीत के लिए तैयार थे और आज भी तैयार हैं तथा भविष्य में भी उनके विषयों पर बातचीत को तैयार रहेंगे।

बैंक खाते सीज करके वित्तीय आतंकवाद फैला रही है सरकार : कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने गुरुवार को कहा कि भाजपा की सरकार आम चुनाव से पहले विपक्षी दलों के बैंक खाते सीज करके देश में वित्तीय आतंकवाद फैला रही है और लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल, कोषाध्यक्ष अजय माकन, संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश तथा युवा कांग्रेस की अध्यक्ष श्रीनिवास वीबी ने पार्टी के बैंक खाते सीज करके पैसे निकालने की कार्रवाई को जबरन वसूली करार दिया और कहा कि यदि सरकार आयकर को बहाना बनाकर कांग्रेस के खातों को सीज करती है, तो उसे बताना चाहिए कि क्या भाजपा ने कभी आयकर दिया है और यदि नहीं दिया है, तो उसके खाते सीज क्यों नहीं किए जा रहे हैं। श्रनिरंकुश मोदी सरकार जबरन वसूली और वित्तीय आतंकवाद के माध्यम से लोकतंत्र पर कब्जा कर रही है।

किसानों व जवानों को नजरअंदाज कर लोकतंत्र की हत्या कर रही सरकार: राहुल

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर किसानों और जवानों को नजरअंदाज करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि मोदी शासन में लोगों की बात नहीं सुनी जा रही है और जनता की आवाज दबाकर लोकतंत्र की हत्या की जा रही है।

श्री गांधी ने गुरुवार को कहा कि दिक्कत यह है कि जब लोग हक के लिए सड़क पर उतर कर आंदोलन करते हैं, तो सरकार गोली चलाकर उनकी आवाज को दफन कर देती है। किसान अपने हक की बात कर रहे हैं, तो उन्हें गोली मारी जा रही है। सोशल मीडिया पर लोगों की आवाज को दबाया जा रहा है। सरकार पर लोकतंत्र की हत्या करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि किसान एमएसपी मांगें, तो उन्हें गोली मारो-ये है मदर ऑफ डेमोक्रेसी। जवान नियुक्ति मांगें तो उनकी बातें तक सुनने से इन्कार कर दो -ये है मदर ऑफ डेमोक्रेसी। पूर्व गवर्नर सच बोलें तो उनके घर सीबीआई भेज दो - ये है मदर ऑफ डेमोक्रेसी। श्री गांधी ने कहा कि सबसे प्रमुख विपक्षी दल का बैंक अकाउंट फ्रीज़ कर दो- ये है मदर ऑफ डेमोक्रेसी। धारा 144, इंटरनेट बैन, नुकीली तारें, आंसू गैस के गोले - ये है मदर ऑफ डेमोक्रेसी।

- कहा: मोदी शासन में लोगों की बात नहीं सुनी जा रही

संक्षिप्त समाचार

अग्निवीर परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र नौ मार्च को

लखनऊ। यूनिट हेडक्वार्टर कोटा के तहत अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर ट्रेड्समैन और अग्निवीर क्लर्क (कार्यालय सहायक) श्रेणियों के लिए दिसम्बर 2023 में भर्ती रैली आयोजित की गई थी। सैन्य प्रवक्ता ने बताया कि जो अभ्यार्थी उक्त भर्ती रैली में उपस्थित हुए थे और शारीरिक और चिकित्सकीय रूप से फिट पाए गए थे उनका सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) 10 मार्च 2024 को जाट रेजिमेंटल सेंटर, बरेली में आयोजित की जाएगी। उक्त परीक्षा में शामिल होने से संबंधित अपना एडमिट कार्ड प्राप्त करने के लिए सम्बंधित अभ्यर्थियों को जाट रेजिमेंटल सेंटर, बरेली (जाट गेट) में नौ मार्च को सुबह नौ बजे उपस्थित होना होगा।

सुप्रीम कोर्ट में 'आयुष होलिस्टिक वेलनेस सेंटर' का उद्घाटन

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने गुरुवार को शीर्ष अदालत परिसर में 'आयुष होलिस्टिक वेलनेस सेंटर' का उद्घाटन किया। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने इस अवसर पर कहा कि मेरे लिए यह एक संतोषजनक क्षण है। मुख्य न्यायाधीश का पदभार संभालने बाद से ही इसके लिए प्रयास कर रहा था। मैं आयुर्वेद और समग्र जीवन शैली का समर्थक हूं। उन्होंने कहा कि शीर्ष अदालत में 2000 से अधिक कर्मचारी हैं। हमें न केवल न्यायाधीशों और उनके परिवारों के लिए बल्कि कर्मचारियों के लिए भी एक समग्र जीवन के तरीकों को देखना चाहिए। इस केंद्र से उन सभी को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि उच्चतम न्यायालय में आयुष केंद्र शुरू होने पर आयुष के सभी डॉक्टरों का बहुत आभारी हूं। इस अवसर पर आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा, अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) की निदेशक प्रोफेसर (डा.) तनुजा नेसारी और अन्य वरिष्ठ संकाय सदस्य मौजूद थे।

ईवीएम के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस के कई नेता गिरफ्तार

नई दिल्ली। ईवीएम की खामियों के खिलाफ राष्ट्रीय राजधानी में ईवीएम हटाओ मोर्चा तथा अन्य संगठनों के प्रदर्शन में शामिल हुए कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह तथा अन्य कई नेताओं को हिरासत में लिया गया। ईवीएम हटाओ मोर्चा की तरफ से दी गई ईवीएम के खिलाफ यहां जंतर मंतर पर सभा आयोजित की जा रही थी और इसकी इजाजत भी मिल चुकी थी, लेकिन दिल्ली पुलिस ने आखिरी वक्त में इजाजत को रद्द किया जिसके कारण यह आयोजन युवा कांग्रेस कार्यालय रायसीना रोड पर करना पड़ा।

आप-कांग्रेस के बीच गठबंधन लगभग तय

शाह टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। आगामी लोकसभा चुनाव में दिल्ली में आम आदमी पार्टी व कांग्रेस मिलकर चुनाव लड़ सकते हैं। आम आदमी पार्टी चार और कांग्रेस तीन सीटों पर चुनाव लड़ सकती है।

दिल्ली में आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में गठबंधन के लिए तीन सीटों की पेशकश की है। इसपर लगभग सहमति बन गई है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, कांग्रेस को आम आदमी पार्टी ने चांदनी चौक सीट देने का प्रस्ताव दिया है। इसके अलावा पूर्वी दिल्ली और नॉर्थ ईस्ट सीट कांग्रेस को देने का प्रस्ताव भी दिया है।

- दोनों के बीच 4-3 के फॉर्मूले पर बनी बात

केजरीवाल को ईडी का सातवां समन

नई दिल्ली। ईडी ने शराब नीति घोटाला मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गुरुवार को सातवां समन भेजा है। एजेंसी ने उन्हें 26 फरवरी को पेश होने को कहा है। अब तक एक बार भी केजरीवाल एजेंसी के सामने पेश नहीं हुए हैं। आम आदमी पार्टी एजेंसी के समन को राजनीति से प्रेरित बताती आई है।

कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे को जेड प्लस सिक्योरिटी

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। गृह मंत्रालय ने खड़गे को पैरामिलिट्री फोर्स की जेड प्लस कैटेगरी सुरक्षा दी है। अब 24 घंटे उनकी निगरानी सीआरपीएफ के 58 कमांडो करेंगे। इंटेलीजेंस ब्यूरो के मुताबिक खड़गे को मिली धमकी के बाद उनकी सिक्योरिटी जेड प्लस की गई है। कांग्रेस अध्यक्ष को पूरे देश में जेड प्लस कैटेगरी की सुरक्षा दी जाएगी।

हमारा फोकस छोटे किसानों का जीवन कैसे बेहतर हो: मोदी

अहमदाबाद। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात में अहमदाबाद के मोटेरा स्थित नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुरुवार को गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ (जीसीएमएमएफ) के स्वर्ण जयंती समारोह में कहा कि हमारा फोकस है छोटे किसान का जीवन कैसे बेहतर हो, पशुपालन का दायरा कैसे बढ़े, पशुओं का स्वास्थ्य कैसे बेहतर हो, गांव में पशुपालन के साथ ही मछलीपालन और मधुमक्खी पालन को कैसे प्रोत्साहित किया जाए।

श्री मोदी ने इस अवसर पर कहा कि मुझे खुशी है कि यहां गुजरात में भी हमारी डेयरी सहकारी समितियों में महिलाओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। मुझे याद है जब मैं गुजरात में था तो हमने डेयरी सेक्टर से जुड़ी महिलाओं के लिए एक और बड़ा काम किया था। हमने ये सुनिश्चित किया कि डेयरी का पैसा हमारी बहनों-बेटियों के बैंक खातों में सीधे जमा हो। मैं आज इस भावना को विस्तार देने के लिए भी अमूल की प्रशंसा करुंगा।

- पीएम ने हमारी डेयरी सहकारी समितियों में महिलाओं की संख्या बढ़ने पर जताई खुशी

मैतेई को एसटी दर्जा देने पर विचार नहीं होगा: मणिपुर हाईकोर्ट

इंफाल। मणिपुर हाईकोर्ट ने मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) सूची में शामिल करने पर विचार करने के आदेश को रद्द कर दिया है। जस्टिस गोलमेई गैफुलशिलु की बेंच ने आदेश से एक पैराग्राफ को हटाते हुए कहा कि यह सुप्रीम कोर्ट की कॉन्स्टीट्यूशनल बेंच के रुख के खिलाफ था। गौरतलब है कि 27 मार्च 2023 के इसी निर्देश के बाद मणिपुर में जातीय हिंसा भड़क उठी थी, जिसमें अब तक 200 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है। हाईकोर्ट में इस फैसले के खिलाफ पुनर्विचार याचिका लगाई गई थी। जिस पर 21 फरवरी को सुनवाई हुई। इस दौरान जस्टिस गैफुलशिलु के फैसले ने अनुसूचित जनजाति सूची में संशोधन के लिए भारत सरकार के प्रोसेस की तरफ इशारा करते हुए कोर्ट के निर्देश को हटाने की जरूरत बताई। 27 मार्च 2023 के फैसले में कहा गया था कि राज्य सरकार आदेश मिलने की तारीख से चार हफ्ते के अंदर मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति सूची में शामिल करने के मामले में तेजी लाए।

न्याय के दोहरे मापदंड से अराजकता और विनाश के रास्ते खुलते हैं

डर और भय से नहीं, न्याय व निष्पक्षता से चलते हैं राज्य: मदनी

शाह टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। हल्द्वानी में पुलिस फायरिंग और क्रूरता का शिकार हुए लोगों के साथ इस कठिन समय में जमीयत उलमा-ए-हिंद कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है, वहां सहायता एवं राहत कार्य शुरू हो गया है। यह बात जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष हजरत मौलाना अरशद मदनी ने कही है।

हल्द्वानी में पुलिस कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हुए उन्होंने कहा कि पुलिस की क्रूरता और बर्बरता का एक लंबा इतिहास है,चाहे मलियाना हो या हाशिमपुरा, मुरादाबाद हो या हल्द्वानी, हर जगह पुलिस का एक ही चेहरा देखने को मिलता है। हालांकि पुलिस का काम कानून-व्यवस्था बनाए रखना और लोगों के जीवन और संपत्ति की रक्षा करना है, लेकिन दुर्भाग्य से पुलिसे शांति बनाए रखने के बजाय, अल्पसंख्यकों विशेष रूप से मुसलमानों के साथ एक पार्टी जैसा व्यवहार करती है। मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि यह याद रखना चाहिए कि न्याय के दोहरे मापदंड से ही अराजकता और विनाश के रास्ते खुलते हैं, इसलिए कानून का मानक सभी के लिए समान होना चाहिए और धार्मिक रूप से किसी भी नागरिक के साथ भेदभाव नहीं होना चाहिए, क्योंकि इसकी अनुमति न तो देश का संविधान देता है और न ही कानून। उन्होंने आगे कहा कि देश डर और भय से नहीं बल्कि न्याय और निष्पक्षता से चलता और विकास करता है। अगर देश की एक बड़ी आबादी असुरक्षित महसूस करने लगे, तो यह बहुत खतरनाक और निराशाजनक बात है। याद रखिये, लोकतांत्रिक व्यवस्था और समानता से ही किसी भी देश के विकास का मानक तय किया जा सकता है, केवल दावा करने से कुछ नहीं होता। मौलाना अरशद मदनी ने यह भी कहा कि नि:संदेह सांप्रदायिकता और धर्म के आधार पर नफरत पैदा करने के कारण देश की स्थिति बहुत निराशाजनक और घातक हो गई है, परन्तु हमें निराश होने की जरूरत -शेष पृष्ठ दो पर

- कहा: हल्द्वानी में पुलिस फायरिंग और क्रूरता का शिकार हुए लोगों के साथ जमीयत उलमा-ए-हिंद कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी

त्रिपुरा हाईकोर्ट ने छेड़छाड़ के आरोपी मजिस्ट्रेट को हटाया

अगरतला। त्रिपुरा हाईकोर्ट ने रेप पीड़ित से छेड़छाड़ के आरोपी मजिस्ट्रेट बिश्वतोष धर को हटा दिया है। स्टेट लॉ डिपार्टमेंट ने बताया कि हाई कोर्ट ने बिश्वतोष धर को क्लोज किया है। कानूनी शब्दों में, क्लोजिंग का मतलब किसी अधिकारी को बिना किसी असाइनमेंट के अलग स्थान पर रखना होता है।

धर को बिना इजाजत जिले से बाहर जाने की अनुमति नहीं है। बिश्वतोष धर धलाई जिले के कमालपुर के फर्स्ट क्लास ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट हैं। एक हफ्ते पहले 16 फरवरी को 23 साल की एक महिला अपने पति के साथ रेप के खिलाफ बयान दर्ज कराने मजिस्ट्रेट के चैंबर में गई थी। महिला के साथ 13 फरवरी को उसके घर पर 26 साल के एक शख्स ने रेप किया था। पीड़िता के पति के मुताबिक, बयान लेने के दौरान जज ने उसकी पत्नी के शरीर को गलत ढंग से छूना शुरू कर दिया।

- रेप पीड़िता को गलत तरीके से छुआ था, बोला- बयान लेने के लिए यह जरूरी था

संक्षिप्त समाचार

यूपी में छह डिप्टी एसपी के तबादले

लखनऊ। यूपी डीजीपी मुख्यालय ने बृहस्पतिवार को छह डिप्टी एसपी का तबादला कर दिया। दरवेश कुमार को बलरामपुर से सिद्धार्थनगर भेजा गया है। इसी तरह अरुण कुमार सिंह चतुर्थ को रामपुर से बरेली, विजय आनंद को उन्नाव से सहारनपुर, हर्ष पांडेय को चित्रकूट से सोनभद्र, एसएन वैभव पांडेय को बलिया से सहारनपुर और गौरव कुमार शर्मा को जौनपुर से बलिया भेजा गया है।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होंगे अखिलेश

लखनऊ। सपा व कांग्रेस के बीच यूपी में सीट बंटवारे के बाद अब सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होंगे। अखिलेश यादव 25 फरवरी को आगरा में न्याय यात्रा से जुड़ेंगे। इसके पहले अखिलेश यादव ने रायबरेली में न्याय यात्रा से जुड़ने का एलान किया था पर सीट बंटवारे पर फैसला न होने के कारण उन्होंने अपना कार्यक्रम रद्द कर दिया था। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि हमने अखिलेश यादव को आमंत्रित किया है। वो न्याय यात्रा में शामिल होंगे।

भाजपा देश को अपना परिवार मानती है: ऋचा सिंह

प्रयागराज। इलाहाबाद विश्व. विद्यालय की पहली महिला छात्र संघ अध्यक्ष रही ऋचा सिंह ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के बाद गुरुवार को कहा कि भाजपा देश को अपना परिवार मानती है, जबकि दूसरे दल परिवार को ही देश मानते है। सुश्री सिंह ने भाजपा प्रदेश कार्यालय लखनऊ में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पठक की उपस्थिति में एक कार्यक्रम में बुधवार को सदस्यता ग्रहण की थी। उन्होंने गुरुवार को यहां कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश और प्रदेश 'सब का साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' के साथ आगे बढ़ रहा है।

एनसीएसटी ने किया संदेशखाली का दौरा

कोलकाता। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) की चार सदस्यीय टीम महिलाओं के खिलाफ कथित अत्याचार के संबंध में जानकारी हासिल करने के लिए गुरुवार को पश्चिम बंगाल में उत्तर 24 परगना के संदेशखाली के लिए रवाना हुई। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि आदिवासियों की भूमि का जबरन अधिग्रहण किया जा रहा है। एनसीएसटी के उपाध्यक्ष अनंत नाइक की अध्यक्षता वाली टीम के स्थानीय लोगों, विशेषकर महिलाओं से बात करने की उम्मीद है, जिन्होंने कथित तौर पर कई केंद्रीय टीमों और राजनेताओं को अपनी पीड़ा सुनाई है।

विवाह समारोह में गोली मारकर हत्या

शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के जलालाबाद क्षेत्र में बुधवार रात वैवाहिक कार्यक्रम में हुए विवाद के बाद युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हत्या का आरोप नगर पालिका अध्यक्ष के सगे भाई पर लगा है। मृतक भी नगर पालिका अध्यक्ष का साला था। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मनोज कुमार अवस्थी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

बीजेपी सरकार बेच रही देश की सम्पत्ति: स्वामी प्रसाद

नई दिल्ली, वार्ता

हाल ही में समाजवादी पार्टी छोड़ने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य को राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित किया गया है। राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के संरक्षक और संस्थापक साहब सिंह धनखड़ ने गुरुवार को स्वामी प्रसाद मौर्य को पार्टी का अध्यक्ष घोषित किया। बता दें कि दो दिन पहले यानी मंगलवार को स्वामी प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी छोड़ दी थी।

इस मौके पर उन्होंने भाजपा व आरएसएस पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार इस देश की संपत्तियों को बेचने का पाप कर रही है। उन्होंने कहा कि धर्म की दुहाई देकर सत्ता में बैठे ये भूखे भेड़िए आज इंसानियत का कत्लेआम कर रहे हैं। हिंदू-मुसलमानों को बांटने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा और आरएसएस का जो इतिहास है, इस बात का गवाह है कि इस देश की आजादी में उनके परिवार और कुनबे का कोई व्यक्ति हिस्सेदार नहीं रहा है, इसलिए देश से उन्हें कोई लगाव नहीं है। ये देश की पहली सरकार है जो

■ आरएसएसपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने स्वामी प्रसाद मौर्य

■ कहा-अखिलेश समाजवादी विचारधारा के खिलाफ जा रहे

कि देश की संपत्तियों को बेचने का पाप कर रही है। सपा के महासचिव पद से इस्तीफा देने के बाद उन्होंने एमएलसी पद से इस्तीफा दे दिया था। एमएलसी पद से इस्तीफा देने के बाद स्वामी प्रसाद ने अखिलेश यादव पर जमकर निशाना साधा था। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव और सपा से मेरा वैचारिक मतभेद रहा है। मैं स्वच्छ राजनीति में विश्वास करता हूं। अखिलेश यादव समाजवादी विचारधारा के खिलाफ जा रहे हैं। सपा से इस्तीफा देने के बाद स्वामी प्रसाद मौर्य ने अपनी नई पार्टी बनाने का ऐलान किया था। उन्होंने कहा था कि वो 22 फरवरी को अपनी नई पार्टी का ऐलान करेंगे। उनकी नई पार्टी का नाम राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी है। दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में स्वामी प्रसाद मौर्य को राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी का अध्यक्ष बनाया गया है। सपा से अलग होने पर डिंपल यादव ने कहा कि चुनाव के दौरान स्वामी प्रसाद मौर्य पार्टी में आए थे और वो चुनाव नहीं जीत पाए थे। उसके बावजूद समाजवादी पार्टी ने उन्हें एमएलसी बनाकर विधानसभा में भेजने का काम किया और हम स्वामी प्रसाद मौर्य जी का हमेशा सम्मान करते आए हैं।

सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही सरकार: दानिश अली

नई दिल्ली। लोकसभा सासंद कुंवर दानिश अली ने केंद्र सरकार पर सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए गुरुवार को कहा कि किसान के बेटे का ऐसा उत्पीध्न देश की जनता अब बर्दाश्त नहीं करेगी। अमरोह से सासंद अली ने जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के आवास पर केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के छापे पर कहा कि सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने एक्स पर लिखा आज के 'नए भारत' में सत्यपाल मलिक जैसे ईमानदार और देशभक्त नेता को भी नहीं बख्शा जा रहा है। सरकारी एजेंसियों का ऐसा दुरुपयोग इससे पहले शायद ही देखने में आया हो। 'किसान के बेटे' को ऐसा उत्पीड़न देश की जनता अब बर्दाश्त नहीं करेगी। उल्लेखनीय है कि सीबीआई ने जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में किरू जल विद्युत परियोजना के लिए 2,200 करोड़ रुपए के निर्माण कार्य का ठेका देने में कथित भ्रष्टाचार के मामले में राज्य के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के परिसरों में गुरुवार को तलाशी अभियान चलाया।

गजवा-ए-हिन्द को वैध करार देने पर जांच के आदेश

शाह टाइम्स संवाददाता

■ गजवा-ए-हिन्द एक इतिहास और इतिहास को बयान करना कोई गुनाह नहीं: दारुल उलूम

देवबन्द। 10 वर्ष पूर्व गजवा-ए-हिंद पर हदीस के हवाले से दिए गए जवाब को लेकर इस्लामी शिक्षण संस्था दारुल उलूम में प्रशासन की टीम जांच को पहुंची। वेबसाइट के माध्यम से दिए गए फतवे को आधार बनाकर राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग ने इसे राष्ट्र विरोधी बताते हुए डीएम सहारनपुर और एसएसपी को जांच करने के निर्देश दिए हैं।

गुरुवार को देवबंद एसडीएम अंकुर वर्मा और सीओ अशोक सिसोदिया ने दारुल उलूम प्रबंधन से इस संबंध में पूछताछ की है। यहां उन्होंने संस्था के मोहतमिम मौलाना अबुल कासिम नौमानी और नायब मोहतमिम मौलाना अब्दुल खालिक मद्रासी से मुलाकात की। संस्था के दोनों जिम्मेदारों ने अधिकारियों के सामने अपना पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2015 में पूछे गए सवाल पर हदीस में जो लिखा है वहीं नकल कर बताया गया। इसमें आज के लिए नया कुछ भी नहीं है। मोहत. मिम मौलाना अबुल कासिम नौमानी ने बताया कि उन्हें लिखित में कुछ नहीं मिला है। अधिकारियों ने मौखिक में उनसे जो पूछा उसका जवाब मौखिक में ही दिया गया है। बताया कि 711 ईसवी से लेकर 713 ईसवी तक सिंध में मोहम्मद बिन कासिम के जमाने में गजवा-ए-हिंद हुआ था। वह एक इतिहास है और इतिहास को बयान करना कोई गुनाह नहीं हो सकता।

सपा प्रत्याशी को वोट करेंगी पल्लवी पटेल

लखनऊ, वार्ता

अपना दल का कमेरावादी की नेता पल्लवी ने अपनी ही बहन अनु. प्रिया पटेल के खिलाफ मिर्जापुर से चुनाव लड़ सकती हैं। इस बात के संकेत सपा प्रमुख अखिलेश यादाव ने दिए हैं। अब अखिलेश यादव की मान मन्नवल के बाद पल्लवी पटेल सपा के पीडीए प्रत्याशी रामजी लाल सुमन को वोट देने जा रही हैं।

सूत्रों की माने तो पल्लवी पटेल से अखिलेश यादव की राज्यसभा की एक सीट पर वोट के साथ साथ लोकसभा के भी एक सीट की डील हुई है। पल्लवी पटेल की पार्टी अपना दल (कमेरवादी) को एक सीट मिलने वाली है। पल्लवी पटेल को मिर्जापुर लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाया जा सकता है।

■ बहन अनुप्रिया के खिलाफ चुनाव लड़ सकती हैं

जिसकी घोषणा आज से लेकर कल तक हो सकती है। पल्लवी पटेल की मिर्जापुर लोकसभा से प्रत्याशी बनाए जाने के साथ ही मिर्जापुर का लोकसभा चुनाव बेहद दिलचस्प हो सकता है, क्योंकि पिछले दो बार से मिर्जापुर में पल्लवी पटेल की बहन अनुप्रिया पटेल सांसद है और इस बार भी वह एनडीए के खेमे से ये सीट मांग रही हैं।

डिंपल को पल्लवी पटेल ने दिया करारा जवाब

लखनऊ। अपना दल कमेरावादी की नेता और यूपी के सिराथू से समा. जवादी पार्टी की विधायक पल्लवी पटेल ने मैनपुरी से सांसद डिंपल यादव को दो टूक जवाब दिया है। बीते दिनों पल्लवी पटेल की नाराजगी पर पूछे गए सवाल पर डिंपल ने कहा था कि वह सपा से विधायक हैं और हम चाहते थे कि उनकी माता जी भी सदन जाएं, लेकिन उन्होंने अपने सिंबल (अपना दल कमेरावादी) पर लड़ने का फैसला किया। डिंपल के इस बयान पर पल्लवी पटेल ने कहा है कि हां, मैंने समाजवादी पार्टी के चुनाव चिन्ह पर चुनाव लड़ा और जीता। उस गठबंधन में सपा के चुनाव चिन्ह पर लड़ने वाले 200 से अधिक उम्मीदवार भी हार गए। पार्टी का चिह्न जीत या हार का पैमाना नहीं हो सकता।

बीजेपी प्रत्याशी के पक्ष में सुभासपा ने भरी हामी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में 10 सीटों पर होने वाले राज्यसभा चुनाव में भाजपा और सपा दोनों वोट जुटाने में लगे हैं। इसी कड़ी में भारतीय जनता पार्टी की सहयोगी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के पास मौजूद 6 विधायकों में से 5 विधायकों ने बुधवार को सीएम योगी ने से मुलाकात कर भाजपा के प्रत्याशी को जिताने के लिए हामी भरी। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर के साथ उनके चार अन्य विधायकों के सीएम योगी से मुलाकात कर भाजपा के पक्ष में वोट देने की बात कही है। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रवक्ता पीयूष मिश्रा ने बात. चीत में कहा कि सुभासपा के प्रमुख ओम प्रकाश राजभर के साथ पार्टी के विधायकों ने सीएम योगी से मुलाकात की है। पीयूष मिश्रा ने कहा कि हमारे पांच विधायक भाजपा के प्रत्याशी को वोट देने जा रहे हैं और अगर अब्बास अंसारी को जेल से आने की अनुमति मिलती है, तो अब्बास अंसारी भी भाजपा के प्रत्याशी को ही वोट देंगे। इस सदंर्भ में ओपी राजभर ने एक पोस्ट भी किया। उन्होंने लिखा कि कल शाम को 5 कालिदास मार्ग लखनऊ स्थित में मुख्यमंत्री आवास पर सीएम योगी के साथ बैठक कर सभी विधायकों ने राज्यसभा चुनाव में एकजुट होकर एनडीए प्रत्याशी को जिताने का निर्णय लिया।

सीएम योगी ने गीडा को दी 1040 करोड़ की सौगात

प्रदेश के विकास से विकसित होगा देश

गोरखपुर, वार्ता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए उत्तर प्रदेश को विक. सित बनाना होगा। योगी गुरुवार को गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) क्षेत्र को 1040 करोड़ रुपए की 20 परियोजनाओं की सौगात देने के बाद गीडा के सेक्टर 13 में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर उन्होंने गीडा की 650 करोड़ रुपए की अनुमानित आय वाली कालेसर आवासीय टाउनशिप योजना को लांच करने के साथ 300 करोड़ रुपए के निवेश वाली एसडी इंटरनेशनल की प्लास्टिक रिसाइक्लिंग एवं फूड पैकेजिंग कंटेनर यूनिट का शिलान्यास तथा 90 करोड़ रुपए के 18 विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि औद्योगिक विकास और रोजगार के क्षेत्र में जो परिणाम दिख रहा है, वह बेहतर कानून व्यवस्था, अच्छी सरकार और अच्छे जनप्रतिनिधियों के चुने जाने का परिणाम है। जब नीयत अच्छी होती है, तो परिणाम भी अच्छे आते हैं।

■ निवेश परियोजनाओं से लगभग पांच हजार युवाओं को रोजगार उपलब्ध होगा

आज गीडा नई ऊंचाइयों को छू रहा है। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे का काम जल्द ही पूरा हो जाएगा। तब लखनऊ जाने के लिए दो रूट हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र औद्योगिक क्लस्टर के रूप में विक. सित हो, इसके लिए बीते कुछ वर्षों में तमाम प्रयास हुए हैं। गीडा में वरुण ब्रेवरेज, केयान डिस्टलरीज, सीपी मिल्क, तत्वा प्लास्टिक, सेंट्रल वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन, इंडिया ऑटोव्हील्स, बालाजी प्रोसेसर्स, रूंगटा इंडस्ट्रीज, कपिला कृषि उद्योग, सिंह पेपर प्रोजेक्ट के निवेश का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सिर्फ इन्हीं निवेश परियोजनाओं से करीब 5000 युवाओं को यही नौकरी व रोजगार उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि गीडा क्षेत्र में अन्य उद्योग भी लग रहे हैं। 25 एकड़ में गारमेंट पार्क, 88 एकड़ में प्लास्टिक पार्क विकसित हो रहा है। 34 करोड रुपए की लागत से फ्लैटेड फैक्ट्री भी बन रही है। इसके अलावा सरकार 5500 एकड़ में धुरियापार मेंऔद्योगिक टाउनशिप बनाने जा रही है। हाल में ही नई सीमेंट फैक्ट्री के लिए प्रस्ताव मिला है। इसके लिए निवेशक को भूमि दिखा दी गई है। योगी ने कहा कि वर्ष 2014 के प्रधानमंत्री बनने के साथ ही मोदी ने हर जरूरतमंद व्यक्ति के लिए आवास की घोषणा की थी। देश में अब तक चार करोड़ गरीबों को सिर ढकने के लिए पक्के छत की सुविधा उपलब्ध करा दी गई है।

उत्तर प्रदेश में 56 लाख गरीबों को मकान दिए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि अपना पैसा देकर जो लोग आवास पाने के इच्छुक हैं, उनके लिए गोरखपुर विकास प्राधिकरण के साथ ही गीडा ने भी आगे कदम बढ़ाए हैं। उन्होंने बताया कि गीडा की कालेसर आवासीय परियोजना में हर श्रेणी के लोगों के लिए आवास उपलब्ध हो सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी उत्पाद की पैकेजिंग का अपना महत्व है।

स्मृति ईरानी ने सिर पर कलश रख कर नए घर में किया प्रवेश

अमेठी। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के नव नवनिर्मित आवास का गृह प्रवेश कार्यक्रम गुरुवार को वैदिक मंत्रोचार के साथ विधि विधान से संपन्न हुआ। ईरानी ने अपने पति के साथ सिर पर कलश रखकर नव निर्मित घर में प्रवेश किया। जिले के गौरीगंज तहसील क्षेत्र के मेदन मवई गांव में केंद्रीय मंत्री के नवनिर्मित आवास का वैदिक मंत्रोचार के साथ गृह प्रवेश का पूजन संपन्न हुआ। यह पूजन बुधवार से ही शुरू हो गया था। गुरुवार को स्मृति ईरानी अपने पति जुबिन ईरानी के साथ अपने सिर पर कलश रखकर अपने नव निर्मित घर में प्रवेश किया। ईरानी का घर लगभग चौदह विश्वा में वास्तु शास्त्र के साथ बनाया गया है। यह घर आधुनिक सुविधाओं से लैस है।

अर्थ व्यापार

चौतरफा लिवाली से शेयर बाजार गुलजार

मुंबई, वार्ता

विश्व बाजार की तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार गुलजार रहा।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 535.15 अंक की छलांग लगाकर 73,158.24 अंक पर पहुंच गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 162.40 अंक की तेजी लेकर 22,217.45 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.92 प्रतिशत उछलकर 39,834.45 अंक और स्मॉलकैप 0.54 प्रतिशत चढ़कर 45,789.81 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3933 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2076 में लिवाली जबकि 1743 में बिकवाली हुआ, वहीं 114 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 35 कंपनियां हरे, जबकि 15 लाल

निशान पर रही। बीएसई में बैंकिंग में 0.04 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर शेष 19 समूहों में लिवाली हुई। इससे कमोडिटीज 0.66, सीडी 1.00, ऊर्जा 0.64, एफएमसीजी 0. 95, वित्तीय सेवाएं 0.12, हेल्थकेयर 0.33, इंडस्ट्रियल्स 1.50, आईटी 1. 83, दूरसंचार 1.37, यूटिलिटीज 1. 03, ऑटो 1.85, कैपिटल गुड्स 1. 80, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.18, धातु 1.32, तेल एवं गैस 0.06, पावर 1. 38, रियल्टी 0.63, टेक 1.59 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.98 प्रतिशत चढ़ गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तेजी का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.04, जर्मनी का डैक्स 1. 09, जापान का निक्केई 2.19, हांगक. ांग का हैंगसेंग 1.45 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 1.27 प्रतिशत मजबूत रहा। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 54 अंक बढ़कर 72,677.51 अंक पर खुला, लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद 72,081.36 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से कारोबार के अंतिम चरण में यह 73,256.39 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। अंत में पिछले दिवस के 72,623.09 अंक के मुकाबले 0.74 प्रतिशत की तेजी के साथ 73,158.24 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 27 अंक की बढ़त लेकर 22,081.55 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 21,875.25 अंक के निचले, जबकि 22,252.50 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 22,055.05 अंक की तुलना में 0.74 प्रतिशत की छलांग लगाकर 22,217.45 अंक हो गया।

महाराष्ट्र टूरिज़्म का दिल्ली में रोड शो

नई दिल्ली। महाराष्ट्र टूरिज़्म ने लोगों को बेहतरीन अवसर प्रदान करने, ग्राहकों को आकर्षित करने और ट्रैवल ट्रेड में बाजार की संभावनाएं तलाशने के लिए पूरे देश में 8 शहरों के लिए एक रोड शो टूर की शुरुआत की है और इसी के तहत दिल्ली में भी इसका आयोजन किया गया जहां 150 से अधिक टूर ऑपरेटरों ने भाग लिया।

इस मौके पर महाराष्ट्र टूरिज्म निदेशालय के संयुक्त निदेशक स्वप्निल कपिनस ने कहा कि पिछले साल हमारे रोड शो को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया के बाद हम इस साल भी नए बाजारों में अपने रोड शो आयोजित करने और नई संभावनाओं को तलाशने के लिए बहुत उत्साहित हैं। हम टूरिज़्म को प्रोत्साहित कर इंटर-स्टेट ट्रैवल एवं टूरिज़्म बढ़ाना चाहते हैं। हम दिल्ली में अपने रोड शो को मिली शानदार प्रतिक्रिया से उत्साहित हैं।

अरहर और मूंग दाल सस्ती, गेहूं महंगा

नई दिल्ली, वार्ता

■ चीनी और गुड़ के भाव पिछले स्तर पर टिके रहे

विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में अरहर दाल और मूंग दाल के भाव गिर गए, जबकि गेहूं महंगा हो गया वहीं अन्य जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मार्च का पाम ऑयल वायदा 15 रिंगिट फिसलकर 3956 रिंगिट प्रति टन रह गया। वहीं मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.06 सेंट की तेजी के साथ 44.89 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। इस दौरान सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन बाजार में अरहर दाल में 200 रुपए और मूंग दाल में 300 रुपए प्रति कुंतल की गिरावट को छोड़कर शेष में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल और उड़द दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही। अनाज: अनाज मंडी में भाव मिश्रित रुझान रहा। इस दौरान गेहूं 50 रुपए प्रति कुंतल महंगा हो गया जबकि चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 6100-6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 7300-7400, मूंग दाल 9300-9400, उड़द दाल 10200-10300, अरहर दाल 11800-11900 रुपए प्रति कुंतल रहे। अनाज: (भाव प्रति कुंतल) गेहूं दड़ा 2600-2700 रुपए और चावल : 2825-2925 रुपए प्रति कुंतल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 3740-3840, चीनी एम. 4050-4150, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4500-4600 रुपए प्रति कुंतल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 13187 रुपए, मूंगफली तेल 19963 रुपए, सूरजमुखी तेल 12088 रुपए, सोया रिफाइंड 11355 रुपए, पाम ऑयल 8000 रुपए और वनस्पति तेल 9800 रुपए प्रति कुंतल पर रहा है।

आपके व्यापार को दे मजबूत आधार शाह टाइम्स का बाजार

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।
सम्पादक:
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
☎0581-2562222 (बरेली)
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

प्रथम पृष्ठ के शेष...

भारत रत्न देकर...

दोगुनी करने की बात कही थी, लेकिन फसल की कीमत भी नहीं मिल रही है। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कटाक्ष किया कि भाजपा अपने सहयोगी दलों को दो-दो मंत्री बनाने का सपना दिखा रही है। मंत्री नहीं बनेंगे, तो नाराज हो जाएंगे। ऐसे नाराज लोगों का सहयोग भी सपा लेगी। हमारे पास 63 सीटें है, जो भी आएगा, स्वागत किया जाएगा।

आज काला दिवस...

की मांग भी संयुक्त किसान मोर्चा ने की। 14 मार्च को देशभर के किसान दिल्ली के रामलीला मैदान में किसान महापंचायत करेंगे। यह फैसला बैठक में लिया है। वहीं 26 फरवरी को किसानों ने ट्रैक्टर मार्च का ऐलान किया है। किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि 26 फरवरी को देशभर में किसान हाईवे पर ट्रैक्टर मार्च करेंगे। एक तरफ की सड़क खुली रहेगी। इसी दिन शाम को विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) का पुतला भी फूंका जाएगा। संयुक्त किसान मोर्चा ने देश के गृह मंत्री अमित शाह, हरियाणा के सीएम मनोहर लाल खट्टर और गृह मंत्री अनिल विज के इस्तीफे की मांग भी की।

डर और भय...

नहीं, आशाजनक बात यह है कि इतने अत्याचार के बावजूद देश के अधिकांश लोग साम्प्रदायिकता के खिलाफ हैं, हम एक जीवित समाज हैं और जीवित समाज परिस्थितियों की दया पर निर्भर नहीं रहता, बल्कि अपने चरित्र से स्थिति को बदल देता हैं। हमें किसी भी अवसर पर अपना धर्म, विश्वास, धैर्य, आशा और दृढ़ता को नहीं छोड़ना चाहिए। समय सदैव एक समान नहीं रहता। समाज पर परीक्षा की घड़ियां इसी प्रकार से आती रहती हैं। मुसलमान दुनिया में लिप्त होने के लिए नहीं आया है, वह 1400 वर्षों से इन्हीं परिस्थितियों में जीवित है और कयामत तक जीवित रहेगा। मुसलमानों को अपना हौसला बुलंद रखना चाहिए, इस चिराग को कोई बुझा नहीं सकता। रहती दुनिया तक अल्लाह-अल्लाह कहने वाले रहेंगे, जिस दिन ये नहीं रहेंगे उस दिन यह दुनिया भी नहीं रहेगी। यही हमारी आस्था और विश्वास है।

कर्नाटक में मंदिरों पर टैक्स लगाने वाला बिल पास

विरोध में उतरे संत, कांग्रेस बोली: प्रतिशत प्रावधान 22 साल पुराना, केवल स्लैब बदला

बेंगलुरु, वार्ता

कर्नाटक सरकार ने विधेयक पास करवा कर मंदिरों पर टैक्स लगा दिया है। कांग्रेस सरकार की तरफ से विधानसभा में पेश हुए कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती बिल 2024 पास हो गया है। इस विधेयक के बाद अब कर्नाटक सरकार मंदिरों से टैक्स वसूल करेगी।

बिल के अनुसार यदि किसी मंदिर की आय एक करोड़ रुपए है, तो उसे 10 प्रतिशत और यदि मंदिर की आय एक करोड़ से कम और 10 लाख से अधिक है, तो उसे 5 प्रतिशत टैक्स सरकार को देना होगा इस बिल के विरोध में भाजपा समेत कई संत भी उतर आए हैं। हालांकि कांग्रेस ने बिल का बचाव करते हुए कहा है कि राज्य में 40 से 50 हजार पुजारी हैं, जिनकी सरकार मदद करना चाहती है। भाजपा के आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि यह प्रावधान नया नहीं था, बल्कि 2003 से अस्तित्व में है। मौजूदा सरकार ने केवल स्लैब में एडजस्टमेंट किया है। कर्नाटक में 3 हजार सी-ग्रेड मंदिर हैं, जिनकी आय पांच लाख से कम है। यहां से धर्मिका परिषद को कोई पैसा नहीं मिलता है। धार्मिक परिषद तीर्थयात्रियों के लाभ के लिए मंदिर प्रबंधन में सुधार करने वाली एक समिति है।

अकबर-सीता शेर-शेरनी का नाम तुरंत बदलें: कलकत्ता हाईकोर्ट

कोलकाता। कलकत्ता हाईकोर्ट ने शेरनी का नाम सीता और शेर का अकबर रखने पर आपत्ति जताई है। साथ ही बंगाल सरकार को विवाद से बचने के लिए दोनों का नाम बदलने का आदेश दिया है। इसके अलावा कोर्ट ने सीता और अकबर नाम देने को लेकर बंगाल सरकार से जवाब मांगा है। कोर्ट ने कहा कि किसी भी जानवर का नाम किसी हिंदू भगवान, मुस्लिम पैगंबर, ईसाई, महान पुरस्कार विजेताओं, स्वतंत्रता सेनानियों के नाम पर न रखें। इससे विवाद पैदा होता है। दरअसल, पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में शेर का नाम अकबर और शेरनी का नाम सीता रखा गया। विश्व हिंदू परिषद की बंगाल इकाई ने इसे हिंदू धर्म का अपमान बताया। 16 फरवरी को इसके खिलाफ कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका लगाई। मामले की सुनवाई जस्टिस सौगत भटाचार्य की बेंच ने की। याचिकाकर्ता की मांग थी कि शेरों के जोड़े का नाम बदला जाए।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषिधया डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
09871683560
09811510106

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

स्थापित 1835 पछताना कैसा?
मर्दाना कमजोरी
फोन उठायें और परामर्श लें
नसों की खराबी कमजोरी, लिंग का छोटापन, पतलापन, मर्दाना कमजोरी, शीघ्रपतन व नामर्दी का सफल इलाज।
अलताज दवाखाना दिल्ली-53
09971207227
09899509822

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीज

पहले दिन 2462 ने छोड़ी बोर्ड परीक्षा

कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हुई परीक्षाएं

शाह टाइम्स ब्यूरो

अमरोहा। यूपी बोर्ड परीक्षा पहले दिन कड़ी सुरक्षा के बीच सम्पन्न हुई। हाईस्कूल में 1503 तथा इंटर मीडिएट में 959 छात्र छात्राओं ने परीक्षा से किनारा कर लिया।

जनपद के 79 परीक्षा केन्द्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच आज दो पालियों में परीक्षा प्रारम्भ हुई। सुबह साढ़े आठ बजे पहली पाली में हाईस्कूल का हिन्दी का पेपर सम्पन्न हुआ। इस बार सभी परीक्षा केन्द्र सीसीटीवी कैमरों से लैस हैं। हाईस्कूल में पंजीकृत संस्थागत 28 हजार 350 छात्र छात्राओं में 1492 व प्राइवेट 84 में से 11 ने परीक्षा छोड़ दी। जबकि दूसरी पाली में इंटर मीडिएट का सामान्य हिन्दी का पेपर हुआ। जिसमें संस्थागत 26 हजार 858 में 1492 छात्र छात्राएं परीक्षा देने नहीं पहुंची। जबकि प्राइवेट 150 में दस छात्र छात्राएं अनुपस्थित रहे। डीआईओएस वीपी सिंह ने भी कई परीक्षा केन्द्रों का दौरा किया। इसके अलावा उड़न दस्ते भी सक्रिय रहे। परीक्षा को नकल विहिन सम्पन्न कराए जाने के प्रशासन द्वारा कड़े निर्देश दिये गये थे। छात्र छात्राओं को गेट पर ही तलाशी के बाद अंदर प्रवेश दिया जा रहा था।

कड़ी सुरक्षा के बीच बोर्ड की परीक्षाएं प्रारंभ

शाह टाइम्स संवाददाता,

गजरौला। गुरूवार को कड़ी सुरक्षा के बीच यूपी बोर्ड की परीक्षाओं का प्रारंभ हो गया। सभी परीक्षा केन्द्रों पर पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही और सीसीटीवी कैमरे की निगरानी रही। बच्चों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश से पूर्व एडमिट कार्ड देखकर व तलाशी लेकर भेजा गया।

बता दें कि यूपी बोर्ड की परीक्षाओं का विद्यार्थी जीवन में विशेष महत्तव है। गुरूवार को परीक्षाएं सुबह व दोपहर की पाली में प्रारंभ हुईं। हाईस्कूल की परीक्षा सुबह 08:30 बजे से पूर्वान्ह 11:45 मिनट तक वहीं दोपहर की परीक्षा 02 बजे से सांय 05:15 बजे तक हुई। नगर के ज्ञान भारती इण्टर कॉलेज, शिव इण्टर कॉलेज, यश पब्लिक इण्टर

कॉलेज, रामसरन दास इण्टर कॉलेज सहित कई विद्यालयों में परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे। हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट दोनों ही परीक्षाओं का पहला प्रश्नपत्र हिन्दी विषय का रहा। वहीं बोर्ड परीक्षाओं में पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। प्रत्येक केन्द्र पर पुलिस तैनात रही तो वहीं सीसीटीवी कैमरे प्रत्येक कक्ष में चालू रहे। स्कवायड ने भी केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया।

किशोरी से दुष्कर्म में दस साल की कैद

अदालत ने 87 हजार का जुर्माना भी लगाया

शाह टाइम्स ब्यूरो

अमरोहा। किशोरी से दुष्कर्म से जुड़े मामले में कोर्ट ने युवक को दस साल जेल की सजा सुनाई। दोषी पर 87 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। गिरफ्तारी के बाद से ही युवक जेल में था। तमाम कोशिश के बावजूद उसे जमानत नहीं मिल सकी थी। वहीं, चार्जशीट दाखिल होने के बाद कोर्ट ने इस केस में तीन महीने के भीतर सुनवाई पूरी करते हुए अपना फैसला सुनाया।

24 जून 2023 की शाम की घटना हसनपुर की एक कॉलोनी की है। यहां पर एक मजदूर का परिवार रहता है। कॉलोनी में रहने वाला युवक शहजाद मजदूर की 16 वर्षीय बेटी से मोबाइल पर बातचीत करता था। घटना वाले दिन शाम में शहजाद ने किशोरी को डरा-धमकाकर अपने घर बुला लिया। उस वक्त घर में अकेले शहजाद ने किशोरी को कमरे में पकड़कर खींचने के बाद उसके साथ दुष्कर्म किया। किशोरी के शोर मचाने पर मौके पर जमा हुए लोगों की मौजूदगी में शहजाद उसे जान से मारने की धमकी देकर भाग गया था। मामले में पीड़िता की मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी शहजाद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी और बाद में उसे गिरफ्तार कर चालान कर दिया था। तभी से वह जेल में है। काफी प्रयास के बाद भी कोर्ट से उसकी जमानत मंजूर नहीं हो सकी थी। केस की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट प्रथम डा.कपिल राघव की कोर्ट में चल रही था। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक रतन लाल लोधी ने मजबूत पैरवी की। गुरुवार को कोर्ट में केस की अंतिम सुनवाई हुई। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्य के आधार पर कोर्ट ने शहजाद को दोषी माना। दस साल जेल व 87 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। आधी धनराशि पीड़िता को देने का भी आदेश दिया। खास बात ये है कि इस मामले में कोर्ट ने तीन महीने के भीतर सुनवाई पूरी करते हुए अपना फैसला सुनाया है। चार्जशीट फाइल होने के बाद ही केस ट्रायल पर ले लिया गया था।

तीन के खिलाफ मारपीट का मुकदमा

गजरौला। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर तीन आरोपियों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव पखरौला हाशमपुर निवासी मुनसफ उर्फ बुदधू खां ने गांव के ही नजर मौहम्मद उर्फ पुत्र जीवन खां, गुडडू व शेरू पुत्रगण नजर मौहम्मद निवासी पखरौला हाशमपुर थाना गजरौला जनपद अमरोहा के द्वारा गांव की तलाब की जमीन किए गए कब्जे की शिकायत प्रशासन से की थी। इसी के चलते रंजिशन इन लोगों ने 22 मई 2023 को मुनसफ के घर में घुसकर उसकी पत्नी के साथ मारपीट की। इसके बाद आरोपियों ने 5 दिसम्बर 2023 को उसके घर में घुसकर पत्नी के साथ मारपीट की। फिर तहरीर दी गई मगर कार्यवाही नहीं हुई। जिस पर मुनसफ ने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने नजर मौहम्मद, गुड्डु व शेरू नाम तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

राहुल-प्रियंका कल अमरोहा में

दबे कुचले और शोसित वर्ग की आवाज बनी राहुल की भारत जोड़ो न्याय यात्रा

शाह टाइम्स ब्यूरो

अमरोहा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी 24 फरवरी को भारत जोड़ो न्याय यात्रा लेकर अमरोहा पहुंचेंगे। गुरुवार को प्रदेश स्तरीय कांग्रेस नेताओं ने यात्रा का रूट तय कर बड़े स्तर पर यात्रा के स्वागत को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। मुरादाबाद से शुरू होने वाली यात्रा पाकबड़ा पहुंचने के बाद कैलसा रोड से होते हुए शहर में प्रवेश करेगी। कैलसा तिराहा, बाईपास, रविदास चौक, हिन्दू इंटर कालेज चौराहा, आजाद मार्ग, गांधी मूर्ति तिराहा, टीपी नगर चौराहा से होते हुए जोया से होकर संभल जिले में जाएगी। इस दौरान शहर में कई स्थानों पर कार्यकर्ता यात्रा का स्वागत करेंगे।

गुरुवार को अमरोहा पहुंचे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं सह प्रभारी उत्तर प्रदेश प्रदीप नरवाल ने स्थानीय कांग्रेस नेताओं एवं संगठन पदाधिकारियों के साथ रूट का जायजा लिया और बाद में जोया रोड स्थित एक बैंक्वेट हाल में प्रेस वार्ता के दौरान यात्रा के अमरोहा आगमन की जानकारी साझा की। कहा कि देश के दबे-कुचले और शोषित वर्ग की आवाज बनी

कांग्रेसी कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे

राहुल गांधी की न्याय यात्रा अब तक जिन-जिन राज्यों से गुजरी है वहां जनता का भारी समर्थन मिला है। पश्चिमी यूपी की राजनीति में मुरादाबाद मंडल की भूमिका हमेशा अहम होती है, इसी कारण यूपी में न्याय यात्रा की शुरुआत मुरादाबाद मंडल से हो रही है। नरवाल ने बताया कि 24 फरवरी की सुबह नौ बजे से इस यात्रा का आगाज मुरादाबाद से होगा, इसके बाद साढ़े ग्यारह बजे यह यात्रा पाकबड़ा पहुंचकर अमरोहा जिले की सीमा में प्रवेश करेगी। बताया कि मुरादाबाद मंडल में प्रियंका गांधी भी खास तौर पर इस यात्रा का हिस्सा बनेंगी। अमरोहा के बाद यात्रा संभल जाएगी। प्रेस वार्ता के बाद कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं प्रदेश सह प्रभारी प्रदीप नरवाल, प्रदेश महासचिव सचिन चौधरी व प्रदेश उपाध्यक्ष रिजवान कुरैशी ने संगठन पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक ली। कहा कि ऐतिहासिक यात्रा का भव्य व यादगार स्वागत करने के लिए सभी पूरी ताकत से जुट जाएं। एक-एक कार्यकर्ता घर-घर जाकर पार्टी की नीतियों का प्रचार-प्रसार करे और उन्हें न्याय यात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित करें। इस दौरान प्रदेश सचिव चौधरी सुखराज सिंह, जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया, शहर अध्यक्ष फैज आलम रायनी, महबूब हुसैन जैदी, हाजी खुर्शीद अनवर, पूर्व चेयरमैन अफसर वारसी, तारिक खां, शमीम अय्यूब आदि मौजूद रहे।

अमरोहा। पत्रकारों से वार्ता करते कांग्रेस के सह उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रदीप नरवाल।

परवेज ने किया सड़कों का उद्घाटन

जहां भी जरूरत होगी, वहां सड़क बनवाएंगे

शाह टाइम्स ब्यूरो

अमरोहा। पूर्व विधान परिषद सदस्य (मुरादाबाद-बिजनौर) परवेज अली ने गुरुवार को शहर में विधायक निधि से बनने वाली सडकों का शिलान्यास किया। उन्होंने मोहल्ला बेगम सराय नई बस्ती में असलम के कारखाने से हाजी शमशुउद्दीन के कारखाने की ओर सीसी सडक एवं मोहल्ला तकिया मोतीशाह में दूल्हे हसन के कारखाने से जैद के प्लाट तक सीसी सडक व नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इन सडकों की काफी जर्जर हालत थी व पिछले काफी समय से जनता द्वारा इन को दुरूस्त कराने की मांग उठ रही थी। पूर्व एमएलसी परवेज अली ने कहा कि उक्त सडकों का निर्माण होने से लोगों को आवागमन में सुविधा होगा। कहा कि क्षेत्र की और भी सडकें हैं जिसे दुरुस्त कराया जाएगा और नई सडकें बनाई जाएगी। बोले-विधायक महबूब अली का अमरोहा विधानसभा का चहुमुंखी विकास करना ही एकमात्र लक्ष्य है। क्षेत्र के लोगों की सेवा ही उनकी पहचान है। इस दौरान पूर्व एमएलसी ने जनसमस्याएं भी सुनी तथा समाधान का आश्वासन दिया। नगराध्यक्ष आफताब सैफी, हाजी खालिद सैफी, हाजी शमशुउद्दीन अंसारी, आमिर सैफी, आकिल, दूल्हे हसन मंसूरी, शुऐब मंसूरी, जैद मंसूरी, अजहर मंसूरी आदि उपस्थित रहे।

अमरोहा। सडक का उद्घाटन करते पूर्व एमएलसी परवेज अली।

बुलेट व पांच लाख न मिलने पर तोड़ा रिश्ता

सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स ब्यूरो

अमरोहा। गोद भराई की रस्म और रिश्ता तय होने के बाद लड़के पक्ष ने दहेज में बुलेट और पांच लाख रुपये की मांग कर दी। असमर्थता जताए जाने पर बारात लाने से इनकार कर दिया। मामले में युवती के पिता ने सात लोगों के खिलाफ महिला थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

मामला हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का है। यहां रहने वाले किसान ने अपनी बेटी का रिश्ता गजरौला थाना क्षेत्र के गांव चकनवाला निवासी दीपक के साथ तय किया था। गोद भराई की रस्म में 71 लोग आए थे, सभी को मिलाई में 500-500 रुपये दिए गए, इसके अलावा लड़के को 1.51 लाख और सोने की चेन दी। बाद में रिश्ता हुआ तब भी लड़के को 80 हजार रुपये और सोने की अंगूठी दी। आरोप है कि इसके बाद लड़के के परिजनों ने शादी में पांच लाख रुपये और बुलेट की मांग कर दी लेकिन हैसियत नहीं होने की बात कहकर लड़की के पिता ने मांग पूरी करने से असमर्थता जता दी। विवाद बढ़ने पर मामले में पंचायत भी जुटी लेकिन मसला हल नहीं हुआ। आरोपियों पर मारपीट और बेइज्जत करने का भी आरोप है। लड़की के परिजनों ने जिम्मेदार लोगों को लेकर लड़के के घर गए और पंचायत की। बावजूद इसके उन्होंने मांग पूरी होने से पहले बारात लाने से साफ इनकार कर दिया। आरोप है कि मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित पिता ने महिला थाने में तहरीर दी थी। सीओ अंजलि कटारिया ने बताया कि इस मामले में दीपक, महाराम सिंह, चंद्रवती, लोकेश व दीपक की तीन बहनों के खिलाफ रिपोर्ट कर ली गई है। पूरे प्रकरण की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सऊदी में युवक की मौत से मचा हड़कम्प

बीस दिन पहले ही नौकरी करने गया था

शाह टाइम्स ब्यूरो

अमरोहा। शहर से 20 दिन पहले नौकरी के लिए सऊदी अरब के शहर रियाद गए युवक की बुधवार देर रात अचानक मौत हो गई। आधी रात में सूचना मिलते ही परिजनों के बीच कोहराम मच गया। युवक की मौत का कारण फिलहाल बीमारी बताया जा रहा है। वहीं, जवान बेटे के खोने के गम और आखिरी बार उसकी सूरत न देख पाने के मलाल में मां का रोते बिलखते बुरा हाल है। शव लाने में आ रही अड़चनों के बीच मृतक को वहीं पर सुपुर्दे खाक किए जाने की चर्चा है।

मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कटरा बख्तावर सिंह का है। यहां पर स्व.जमील अहमद का परिवार रहता है। उनके परिवार में पत्नी रेहाना के अलावा तीन बेटियां और दो बेटे हैं। बीते साल उनकी एक जवान बेटी की अचानक मौत हो गई थी जबकि दो बेटे सलमान और सुल्तान काफी वक्त से सऊदी अरब में ही नौकरी कर रहे हैं। बीती दो फरवरी को रेहाना ने अपने 21 वर्षीय छोटे बेटे फैसल को भी नौकरी के सिलसिले में सऊदी अरब के शहर रियाद भेजा था लेकिन वहां पहुंचने के बाद अगले ही दिन फैसल की तबियत अचानक बिगड़ गई। भाइयों ने इलाज भी कराया लेकिन उसकी हालत में कुछ सुधार नहीं आया। उपचार के बीच बुधवार रात आखिरकार फैसल की मौत हो गई। सूचना मिलते ही यहां परिजनों के बीच कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि शव अमरोहा लाने में आ रही अड़चनों के बीच भाइयों ने फैसल को वहीं पर सुपुर्दे खाक करने का फैसला किया है। बताया जा रहा है कि करीब 18 साल पहले फैसल के पिता जमील अहमद की भी सऊदी अरब में मौत हो गई थी तब उनका शव भी घर नहीं आ सका था। पति के बाद बेटे के साथ बने इन हालात के बीच रेहाना का रोते बिलखते बुरा हाल है।

पालिका बोर्ड का 38 करोड़ 63 लाख का बजट पास

बैठक के दौरान कोरम पूरा करने लायक 13 सभासद ही रहे मौजूद

शाह टाइम्स, संवाददाता

गजरौला। नगर पालिका की बोर्ड की बैठक में 38 करोड़ 63 लाख का बजट पास हो गया। इस दौरान हालांकि कोरम पूरा करने के लिये 25 में से 13 सभासद ही मौजूद रहे। बोर्ड की बैठक में सभासदों ने समस्याएं भी रखीं।

बता दें कि नगर पालिका परिषद बोर्ड की 13 फरवरी को आयोजित हुई थी जिसमें मात्र चार-पांच सभासदों ने ही अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी, इस कारण वह बैठक स्थगित करते हुए 19 फरवरी की बैठक निर्धारित हुई लेकिन यह बैठक भी नहीं हो सकी, जिसके बाद 22 फरवरी गुरूवार को बैठक

55 लाख 35 हजार लाभ का बजट

आयोजित की गई। चेयरपर्सन राजेन्द्री उर्फ उमा देवी व ईओ गार्गी त्यागी की उपस्थिति में वरिष्ठ लेखाकर आदेश कुमार अग्रवाल ने बैठक का संचालन करते हुए बोर्ड बैठक का प्रारंभ कराया। सुबह 11 बजे से बुलाई गई बैठक में हालांकि कोरम पूरा करने लायक 13 सभासद ही मौके पर पहुंचे थे, जिनकी उपस्थिति में बजट बैठक कुछ ही मिनटों में सम्पन्न हो गई और इस दौरान 2024-2025 का बजट 38 करोड़ 63 लाख का पास हो गया, जिसके सापेक्ष पूरे वित्तीय वर्ष में 38 करोड़ 07 लाख 65 हजार रूपये व्यय होंगे और इस प्रकार 55 लाख 35 हजार रूपये आय का बजट पास हुआ। बैठक के दौरान वार्ड नंबर 01 के सभासद रौंकी ने पालिका में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया तो वहीं वार्ड 24 के सभासद सरताज अहमद उर्फ कलुआ ने पालिका के कुछ ठेकेदार कर्मचारियों पर पैसे लेकर राशन कार्ड बनाने का आरोप लगाया। वार्ड 13 के सभासद पति फुरकान ने भी राशन कार्ड में गड़बड़ी का आरोप लगाया, अन्य सभासदों ने भी अपने अपने वार्ड की प्रमुख समस्याओं का उल्लेख करते हुए चेयरपर्सन व ईओ का ध्यान आकृष्ट कराया।

गजरौला। पालिका बोर्ड की बैठक लेतीं चेयरपर्सन राजेन्द्री उर्फ उमा देवी व ईओ गार्गी त्यागी।

बोर्ड बैठक होने के बाद पहुंचे कुछ सभासद

बैठक की वीडियोग्राफी कराई गई

शाह टाइम्स संवाददाता,

गजरौला। नगर पालिका बोर्ड की बैठक में बजट पारित हो जाने के बाद कुछ सभासद बैठक में पहुंचे, उन्होंने पूछा तो पता चला कि बैठक नियमानुसार आधे से अधिक सभासदों के पहुंचने के चलते होकर समाप्त हो गई, जिसके बाद सभासद वापस लौट आए। वहीं पालिका द्वारा बोर्ड बैठक की वीडियोग्राफी भी कराई गई।

बता दें कि नगर पालिका बोर्ड में 25 सभासद निर्वाचित हैं, जिनमें से गुरूवार को बजट बोर्ड बैठक में 13 सभासद पहुंचे, कोरम पूरा हो जाने पर बजट बैठक पास हो गई। कुछ समय बाद कुछ और सभासद बोर्ड बैठक में पहुंचे, हालांकि बैठक समाप्त होने की बात सुनकर कुछ देर बाद वापस लौट गए।

गंदगी का मुद्दा भी उठाया

बोर्ड बैठक के दौरान कई सभासदों ने पालिका प्रशासन को खूब खरी खोटी सुनाई। कहा कि धरातल पर विकास नहीं हो रहा है, जिससे लोग अपने अपने क्षेत्र के सभासदों के प्रति रोष जाहिर करते हैं। गंदगी, जल निकासी का भी मुद्दा है, जिसे समाप्त करने का प्रयास पालिका प्रशासन को करना चाहिये। वहीं कार्यालय में कर्मियों के समय से नहीं पहुंचने की शिकायत भी सभासदों द्वारा रखी गई।

सड़क जाम करने जा रहे भाकियू चढ़ूनी के पदाधिकारियों को पुलिस ने रोका

शाह टाइम्स संवाददाता,

गजरौला। सड़क जाम करने जा रहे भाकियू चढ़ूनी गुट पदाधिकारियों को पुलिस ने रोक दिया। मौके पर हंगामा खड़ा हो गया। गुस्साए पदाधिकारियों की पुलिसकर्मियों के साथ धक्का मुक्की व खींचातान भी हुई। जिसके बाद पुलिस ने कार्यकर्ताओं को संगठन जिलाध्यक्ष के घर पर हाउस अरेस्ट कर लिया। कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए मोहल्ले के बाहर पुलिस बल भी तैनात कर दिया गया।

दिल्ली में किसान आंदोलन लगातार जारी है। जिले के किसान संगठन पदाधिकारियों का गुस्सा भी इसको लेकर लगातार बढ़ता जा रहा है। भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी गुट के जिलाध्यक्ष नरेश चौधरी ने गुरुवार दोपहर दिल्ली में चल रहे किसान आंदोलन के समर्थन में सड़क जाम करने की चेतावनी दी थी। जानकारी पर पुलिस टीम जिलाध्यक्ष के मोहल्ला अवंतिका नगर स्थित आवास पर जा पहुंची। मौके पर कार्यकर्ता जमा हो रहे थे। इस बीच जैसे ही कार्यकर्ता सड़क जाम करने के लिए जिलाध्यक्ष के आवास से बाहर निकले तो पुलिस ने उन्हें रोक दिया। इसको लेकर मौके पर जमकर हंगामा हुआ। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन, अपराध निरीक्षक बालेन्द्र सिंह, कस्बा इंचार्ज अरूण कुमार गिरि ने पुलिस बल के साथ सभी संगठन कार्यकर्ताओं को जिलाध्यक्ष के आवास पर हाउस अरेस्ट कर लिया। वहीं जिलाध्यक्ष ने कहा कि एमएसपी गारंटी कानून बनाने, किसानों के सभी तरह के कर्ज माफ करने, वृद्ध किसानों को मासिक पेंशन देने समेत अन्य मांगों को लेकर संगठन पदाधिकारी आगे भी लगातार अपनी आवाज को उठाते रहेंगे। इस दौरान प्रदीप चौधरी, रवि चौधरी, संजीव चौधरी, अभिषेक चड्ढा, संदेश चड्ढा, देव चौधरी, हिमांशु, जगदेव सिंह, रविंद्र सिंह, तस्लीम सैफी, नफीस मेवाती, जाकिर, चरण सिंह, सोनू यादव, समरपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

■ पुलिस व भाकियू नेताओं के बीच हुई खींचातान

गजरौला। सड़क जाम करने जा रहे भाकियू चढ़ूनी के पदाधिकारियों को रोकती पुलिस।

शबे बारात के जलसे में व्यवस्थाओं की मांग

मुस्लिम कमेटी ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

शाह टाइम्स ब्यूरो

अमरोहा। मुस्लिम कमेटी पदाधिकारियों ने शब-ए-बारात के मद्देनजर एसडीएम सुधीर कुमार को ज्ञापन सौंपते हुए प्रशासनिक स्तर पर सुविधाओं की मांग की है।

गुरुवार को कमेटी पदाधिकारियों की एक बैठक शहर के मुहल्ला कुरैशी स्थित अलीजान मंजिल में कैंप कार्यालय पर हुई। जिसमें शब-ए-बारात पर चर्चा की गई। यहां से पदाधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल सीधे तहसील पहुंचा और एसडीएम सदर को सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपते हुए 25 फरवरी की रात शहर में अनार वाली जियारत पर होने वाला जलसा (महफिले नूर) में सुविधाओं की मांग की। नगर पालिका अमरोहा की ओर से जलसे में बिजली, पेयजल व सफाई व्यवस्था के अलावा इबादत के मद्देनजर जिलेभर के कब्रिस्तानों, मस्जिदों व खानकाहों के आसपास विशेष अभियान चलाकर सफाई कराने, निर्बाध बिजली व पेयजल आपूर्ति के साथ ही असमाजिक व शरारती लोगों की निगरानी के लिए गांधी मूर्ति चौक, आंबेडकर पार्क तथा रेलवे स्टेशन पर पुलिस बल की तैनाती कराने की मांग प्रमुख रही। इस दौरान अध्यक्ष सरताज आलम मंसूरी, सचिव हबीब अहमद, हाजी खुर्शीद अनवर, मंसूर अहमद, कमर नकवी, इकरार अहमद, दानिश सिद्दीकी, यासिर अंसारी, अमजद इदरीसी, जफर शाह खां, शौकीन मंसूरी आदि मौजूद रहे।

मनरेगा मजदूरों के मोबाइल नम्बर अपडेट करने की मांग

कार्यक्रम अधिकारी ने ली रोजगार सेवकों की बैठक

शाह टाइम्स संवाददाता

मंडी धनौरा। ब्लॉक सभागार में मनरेगा योजना से संबंधित समीक्षा बैठक का आयोजन (परियोजना निदेशक) ब्लाक कार्यक्रम अधिकारी अमरेंद्र प्रताप की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। उन्होंने विभिन्न योजनाओं से संबंधित जानकारी लेते हुए रोजगार सेवकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मनरेगा कार्य में किसी भी प्रकार के लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गुरुवार को ब्लॉक सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान ब्लाक कार्यक्रम अधिकारी अमरेंद्र प्रताप ने रोजगार सेवकों को नरेगा कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि विकास कार्यो में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। मनरेगा योजना के तहत कार्य करने वाले सभी मजदूरों के मोबाइल नंबर अपडेट किए जाएं। कहा कि रोजगार सेवक प्रत्येक राजस्व ग्रामों में प्रगति के साथ काम करवाएं तथा मजदूरों का समय से भुगतान सुनिश्चित करें। उन्होंने रोजगार सेवकों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि गांव में भ्रमण के दौरान कार्य होता हुआ नहीं पाया गया तो रोजगार सेवक और सचिव के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में सभी रोजगार सेवक व सचिव मौजूद रहे। इस दौरान खंड विकास अधिकारी विजय सक्सेना, एपीओ मुकेश रावल, रोजगार सेवक संघ के जिला अध्यक्ष कुबेर सिंह, इकबाल, अमित कुमार, मांधाता सैनी आदि मौजूद रहे।

अवैध रूप से धड़ल्ले से हो रहा खनन

प्रशासन के दावे खोखले साबित

शाह टाइम्स संवाददाता

हसनपुर। बिना अनुमति लिये हुए खनन माफिया प्रशासन की लापरवाही के चलते खुलेआम खनन कर रहे है। माफिया को रोकने की प्रशासन हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है।

नौगावां विधानसभा क्षेत्र में कई गांवों में खनन माफिया बिना अनुमति लिये हुए धड़ल्ले के साथ किसानों के खेतों का पेट चीरकर उसमें खनन किया जा रहा है। माफिया भोले भाले किसानों को थोड़ा बहुत पैसा देकर उनके खेतों में खनन कर रहे है। ऐसा नहीं की माफियाओं की करतूत के बारे में प्रशासन को पता न हो। लेकिन वह माफिया द्वारा किये जा रहे इस गोरख धंधे पर हाथ डालने की हिम्मत नहीं टूटा पा रहे है। या यूं कहा जाये की प्रशासनिक अधिकारियों की मिली भगत के चलते ही बड़े पैमाने पर खनन किया जा रहा है। हालांकि अधिकारी दावा करते हैं कि अवैध खनन नहीं किया जा रहा है। लेकिन रात के अंधेरे में अवैध खनन की मिट्टी ले जा रहे ट्रैक्टर ट्राली प्रशासन के दावों की पोल खोल रहे है।

अमरोहा। उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते मुस्लिम कमेटी के पदाधिकारी।

भाजपा नेता पर दिगम्बर जैन समाज ने लगाया भूमि कब्जे का आरोप

एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

मंडी धनौरा। भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष पर बाजार में सहन की जगह कब्जाने का आरोप लगाते हुए दिगम्बर जैन समाज ने उप जिलाधिकारी चंद्रकांता को ज्ञापन सौंप कर कार्यवाही की मांग की है। बृहस्पतिवार को दिगम्बर जैन समाज के लोग उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। जैन समाज का आरोप है कि अग्रसेन बाजार में मुस्तर का सहन है। जिसमे पूर्व में रात्रि रामलीला होती थी। वर्तमान में सीता स्वयंबर का मंचन तथा शिवरात्रि पर कांवरियों के लिए भंडारे का आयोजन होता है। सहन में प्राचीन शिव मंदिर भी स्थित है। इसी सहन में भाजपा नेता की दुकान भी है। नगरपालिका द्वारा इस सहन में सौंदर्यकरण के तहत इंटरलाकिंग ईंट लगवाई जा रही थी। जिसे भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष राजीव अग्रवाल ने भूमि का बैनामा अपने पुत्र सूरज अग्रवाल के नाम बताते हुए रोक दिया। दिगम्बर जैन समाज ने समाज के हित मे उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौपकर सहन को कब्जामुक्त कराकर बाकी बचे सहन में इंटरलॉकिंग कराने के आदेश नगरपालिका को पारित कराए जाने की मांग की है। ज्ञापन पर नीरज जैन, डॉ अनिल जैन, प्रेम जैन, अर्पित जैन, राजू जैन, राजकुमार जैन आदि के हस्ताक्षर मौजूद थे। उप जिलाधिकारी चंद्रकांता ने बताया कि कार्यालय पर आए कुछ लोगों द्वारा ज्ञापन के माध्यम से जानकारी दी गई है मामले की जांच कर कर नियमनुसार कार्यवाही कराई जा रही है।

अग्रवाल सभा के अध्यक्ष विरेन्द्र बंसल व प्रमोद प्रबंधक निर्वाचित

शाह टाइम्स संवाददाता,

गजरौला। नगर की अग्रवाल सभा के अध्यक्ष के रूप में विरेन्द्र बसंल का नाम सर्वसम्मति से तय हो जाने के बाद उनका निर्विरोध निर्वाचन हुआ। वहीं अन्य पदों पर भी निर्विरोध निर्वाचन सम्पन्न होने के बाद एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया गया। नवमनोनीत अध्यक्ष विरेन्द्र बंसल ने समाज के सभी लोगों को एक साथ लेकर चलने, उनके सुख दुख में बराबर का साझीदार बनने के प्रतिवद्धता दोहराई। बता दें कि अग्रवाल सभा की नवीन कार्यकारिणी के गठन हेतु 21 फरवरी को नामांकन पत्रों की बिक्री हुई थी, वहीं आज गुरूवार को नामांकन पत्र दाखिल होने थे, लेकिन समाज के लोगों ने मिल बैठकर आपसी सहमति से विरेन्द्र बंसल का नाम निर्विरोध रूप से अध्यक्ष पद हेतु रखा, जिसे सबने सहमति दी। वहीं प्रमोद कुमार सिंघल प्रबंधक, राजीव कुमार मित्तल वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राजीव गोयल व ईशान अग्रवाल उपाध्यक्ष मनोनीत हुए। निर्विरोध निर्वाचन सम्पन्न होने के बाद पदाधिकारियों का फूल मालाओं से स्वागत किया और सभी ने ढ़ोल नगाड़ों के साथ खुशी का इजहार किया। इस दौरान सुबोध कुमार सिंघल, अनुज अग्रवाल, विवेक उर्फ हैप्पी बंसल, सुनील गुप्ता, कपिल सिंघल, प्रमोद अग्रवाल, रोबिन बंसल, सचिन बंसल आदि समेत अनेकों मौजूद रहे।

■ आपसी सहमति के बाद निर्विरोध हुआ निर्वाचन

मशहूर चिकित्सक डा. विनोद का देहांत

शाह टाइम्स संवाददाता

हसनपुर। जाने माने चिकित्सक एवं वरिष्ठ समाजसेवी डॉ विनोद कुमार अग्रवाल का निधन होने से शहर में शोक की लहर दौड़ गई। परिवार को ढांढस बंधाने वालों का तांता लगा रहा।

नगर का मोहल्ला कायस्थान निवासी डॉक्टर विनोद कुमार अग्रवाल का 85 वर्ष की उम्र में मुरादाबाद में निधन हो गया। उसके बाद उनके चिकित्सक बेटे डॉक्टर पल्लव कुमार अग्रवाल उनके पार्थिक शरीर को लेकर पृतक मकान हसनपुर पहुंच गये। जैसे ही यह खबर शहर के लोगों को लगी तो गमजदा परिजनों को ढांढस बंधाने के लिए लोग उनके घर पहुंचने शुरू हो गये। डॉक्टर विनोद कुमार अग्रवाल ने किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज लखनऊ से 1963 में एमबीबीएस किया था। उसके बाद उनका चयन सरकारी मेडिकल ऑफिसर के पद पर हो गया था। लेकिन डॉक्टर विनोद कुमार अग्रवाल ने तो गरीबों की सेवा करने का मन बना लिया था। इसी के चलते उन्होंने सरकारी मेडिकल ऑफिसर के पद से इस्तीफा दे दिया। उसके बाद डॉक्टर विनोद कुमार अग्रवाल ने नगर में अपना क्लीनिक खोल लिया तथा जनता की सेवा करने लगे। डॉ विनोद अग्रवाल 1973 में रोटरी क्लब से जुड़ गये तथा विभिन्न पदों पर रहकर गरीबों की निस्वार्थ भाव से सेवा करने लगे। डॉ विनोद कुमार अग्रवाल के दो बेटे है। जिनमें पल्लव कुमार अग्रवाल नेत्र चिकित्सक है तथा मुरादाबाद में रहते है। उनके दूसरे बेटे पंकज कुमार अमेरिका में इंजीनियर है। शुक्रवार की सुबह वह अमेरिका से अपने पिता के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए हसनपुर पहुंचेंगे।

भाजपा सरकार में जमकर हो रहा विकास

शाह टाइम्स संवाददाता

हसनपुर। विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने कहा कि भाजपा सरकार बिना भेदभाव किये हुए देश प्रदेश का विकास कर रही है।

गुरुवार को विधानसभा क्षेत्र के ग्राम शाहपुर कलां से फूलपुर बीझलपुर जाने वाले मार्ग तक 200 मीटर लम्बी सीसी रोड का विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने लोकार्पण किया। 2400 मीटर लंबी डामर रोड एवं नाली का फीता काटकर शिलान्यास किया। विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार ने विकास कराकर तमाम रिकार्ड को तोड़ दिया है। हसनपुर विधानसभा क्षेत्र में भी सड़कों का जाल बिछाया गया है। इस मौके पर विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी,जिला उपाध्यक्ष मयंक अग्रवाल,क्षेत्र पंचायत सदस्य विधायक पुत्र देवेंद्र सिंह खड़गवंशी,रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य निवर्तमान मंडल अध्यक्ष आदमपुर एडवोकेट शिवकुमार खड़गवंशी, नंदन सिंह खड़गवंशी, जगत सिंह खड़गवंशी, रघुवीर सिंह खड़गवंशी, भूप सिंह खड़गवंशी, जयप्रकाश सिंह खड़गवंशी, राधे लाल सिंह खड़गवंशी, डा.राजकुमार सिंह खड़गवंशी एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

लिपिक वर्ग सेवा नियमावली को लागू किया जाए

अमरोहा। उत्तर प्रदेश मिनिस्ट्रीयल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ ने ग्रेड वेतन उच्चीकरण समेत विभिन्न मांगों को पूरा कराने की मांग को सीएम को संबोधित ज्ञापन शिक्षक विधायक डा. हरि सिंह ढिल्लो को सौंपा। कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ के कर्मचारी शिक्षक विधायक डा. हरि सिंह ढिल्लो के आवास पहुंचे जहां उन्होंने बताया कि पिछले एक साल से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलित हैं। परन्तु अभी तक उनकी मांगे पूरी नहीं हुई हैं। उनकी प्रमुख मांगे हैं कि ग्रेड वेतन उच्चीकरण की मांग शासन स्तर से सभी औपचारिकताएं पूर्ण हो चुकी हैं परन्तु इसे अभी मंत्री परिषद की बैठक में नहीं रखा गया है। कलेक्ट्रेट लिपिक वर्ग नियवमली 2011 को अभी तक लागू नहीं किया गया है। इन्हीं मांगों को लेकर उन्होने 19 फरवरी को कलेक्ट्रेट मुख्यालय पर धरना दिया था। उन्होंने डा. ढिल्लो से मांग की कि वह कलेक्ट्रेट कर्मचारियों की मांगों को जल्द से जल्द पूरा करायें। ज्ञापन सौंपने वालों में संघ के अध्यक्ष राजीव सिंह, महामंत्री शैलेन्द्र शर्मा, राजेन्द्र सिंह, दयाराम सिंह, उपेन्द्रनाथ त्रिवेदी, मनदीप कौर, श्याम सिंह, सौविन्द्र सिंह, धर्मेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहें।

चामुंडा देवी मन्दिर का रास्ता खुलवाने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

ढवारसी। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री शिकायत पोर्टल पर चामुण्डा देवी मंदिर के रास्ते पर दबंगों द्वारा किए गए कब्जे को हटवाने की मांग की है।

गंगेश्वरी ब्लाक के दमगडा गांव में गांव के उत्तर दिशा में चामुण्डा देवी मंदिर स्थापित है । मंदिर के नाम पर राजस्व अभिलेखों में लगभग पौन वीघा जमीन दर्ज है तथा मंदिर के जाने के लिए चकरोड है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के दबंग लोगों ने मंदिर की भूमि तथा चकरोड की भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया है। जिससे मंदिर को पूजा अर्चना के लिए जाने वाले श्रृद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में तैनात लेखपाल से मंदिर के रास्ते व भूमि से अवैध कब्जा हटवाने की मांग की लेकिन लेखपाल द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर भूमि को कब्जा मुक्त कराने की मांग है। शिकायत दर्ज कराने वालों में ग्राम प्रधान शंकर, ब्रजेश कुमार, महीपाल सिंह, किशनलाल, धनवीर, दिनेश, नरेश, लोकेश आदि के हस्ताक्षर हैं।

किसानों को समय से जारी हो पर्चियां

भाकियू शंकर ने जताई नाराजगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

अमरोहा। भाकियू शंकर ने वेब चीनी मिल समेत कई मिलों पर किसानों को गन्ने की पर्चियां समय से उपलब्ध न कराने का आरोप लगाया।

भाकियू शंकर की गांव फरीदपुर में बैठक हुई। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष दिवाकर चौधरी ने कहा कि पश्चिमी यूपी की ज्यादातर चीनी मिले इस समय गन्ना आपूर्ति क्षमता अनुसार नहीं कर रहीं। कुछ चीनी मिलें चार से दस मार्च में बंद हो रही हैं। इस कारण किसानों को दूसरी चीनी मिलों पर गन्ना आपूर्ति करने का मौका देना चाहिए। जबकि बाद में चीनी मिलों द्वारा एक एक किसान को दस-दस पर्ची आवंटित की जाती हैं। वेब शुगर मिल भी किसानों को समय पर गन्ने की पर्ची उपलब्ध नहीं करा रही। बैठक में मंगत राकेश, ऋषिपाल, सेंसरपाल, टीकाराम सैनी, भोलू प्रधान, सतवीर सिंह, विक्रम पंवार, सुधाकर सिंह, रीना, दीपांशी, रानी, प्रियंका, जितेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

सालाना जलसे में आलिमाओ ने समाजिक बुराईयों को दूर करने का किया आहवान

रटौल। गुरूवार को इस्लामिक मदरसे मे हुए सालाना जलसे के पहले दिन तकरीर करते हुए आलिमा आसिया ने कहा की महिलाओं के लिए अदब और पर्दा बहुत जरूरी है उन्होंने कहा समाज मे फैली बुराइयों को सबको मिलकर दूर करना चाहिए। रटौल में बस स्टेंड पर स्थित मदरसा मो. हसिन उलउलूम में दो दिवसीय सालाना जलसे का आयोजन किया गया जिसमे गुरुवार को महिलाओं के लिए जलसे का आयोजन हुआ जिसमे तकरीर करते हुए आलिमा सादिया ने कहा की महिलाओं के लिए पर्दा बहुत जरूरी है जिसका सबको अहतराम करना चाहिए। उन्होंने कहा की चुगलखोरी एक ऐसा शब्द है जो आपको जहन्नुम तक ले जा सकता है।

कछला रेलवे ब्रिज के पास चलती ट्रेन से अज्ञात यात्री की गिरकर हुई मौत

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त शुरू

शाह टाइम्स ब्यूरो

बदायूं। गुरुवार को बदायूं की उझानी कोतवाली क्षेत्र के कछला रेलवे ब्रिज के पास चलती ट्रेन से 50 वर्षीय अज्ञात यात्री की गिरकर मौत हो गई। ट्रेन बरेली से कासगंज जा रही थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई।

पुलिस ने अज्ञात यात्री के शव को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम हाउस भेजा है। पुलिस अज्ञात यात्री की शिनाख्त करने में जुटी हुई है।

हाईटेंशन के टूटे हुए तार से चिपककर युवक की हुई दर्दनाक मौत

बिसौली। परवेजनगर बिजलीघर से जुड़े गांव जरारा में बीती रात हाईटेंशन के टूटे हुए तार से चिपककर एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक के चाचा की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। कोतवाली क्षेत्र के गांव जरारा निवासी नरेश के खेत में बीती शाम हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर गिर गया। ग्रामीणों के मुताबिक इसकी सूचना परवेजनगर बिजलीघर के फोन पर देकर लाइन बंद करने को कहा। लेकिन अधिकारी व कर्मियों ने कोई कार्यवाही नहीं की। बुधवार रात गांव निवासी युवक राजेश पुत्र धूमसिंह खेत पर शौच करने गया। तभी उसका पांव टूटे हुए तार पर पड़ गया।

युवक की करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। युवक की मौत की सूचना पर परिजन और गांव वाले मौके पर पहुंच गए। बृहस्पतिवार को मृतक के परिजन और ग्रामीण कोतवाली पहुंचे। मृतक के चाचा रमेश यादव की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

टेहरा में गंदगी का साम्राज्य, सफाई अभियान बेअसर, कभी भी फैल सकती हैं संक्रामक बीमारी

शाह टाइम्स संवाददाता

उघैती। स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत अभियान सहसवान विकास खण्ड के ग्राम पंचायत टेहरा मे पूरी तरह से फ्लॉप दिख रहा है।गांव में नलियां नाले बजबजा रहे हैं। जिससे गुस्साए ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान के खिलाफ जमकर नारेबाजी की है। विकास विभाग में तैनात सफाई कर्मियों की लापरवाही एवं अफसरों की उदास. ीनता भी काफी हद तक इसके लिए जिम्मेदार हैं। बस्ती के लोगों के मुता. बिक गांव मे कोई सफाई कर्मी नही आया हैं। वही सड़क किनारे नाले नालियां ना होने सड़क पर बहते हुए पानी की वजह से जलभराव रहता हैं। ग्रामीणों ने समस्या की समाधान को कई बार अफसरों को अर्जियां दीं, लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ। इससे नाराज होकर ग्रामीणों ने रोड पर खड़े होकर प्रधान के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है, अगर शीघ्र समाधान ना हुआ, तो ब्लॉक मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन में गांव के गुड्डू

,हरनन्दन ,संजीव, भारत सिंह, धर्मवीर, वीरेश, राजीव,घनश्याम, रनवीर, गुलाब सिंह, रामशाय, गिरीश ,योगेश मौजूद रहे।

अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर

बदायूं। जनपद संभल के धनारी थाना क्षेत्र के बगढ़ैर गांव निवासी 23 वर्षीय चाचा छत्रपाल पुत्र भोपाल तथा 21 वर्षीय नवल किशोर पुत्र बदन सिंह बाइक पर सवार होकर किसी रिश्तेदारी में जा रहे थे।

थाना बिसौली क्षेत्र के रमपुरिया और भानपुर गांव के बीच भट्टे के पास अज्ञात वाहन ने बाइक सवार चाचा-भतीजा को टक्कर मार दी। जिसमें चाचा छत्रपाल की मौत हो गई।

सपा राष्ट्रीय सचिव बोले : तीसरी बार मोदी का पीएम बनना तय, विपक्ष कमजोर, फोटो सेशन तक सिमटी सपा

शाह टाइम्स ब्यूरो

बदायूं । समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व दर्जामंत्री आबिद रजा ने कहा कि सन 2019 में स्वर्गीय माननीय मुलायम सिंह यादव को यह एहसास हो गया था कि विपक्ष कमजोर है और उसका नतीजा था कि पांच सीटें मिलीं। उन्होंने क्लीयर कट कह दिया कि नरेंद्र मोदी को उन्होंने दोबारा प्रधानमंत्री बनने की कही थी।

आबिद अपने आवास पर पत्रकारों से रूबरू थे। कहा कि आज हालात जैसे दिखते हैं, मैं बिल्कुल प्रेस के माध्यम से यह कहने में संकोच नहीं है, मैं सच बोलता हूं और इसकी बहुत सजा मिलती है। आज विपक्ष इतना कमजोर है कि नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना तय माना जा रहा है। गठबंधन पर तंज कसते हुए कहा कि चंद सीटें आप जीत लें कुछ संघर्ष करके बट विपक्ष में लड़ाई आपस में इतनी है कि न हिंदू वोट को सहेजने की कोशिश की जा रही है न मुसलमान वोट की नाराजगी दूर की जा रही है।

फोटो सेशन तक रह गई पार्टी : सपा को घेरते हुए कहा कि आज न कोई संघर्श किया जा रहा है। न कोई विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। बल्कि संघर्श के नाम पे फेसबुक, ट्वीटर व फोटो सेशन तक पार्टी रह गई है।

मुसलमान पोस्टर और नारे लगाने तक बचा : कहा कि 20 प्रतिशत मुसलमान आखिर कब तक टिकट का मो. हताज बना रहेगा। क्या मुसलमान के हिस्से में राजनीति में पोस्टर लगाना, नारे लगाना, कुर्सिया बिछाना, माईक व टैण्ट लगाना ही बचा है। गठबंधन करके मुसलमान की अनदेखी यह सोचकर और की जाती है कि अब मुसलमान जायेगा कहां। कई चुनाव में गठबंधन करने के बावजूद जीत हासिल तो नहीं हो पा रही है लेकिन मुसलमान वोट की कद्र, कीमत और एहमियत जरूर खत्म होती जा रही है।

नहीं उठाई जायज आवाज : कहा कि पूरे पांच साल मुसलमान की जायज बातो पर आवाज तक नहीं उठाई जाती। मुसलमानों के हक में कोई धरना प्रदर्शन तो छोड़ो कोई ब्यान तक जारी नहीं किया जाता। चुनाव नजदीक आते ही कहीं मुसलमान 5 साल अपनी आप बीती पर शिकायत करके नाराज ना हो। उसके वोट देने के विकल्प खत्म करने के मकसद से गठबंधन करके मुसलमान को वे वोट देने पर मजबूर किया जा रहा है जो अल्लाह की नजर में गलती नहीं ब्लकि गुनाह है।

नगर के साई मंदिर और मंडी समिति में हुआ विशाल भंडारे का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

बिसौली। माघ मास में नगर की सांई विहार कालोनी स्थित सांई मंदिर और मंडी समिति में विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। दोनों जगह बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद चखा। सांई मंदिर में भंडारे के आयोजक धर्मेन्द्र वार्ष्णेय, डा. गुंजन गुप्ता, पीयूषमुरारी वार्ष्णेय आदि प्रमुखता से मौजूद रहे। वही मंडी समिति में मंडी सचिव रिंकू लाल कश्यप, वीर सिंह शाक्य, राजेश सिंह, रजनीश वार्ष्णेय, सचिन, अमित अग्रवाल, राजू वार्ष्णेय, संकल्प दीप, संजीव यादव, सचिन शाक्य, संदीप गुप्ता, अमन, अशोक यादव, राहुल यादव आदि मौजूद रहे।

कल अयोध्या धाम जाएंगे 5100 रामभक्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

बदायूं। भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी आशीष शाक्य ने बताया अयोध्याधाम में प्रभु श्रीरामलाल के दर्शन के लिए जनपद बदायूं से 5100 रामभक्त कल सुबह 6:00 बजे रवाना होंगे। इसके लिए बड़ी तैयारी की गई है, 101 बसें एवं 51 कार से रामभक्त जाएंगे। दातागंज में सुबह 07 बजे भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता व अन्य जनप्रतिनिधि रामभक्तों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। सभी रामभक्त शाम 07 बजे अयोध्या पहुँचेगें और टेंट सिटी में रात्रि विश्राम करेंगे एवं 24 फरवरी को प्रात: काल में सरयू में स्नान करने के बाद हनुमानगढ़ी व श्री रामलला के दर्शन करेंगे। फिर 24 फरवरी को दोपहर बाद बदायूँ के लिए वापसी करेंगे।

एक नजर

29 फरवरी को होंगे मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह

कामिल खान, शाह टाइम्स ब्यूरो

बदायूं। जिला समाज कल्याण अधिकारी राम जनम ने अवगत कराया है कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित उ0प्र0 सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह' योजनान्तर्गत जनपदघ्घ में वित्तीय वर्ष 2023-24 में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग एवं सामान्य वर्ग के निर्धन/गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों के सामूहिक विवाह का आयोजन 29 फरवरी, 2024 को जनप्रतिनिधियों एवं समाज के गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति में मेगा इवेण्ट के रुप में आयोजित किया जाएगा। आवेदक को ऑनलाईन आवेदन समस्त आवश्यक औपचारिकतायें पूर्ण कराकर सम्बन्धित विकास खण्ड/नगर निकाय में निर्धारित तिथि से पूर्व जमा करना होगा।

सामूहिक विवाह के आयोजन स्थलों की सूचना पृथक से दी जाएगी। योजना का उद्देश्य-गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले समाज के ऐसे जरुरतमंद, निराश्रित एवं निर्धन परिवारों की विवाह योग्य कन्याओं के विवाह हेतु आर्थिक सहायता उपलब्ध कराते हुए उनकी रीति-रिवाज के अनुसार विवाह/निकाह सम्पन्न कराकर सर्वधर्म समभाव एवं सामाजिक समरसता तथा दहेज मुक्त विवाह का संदेश दिया जाएगा। योजना की पात्रता- 1-कन्या के अभिभावक उ0प्र0 के मूल निवासी हो। 2-कन्या के अभिभावक निराश्रित,निर्धन एवं जरुरतमंद हों। 3-आवेदक के परिवार की वार्षिक आय सीमा रु0 2.00 लाख तक वार्षिक निर्धारित की गयी है। 4-सामूहिक विवाह हेतु किये गये आवेदन में पुत्री/कन्या की आयु शादी की तिथि को 18 वर्ष तथा वर की आयु 21 वर्ष या उससे अधिक होना अनिवार्य है। आयु की पुष्टि के लिए स्कूल शैक्षिक रिकार्ड,जन्म प्रमाण पत्र,मतदाता पहचान पत्र,मनरेगा जॉब कार्ड,आधार कार्ड मान्य होगा।

26 फरवरी को होगी जिला सैनिक बन्धु की बैठक

कामिल खान, शाह टाइम्स ब्यूरो

बदायूं। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कमाण्डर पूरनमल ने अवगत कराया है कि जनपद बदायूँ के समस्त भूतपूर्व सैनिकों/दिवगंत सैनिकों की विधवाओं को सूचित किया जाता है, कि उनके कल्याणकारी समस्त समस्याओं के निराकरण हेतु जिला सैनिक बन्धु की बैठक जिलाधिकारी एल कोई समस्या है तो वह अपना प्रार्थना-पत्र दो प्रतियों में लेकर उक्त बैठक में उपस्थित हो सकते हैं।

जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति किया जागरुक

शाह टाइम्स संवाददाता

बिल्सी। नगर पालिका परिषद प्रांगण में केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही (वैन) हमारा संकल्प विकसित भारत यात्रा के तहत चलाए जा रहे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम स्थल पर नगर में संचालित योजनाओं के स्टाल लगा कर सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के बारे में बताया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न सुविधाओं के बारे में जागरूकता सुनिश्चित कराना है। आई हुई वैन के माध्यम से उपस्थित व्यक्तियों को कैलेण्डर, कैप, टीशर्ट वितरण किये गये। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष ज्ञानदेवी सागर, ईओ डॉ० शैलेन्द्र कुमार सिंह, पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश सागर, दीपक चौहान, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक स्वाले, गगन राठी, विवेक राठी, महेश शर्मा, पिंकी कावरा, राजीव शर्मा, युधिष्ठर सिंह, निशांत वार्ष्णय, उमेश बाबू, प्रखर माहेश्वरी, धर्मवीर शाक्य, प्रदीप गुप्ता, विकास सागर, सुभाष माहेश्वरी आदि मौजूद रहे।

पति से परेशान महिला ने पुलिस को सुनाई समस्या

शाह टाइम्स संवाददाता

बदायूं। यूपी : प्रदेश के जिले बदायूं की कोतवाली दातागंज में एक महिला अपने पति से परेशान होकर इंस्पेक्टर क्राइम राजीव कुमार के पास आई , दरअसल महिला अपने पति से काफी परेशान थी।

पति और परिजनों ने महिला से मारपीट कर उसे घर से भगा दिया था। महिला ने बताया कि मैं अभी मायके ग्राम महला में रह रही हूँ मै बहुत परेशान हूं। मेरा पति का नाम राजवीर है, मेरा ससुराल थाना कदरचौक क्षेत्र में है , मैं अपनी छोटी छ: माह की बच्ची को लेकर थाने पर आई हूं, बच्ची की तबीयत भी खराब रहती है , मैं आपने पति से परेशान हूं

वह और उसके परिवार वाले मारपीट झगड़ा करते हैं , इस दौरान इंस्पेक्टर क्राइम राजीव कुमार ने मानवता का परिचय देकर महिला को व उसकी बच्ची को पानी की बोतल और बिस्कुट क्रैक्स आदि बच्ची को मंगा कर दिए साथ ही समस्या को शांतिपूर्वक सुन कर महिला को न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया।

प्रशासन की कड़ी निगरानी में हाई स्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाएं शुरू हुई

शाह टाइम्स ब्यूरो

बदायूं। गुरुवार को प्रशासन की निगरानी में हाई स्कूल और इंटरमीडिएट की यूपी बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हो गई। वहीं प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चाक-चौबंद व्यवस्थाएं की गई है। हर परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। प्रशासन ने नकल विहीन परीक्षा करने का संकल्प लिया है।

परीक्षार्थियों को कोई परेशानी न हो इसके लिए परीक्षा केद्रों पर उचित व्यवस्थाएं की गई है। वही मजिस्ट्रेट और सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा उड़न दस्ता परीक्षा केद्रों पर निगाह बनाए हुए हैं। परीक्षा केंद्रों की निगरानी के लिए कंट्रोल रूम बनाया गया है। जहां से जिलाधिकारी तथा अन्य अधिकारी कमांड कर रहे हैं। इसके अलावा सभी परीक्षा केद्रों पर भारी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात किया गया है। हाई स्कूल और इंटरमीडिएट की दो पाली में परीक्षाएं हो रही है। परीक्षा केद्रों पर भारी संख्या में परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचे।

एल्फाबेट किंडर गार्डन स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया

शाह टाइम्स संवाददाता

बिसौली। एल्फाबेट किंडर गार्डन स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए।

वर्निका यादव को स्टूडेंट आफ द ईयर की ट्राफी दी गई। मुरादाबाद से आए जादूगर अंकुश ने हैरतंगेज जादू से बच्चों का भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना व स्वागत भाषण से हुआ। भारती अग्रवाल व मुदित अग्रवाल ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के 65 विजेताओं को पुरुस्कृत किया। सुभाष चंद्र अग्रवाल व मुदित अग्रवाल ने शिक्षा के साथ साथ संस्कारों के बारे में विस्तार से बताया। भारती अग्रवाल ने सभी शिक्षिकाओं व अभिभावकों के सहयोग पर आभार जताया।

कड़ी निगरानी के बीच हुई बोर्ड की परीक्षा शांति पूर्ण तरीके से संपन्न

शाह टाइम्स संवाददाता

बिसौली। कड़ी निगरानी के बीच यूपी बोर्ड की परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुई। जीजीआईसी केन्द्र पर पहली पाली में हाईस्कूल हिंदी विषय की परीक्षा के दौरान 380 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। यहां कुल 11 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में इंटरमीडिएट हिंदी विषय की परीक्षा में 358 परीक्षार्थी उपस्थित व 10 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। सावित्री देवी, मानसी ठक्कर, सृष्टि मिश्रा, दीपा, लालती देवी आदि शिक्षिकाओं ने व्यवस्थाएं देखीं। वहीं मदनलाल इंटर कालेज में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट हिंदी विषय की परीक्षाएं शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई। बाह्य केन्द्र व्यवस्थापक पीयूष पाराशरी ने बताया कि हाईस्कूल परीक्षा में 422 व इंटरमीडिएट परीक्षा में कुल 479 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। यहां प्रधानाचार्य नरेन्द्र पाल सिंह, स्टेटिक मजिस्ट्रेट अक्षय सुमन झा उपस्थित रहे। इधर सिद्ध बाबा इंटर कालेज शरह बरौलिया में हाईस्कूल हिंदी विषय की परीक्षा में पंजीकृत 444 परीक्षार्थियों में से 38 अनुपस्थित रहे। केंद्र व्यवस्थापक डॉ नरेश चन्द्र, स्टेटिक मजिस्ट्रेट रतनलाल सिंह, अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक हेमेंद्र सिंह, राजकुमार शर्मा, प्रवीण मिश्रा, अश्वनी शर्मा ने परीक्षार्थियों की सघन तलाशी ली।

मनरेगा कार्य में उदासीनता बरतने के कारण बीडीओ जारी कराएं नोटिस

इस्लामनगर। महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना में रोजगार सेवकों द्वारा कार्य में उदासीनता बरतने पर खंड विकास अधिकारी मुनव्वर खान ने अधिकांश ग्राम पंचायतों के रोजगार सेवकों को नोटिस जारी किए हैं, जिससे रोजगार सेवकों में खलबली मच गई इसी को लेकर रोजगार सेवकों ने ब्लॉक पर प्रदर्शन कर बीडीओ पर झूंठे आरोप लगाए। महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना में रोजगार सेवक रुचि नहीं ले रहे हैं,रोजगार सेवकों की उदासीनता के कारण विकास खण्ड की प्रगति खराब होने पर अधिकांश रोजगार सेवकों को विकास खंड कार्यालय से सितंबर और दिसंबर माह से निरंतर समीक्षा बैठकों में मनरेगा अंतर्गत श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराए जाने और कार्य प्रगति में सुधार लाने के लिए निर्देशित किया गया लेकिन रोजगार सेवकों की उदासीनता के कारण कार्य प्रगति में कोई सुधार नही किया गया । उसके बाद उच्च अधिकारियों द्वारा मनरेगा में प्रगति लक्ष्य शत प्रतिशत पूर्ति करने के लिए निर्देश दिए गए। जिसके बाद अधिकांश रोजगार सेवकों की उदासीनता के कारण विकास खण्ड की प्रगति प्रभावित रही। इसके चलते मनरेगा कार्य में सुधार लाने के कारण सचिव और प्रधान की मांग पर खंड विकास अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत सचिवों को निर्देश दिए गए की प्रत्येक माह के अंत में मनरेगा प्रगति एवं रोजगार सेवकों की उपस्थिति प्रमाण पत्र पर प्रधान और सचिव की संस्तुति उपरांत ही मानदेय आहरित किया जाए। इसी से नाराज रोजगार सेवकों ने विकास खंड पर प्रदर्शन कर बीडीओ पर आरोप लगाए है। खंड विकास अधिकारी मुनब्बर खान ने बताया की उपस्थिति प्रमाण पत्र से असंतुष्ट होकर रोजगार सेवकों ने 31 जनवरी को विकास खंड मुख्यालय पर बिना तय अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराए प्रदर्शन किया और खंड विकास अधिकारी पर अनर्गल आरोप लगाते हुए समाचार प्रकाशित कराया गया जो सरासर गलत है।

न्यायालय आरोप पत्र प्रेषित किया गया

शाह टाइम्स ब्यूरो

बदायूं। थाना उसहैत पर पंजीकृत मु0 अ0सं0 239/2019 धारा 376 डीए,506,354वी भादवि 3/4 पॉक्सो एक्ट 66ई आईटी एक्ट 3(2)5ए एससी/एसटी एक्ट बनाम भूरे उर्फ रईस पुत्र जिलेदार निवासी वार्ड नं0-07 कस्बा व थाना उसहैत जनपद बदायूं की विवेचना श्री सर्वेन्द्र सिंह क्षेत्राधिकारी उझानी द्वारा की गयी। विवेचक द्वारा विवेचना की कार्यवाही पूर्ण करते हुए ।

मा0 न्यायालय आरोप पत्र प्रेषित किया गया। इस अभियोग को पुलिस महानिदेशक महोदय, उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन कन्विक्शन के अन्तर्गत चिन्हित करते हुए अभियोजन विभाग से समन्वय करके समयबद्ध रुप से मॉनीटरिंग सेल जनपद बदायूं व पैरोकार हे0कां0 हरिओम सिंह थाना उसहैत द्वारा मा0 न्यायालय में सशक्त पैरवी कर अभियोजन की कार्यवाही सम्पन्न कराई गयी ।

जिसके परिणामस्वरुप आज दिनाँक 22-02-2024 को माननीय न्यायालय जनपद बदायूँ द्वारा अभियुक्त भूरे उपरोक्त को 07 वर्ष कारावास व 60 हजार रु0 के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया । अर्थदण्ड जमा न करने पर प्रत्येक को 06 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा ।

पैरवी करने वाले पैरोकार हे0कां0 हरिओम सिंह थाना उसहैत तथा लोक अभियोजक श्री प्रदीप भारती तथा विवेचक सर्वेन्द्र सिंह क्षेत्राधिकारी उझानी का योगदान सराहनीय रहा ।

रोजगार मेले में नियुक्ति पत्र पाकर युवाओं के चेहरे खिले

शाह टाइम्स संवाददाता

आसफपुर । हाल ही में बीते गुरुवार को दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजनांतर्गत व्यवसायिक शिक्षा एवम कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग व सेवायोजन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में विकास खंड स्तरीय द्वितीय चरण में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया । जिला अधिकारी महोदय के निर्देशन पर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के प्रधानाचार्य शिव कुमार शर्मा , जिला सेवायोजन अधिकारी सचिन कुमार सिंह , जिला अर्थ एवम संख्या अधिकारी प्रदीप कुमार व मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार , उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री फेलो रजनीश कुमार की उपस्थिति में रोजगार परक अलग - अलग निजी कंपनियों के नियोक्ताओं व

पदाधिकारियों ने 18 से लेकर 25 वर्ष तक की उम्र के हाई स्कूल व इंटर मीडिएट पास युवाओं को इस रोजगार मेले में मानक के अनुरूप जांच परख कर उन्हें नियुक्ति पत्र दिए । इस वृहद रोजगार मेले में स्थानीय ब्लॉक प्रमुख ओमकृष्ण सागर , ए डी ओ एस बी आई भूपेंद्र सिंह , लोकमन सिंह सहित निजी कंपनियों के नियोक्ता अरविंद कुमार , अंकित यादव , रूबी , गुंजन व ग्रीस जोशी , ओम बाबू सागर , संदीप उपाध्याय , विकास शर्मा आदि मौजूद रहे । इस रोजगार परक कार्यक्रम में अनुरोध , चंद्रकेश , हिमांशु , प्रियांशु , सोनू , सौरभ , अभिशेष व रोहित सहित लगभग आधा दर्जन से अधिक युवाओं ने नियुक्ति पत्र तय कार्यालय परिसर में आयोजित किया गया । इस दौरान रोजगार की चाह में क्षेत्र के युवक युवतियों की पंडाल में भरी भीड़ देखने को मिली ।

शिविर में 80 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दी दवा

शाह टाइम्स संवाददाता

बिल्सी। तहसील क्षेत्र के गांव दिधौनी में आज प्राथमिक विद्यालय पर आयुष आपके द्वार कार्यक्रम के तहत एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। आयुर्वेदिक चिकित्सालय पर तैनात डॉ जयराम प्रसाद ने यहां लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और उन्हें दवाइयां दी।

साथ ही बेहतर स्वास्थ्य से संबंधित सलाह दी। उन्होने बताया कि शिविर में करीब 80 लोगों का मेडिकल परीक्षण किया गया और उन्हें आयुर्वेदिक दवाइयां दी गई है। उन्होंने बताया आयुर्वेदिक दवाइयां से हर बीमारी का इलाज संभव है। घरेलू नुस्खों से भी हल्की बीमा. रियों को आप ठीक कर सकते हैं। इस मौके पर परमवीर राठौर, उमेश कुमार आदि मौजूद रहे।

पुलिस ने एक अभियुक्त को 45 लीटर अवैध शराब के साथ किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

बदायूं। आलोक प्रियदर्शी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद बदायूं के आदेशानुसार चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी दातागंज के कुशल पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक दातागंज के नेतृत्व मे कोतवाली दातागंज पुलिस द्वारा अवैध शराब तथा शराब बनाने की भट्टी (उपकरण) सहित 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया । आज दिनाकं 22/02/2024 को थाना दातागंज पुलिस द्वारा मुखविर की सूचना पर शम्भू नंगला जाने वाले रास्ते से कच्ची शराब बना रहे अभियुक्त अजयपाल पुत्र भीकम निवासी ग्राम अन्धरऊ थाना दातागंज जिला बदायूँ को गिरफ्तार किया गया । मौके से अवैध शराब तथा शराब बनाने की भट्टी (उपकरण) बरामद हुए । बरामदगी के आधार पर थाना दातागंज पर मु0अ0सं0 70/24 धारा 60(2) आबकारी अधिनियम बनाम अजयपाल उपरोक्त पंजीकृत कर अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया । 'गिरफ्तारी का स्थान ख्र' ग्राम अन्धरऊ से सिम्भू नगला जाने वाले कच्चे रास्ते बरगद के पेड के पास क्षेत्र थाना दातागंज जनपद बदायूं । 'गिरफ्तार किये गये अभि0 का नाम पता ' अजयपाल पुत्र भीकम निवासी ग्राम अन्धरऊ थाना दातागंज जिला बदायूँ।

विज्ञापन के लिए संपर्क करें
कामिल खान ब्यूरो चीफ
दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र बदायूं ब्रांच ऑफिस फैजगंज बेहटा वार्ड नंबर हेड ऑफिस रजी चौक ब्रह्मपुर बराबर रेक्स दवाखाना बदायूं खबरें व विज्ञापन के लिए संपर्क करें।
संपर्क सूत्र - 7500110219, 9411827221
Emil mkkhan741@gmail-com

डी फार्मा में एडमिशन के नाम पर पैसे ऐंठने का आरोप

छात्र-छात्राओं ने फीस वापसी को लेकर कॉलेज के बाहर किया प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

रिछा। रिछा-जहानाबाद मार्ग पर डीएसआर कॉलेज में डी फार्मा के स्टूडेंटों ने रोड पर जाम लगाकर कॉलेज मैनेजमेंट से अपने फीस वापस करने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन पर बैठे छात्र-छात्राओं का आरोप है कि वह अपनी फीस वापसी की मांग को लेकर कॉलेज में गए तो कोलेज के प्रधानाचार्य ने उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करके कॉलेज के बाहर निकाल दिया और कहा कि फीस वापस नहीं मिलेगी। कॉलेज प्रशासन के इस व्यवहार से छात्र-छात्राएं आक्रोशित हो गए जिसके बाद उन्होंने रिछा-जहानाबाद मार्ग पर बैठकर रोड जाम कर दिया। छात्र-छात्राओं का आरोप है कि लगभग आठ माह पूर्व डी फार्मा के अंतर्गत उन्होंने कॉलेज में एडमिशन लिया था, लेकिन आठ माह गुजरने के बाद भी उनका रजिस्ट्रेशन यूनिवर्सिटी में नहीं हुआ। कॉलेज प्रशासन उन्हें लगातार आश्वासन देता रहा जब छात्र-छात्राओं को ज्ञात हुआ कि उनका कॉलेज में एडमिशन नहीं हुआ है, कॉलेज मैनेजमेंट उनको बेवकूफ बना रहा है, तब उन्होंने पिछले कई महीनों से फीस वापसी की मांग कॉलेज प्रशासन से की। आरोप है कि कॉलेज प्रशासन ने हर बार एक माह, दो माह बाद फीस वापस करने की बात कहकर टालते रहे। छात्र-छात्राओं के रिछा-जहानाबाद रोड पर धरना प्रदर्शन पर बैठने के बाद कॉलेज प्रशासन सहित पुलिस प्रशासन के भी हाथ पैर फूल गए। वहीं मौके पर पहुंचे चौकी पुलिस इंचार्ज श्रीश चंद्र के काफी मनोबल के बाद कॉलेज के स्टूडेंट को रोड से हटाकर जाम खुलवाया और कॉलेज प्रशासन से उनकी बात करने की बात कही। इस दौरान छात्र-छात्राओं की चौकी इंचार्ज से भी काफी नोकझोंक भी हुई। सूचना मिलने पर तुरंत देवर. नियां थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह धामा मय फोर्स के मौके पर पहुंचे और उन्होंने कॉलेज प्रशासन के साथ छात्र-छात्राओं की बात कराई। इस दौरान रचित गंगवार, नाजिम अंसारी, मोहम्मद जावेद अंसारी, निधि गंग. वार, शिखा ने बताया कि कॉलेज मैनेजमेंट ने इस बार भी 22 मार्च को फीस वापसी की बात कही है। वहीं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता प्रदुमन गंगवार भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने बताया कि कॉलेज प्रशासन ने 22 मार्च का समय दिया है, कॉलेज के विद्यार्थियों को समझा बुझा दिया गया है। वहीं इस मामले में कॉलेज मैनेजमेंट ने बताया कि कॉलेज प्रशासन छात्र-छात्राओं के साथ है। छात्रों की हर संभव मदद की जाएगी। उनके उज्जवल भविष्य के लिए कॉलेज हर विकल्प तलाश कर रहा है।

देवरनियां पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी

चोरी की पांच मोटरसाइकिलों समेत दो अभियुक्त गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

देवरनियां। कोतवाली देवरनियां की रिछा चौकी पुलिस ने कल दिन बुधवार को पाँच मोटर साईकिल सहित दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की गईं मोटर साईकिल भी बरामद की हैं।

रिछा चौकी इंचार्ज श्रीष चन्द्र, उप निरीक्षक राजवीर सिंह, हेड कांस्टेबल नरेन्द्र कुमार, विकास सागर, कांस्टेबल शुभम कुमार, आशीष कुमार आदि गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर पाँच मोटर साईकिलें हीरो स्पलेण्डर डी एल 35 यू 6906, बजाज प्लेटिना यूपी 25 ई 3122, हीरो सीडी डीलक्स यूपी 25 ए आर 7611, हीरो स्पलेण्डर यूपी 25 क्यू 2621, हीरो स्पलेण्डर यूपी 25 बी बी 9838 चोरी के होने की मुखबिर द्वारा सूचना मिली, जिसपर पुलिस टीम ने दमखोदा के पास ग्राम दमखोदा निवासी मोहम्मद वासिफ पुत्र मोहम्मद अयूब को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को उसके पास से पाँच मोटर साईकिलें, रिन्च, छैनी, हथौड़ा बरामद किया है। आरोपी पर कोतवाली देवरनियां एवं बहेड़ी में कई मुकदमे दर्ज हैं। टीम में रिछा चौकी इन्चार्ज श्रीष चन्द्र यादव, उप निरीक्षक राजवीर सिंह, हेड कांस्टेबल नरेन्द्र कुमार, विकास सागर, कांस्टेवल शुभम कुमार, आशीष कुमार मौजूद रहे। पुलिस ने गिरफ्तार दोनों आरोपी का मेडीकल कराने के बाद उन्हें न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

बोर्ड का पहला पेपर देकर खुश दिखे छात्र-छात्राएं

शाह टाइम्स संवाददाता

नवाबगंज। यूपी बोर्ड की परीक्षाएं गुरुवार से प्रारंभ हुई जिसमें पहले दिन 10वीं व 12वीं के परीक्षार्थियों की हिंदी विषय का पेपर कराया गया। पाठ्य विवरण के ही सवाल देखकर परीक्षार्थी बेहद खुश दिखाई दिए। परीक्षार्थियों के चेहरे पर खुशी से साफ जाहिर होता है कि परीक्षार्थियों के अनुसार जो तैयारी की गई थी पेपर में उसी तरह से आया है। परीक्षा जब पेपर देने के बाद बाहर आए तो अपनी-अपनी प्रतिक्रिया अपने सहपाठियों से शेयर की। ज्यादातर परीक्षार्थियों ने हिंदी के पेपर को बहुत ही आसान बताया। पहले पेपर की बजह से परीक्षा केंद्रों पर शुबह सात बजे से भीड़ जुटने लगी। हालांकि 10 वीं के परीक्षार्थियों का पेपर 8:30 का था इसके बाद गेट पर ड्यूटी में लगे शिक्षकों ने चेकिंग करने के बाद परीक्षाक्षत्रियों को प्रवेश किया गया। साथ ही आधार कार्ड व प्रवेश पत्र से फोटो का मिलान किया गया। बोर्ड की ओर से निर्धारित समय पर पेपर शुरू हुआ परीक्षा के दौरान कोऑर्डिनेटर परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते दिखाई दिए परन्तु किसी के पास कोई नकल नहीं मिली।

एक नजर

ब्रह्मचारी घाट का जिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

शाह टाइम्स ब्यूरो

पीलीभीत। जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने ब्रहमचारी घाट का सौन्दर्यीकरण कराने, बरसात के दिनों में देवहा नदी के कटान को रोकने हेतु निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने देवहा नदी में विगत वर्षों में कराये गये कार्यों को देखा तथा मैप लेआउट के माध्यम से जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने अधिशासी अभियन्ता बाढ़ खण्ड को बरसात से पूर्व ब्रहमचारी घाट के पास ठोकरें बनाये जाने के निर्देश दिये, जिससे की कटान को रोका जा सके। जिलाधिकारी ने ब्रहमचारी घाट पर वंदन योजना के तहत स्वीकृत कार्यों को कराने हेतु नगर पालिका को निर्देश दिये। उन्होने कहा कि ब्रहमाचारी घाट पर पार्क, श्रद्वालुओं के लिए बैठने हेतु बेंच की व्यवस्था, घाट का निर्माण, प्रकाश व्यवस्था, शौचालय निर्माण कार्य व सड़क निर्माण सहित अन्य व्यवस्थाऐं कराने के निर्देश दिये। तत्पश्चात जिलाधिकारी द्वारा सेवायोजन कार्यालय मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अन्तर्गत संचालित नि:शुल्क क्लासों का जायजा लिया। उन्होंने यूपीएससी व एनईईटी में पंजीकृत छात्र/छात्राओं की जानकारी ली तथा अध्यापकों के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका अध्यक्षा आस्था अग्रवाल, अधिशासी अभियन्ता बाढ़ खण्ड, समाज कल्याण अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

नाबालिग किशोरी से छेड़छाड़ व दुष्कर्म का प्रयास

शाह टाइम्स संवाददाता

बहेड़ी। तहसील के एक गांव की नाबालिग किशोरी देर शाम करीब 7 बजे गांव की परचून की दुकान से सामान खरीदने जा रही थी। गांव के रास्ते में इसी गांव के एक युवक ने उसे पकड़ लिया और उसके साथ छेड़छाड़ की। किसी तरह किशोरी वहां से बचकर अपने घर पहुंची। किशोरी ने माता-पिता को आप बीती सुनाई। जिसके बाद पुलिस को तहरीर दी गई। पुलिस ने मुकदमा कायम करने में आनाकानी की। इसके बाद पीड़ित पक्ष ने एसएसपी को मामले की जानकारी दी। एसएसपी के आदेश के बाद पुलिस ने मुक. दमा दर्ज किया। जानकारी के मुताबिक नाबालिग किशोरी देर शाम गांव में परचून की दुकान पर कुछ सामान खरीदने गई थी। इसी बीच रास्ते में गांव के अनिकेत ने उसे पकड़ लिया। किशोरी के साथ छेड़छाड़ करते हुए वह दुष्कर्म की कोशिश करने लगा। किशोरी किसी तरह उसके चंगुल से छुटकर अपने घर पहुंची और रोने लगी। उसने अपने माता-पिता को आप बीती सुनाई। किशोरी के पिता ने थाने आकर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज नहीं की। किशोरी के पिता ने पार्टी के जिले स्तर के पदाधिकारी को मामले की जानकारी दी।

एसएसपी के आदेश पर संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज

जिले के पदाधिकारी एसएसपी से मिले। एसएसपी ने फोन कर तत्काल मुकदमा कायम करने के आदेश दिये। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी अनिकेत के खिलाफ छेड़छाड़, मारपीट, जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली देने व पाक्सो एक्ट का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस की एक टीम आरोपी की धरपकड़ के लिए गांव पहुंची, लेकिन आरोपी घर से फरार हो गया था।

त्यौहार पर खुराफात करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा: रविंद्र कुमार

शाह टाइम्स संवाददाता

शीशगढ़। आगामी त्योहार रविद. ास जयंती,शबे बारात, होली सम्बन्धी विवादों एवं शांति व्यवस्था व चुनाव सम्बन्धी आदेशों निर्देशों का पालन कराने को लेकर आज गुरुवार को प्रभारी निरीक्षक शीशगढ़ रविन्द्र कुमार के द्वारा थाना परिसर में सम्भ्रांत व्यक्तियों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें इंस्पेक्टर रविन्द्र कुमार ने उपस्थित सभी को कानून का पाठ पढ़ाते हुए चेताया कि सभी लोग त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं।

उन्होंने कहा अगर किसी भी तरह की समस्या हो तो पुलिस को अवगत कराएं। खुराफात करने बालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

उन्होंने साफ चेताया कि या तो अपराधी अपराध करना छोंड़ दें या फिर वह जिले के बाहर चलें जाएं वर्ना उनकी जगह जेल में होगी।इस अवसर पर रामौतार मौर्य, मोहम्मद आशिफ खां, दिलशाद बॉस, प्रमोद देवल, कृष्ण पाल,अंकुश राज गुप्ता प्रवेश देवल आदि सहित सैकड़ों सम्भ्रांत व्यक्ति मौजूद रहे।

राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार की पहल पर दो बसें हुई अयोध्या धाम रवाना

28 फरवरी को 25 बसों से श्रद्धालुओं को भेजने का लिया निर्णय

शाह टाइम्स ब्यूरो

पीलीभीत। गन्ना विकास एंव चीनी मिलें राज्यमंत्री संजय सिंह गंग. वार की पहल पर अयोध्या धाम में भगवान रामलला के दर्शन हेतु विधान सभा क्षेत्र के श्रद्धालुओं को बसों से रवाना करने के लिए सभी तैयारिया पूर्ण कर ली गई है। लगभग 100 श्रद्धालुओं को लेकर दो बसें गुरुवार अयोध्या धाम के लिए रवाना होगी। इस यात्रा के लिए श्रद्धालुओं को सभी आवश्यक व्यवस्थायें एंव ठहरने आदि की व्यवस्था राज्यमंत्री द्वारा कराई गई है।

यात्रा को यह क्रम आगे भी अनवरत रूप से जारी रहेगा इसी क्रम में 28 फरवरी को 25 बसों द्वारा श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम ले जाने का निर्णय लिया गया है। अयोध्या धाम यात्रा के लिए प्रबन्धन की जिम्मेदारी निभा रहे राज्यमंत्री संजय गंगवार के अनुज विजय सिंह गंगवार ने बताया की गुरुवार 22 फरवरी को विधान सभा क्षेत्र के लगभग 100 यात्रियो को लेकर दो बसें राज्यमंत्री संजय गंगवार संजय रॉयल पार्क स्थित जन सहयोग कार्यालय से रवाना होगी। इससे पूर्व हवन पूजन अर्चन करने के साथ ही श्रद्धालुओं को भोजन कराने के बाद के राज्यमंत्री संजय गंगवार एंव उनके पिता बाबूराम गंगवार द्वारा झण्डी दिखा कर रवाना किया गया। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम पहुँचने पर वहाँ टेन्ट सिटी में ठहरने और भोजन आदि की व्यवस्था राज्यमंत्री द्वारा कराई गई है। श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम दर्शन करने के उपरान्त उसी रात पीलीभीत वापसी की भी व्यवस्था की गई है।

श्रद्धालुओं को मेडिकल किट भी उपलब्ध कराई गई है ताकि रास्ते में श्रद्धालुओं को मेडिकल एड जरूरत पडने पर उपलब्ध कराई जा सकें। उन्होनें बताया कि 22 फरवरी से अयोध्या धाम यात्रा के लिए शुरूआत की गई है इसके लिए विधानसभा क्षेत्र में सम्पन्न 2022 के विधान सभा चुनाव के दौरान जिस वूथ पर सवार्धिक वोट राज्यमंत्री संजय गंग. वार को प्राप्त हुये है वहां से श्रद्धालुओं को चयनित कर यात्रा के लिए भेजने का निर्णय लिया गया है। उन्होनें बताया कि यह क्रम अनवरत रूप से प्रभु की इच्छा तक चलता रहेगा। इसी क्रम में 28 फरवरी को 25 बसों से विधान सभा क्षेत्र के श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम के लिए रवाना किये जाने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने यह भी बताया कि जब तक विधान सभा क्षेत्र के श्रद्वालुओं को अयोध्या धाम में रामलला के दर्शन नही करा दिये जाते तब तक बसों के जाने का सिलसिला जारी रहेगा जैसा की राज्यमंत्री संजय गंग. वार ने अपने क्षेत्र भ्रमण के दौरान जनता से अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद दर्शन कराने का वादा किया था।

जेल में बंदी की मौत के बाद अंतिम संस्कार से पहले परिजनों का हंगामा

शाह टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। जिला जेल में बंदी की मौत का मामला में विधायक स्वामी प्रवक्ता नंद के आश्वासन पर राजी हुए परिजन परिवार वालों को मनाने में सफल हुए बरखेड़ा विधायक। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में हुआ अंतिम संस्कार।

जिला जेल में फंदे से लटके मिले बंदी थाना माधोटांडा के गांव शाहगढ़ निवासी सुखबिंदर सिंह का शव पोस्टमार्टम के बाद घर पहुंचा तो परिवार में कोहराम मच गया जेल अधिकारियों पर हत्या का आरोप लगाते हुए अंतिम संस्कार करने से इंकार कर दिया घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन परिवार बाले अधिकारियों की बातों पर सहमत नहीं हुए मौके पर पहुंचे। बरखेड़ा

विधायक स्वामी प्रवक्ता नंद ने परि. जनों से बातचीत करते हुए उन्होंने हर संभव सरकारी सहायता तथा मुख्यमंत्री कोष आर्थिक सहायता दिलाए जाने का आश्वासन दिया साथ ही दोषी पाए जाने पर जेल प्रशासन पर भी आवश्यक कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया।

विधायक स्वामी प्रवक्ता नंद द्वारा दिए गए आश्वासन से सहमत होकर परिजन अंतिम संस्कार करने को राजी हुए और अधिकारियों तथा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच परिजनों ने मृतक के शव का अंतिम संस्कार किया गया।

एक तरफ जहां विधायक के आश्वासन के बाद अधिकारियों ने राहत की सांस ली वहीं दूसरी तरफ परिजनों को भी समुचित सहायता की उम्मीद बंधी है।

प्राची मौर्य और यश पांडे ने साइंस ओलिंपियाड फाउंडेशन के तहत जीते गोल्ड मेडल के साथ डिस्टिंक्शन अवार्ड

शाह टाइम्स ब्यूरो

पीलीभीत। एसओएफ के अंतर्गत होने वाली विभिन्न विषयों से संबंधित प्रतियोगिताओं में गुरुकुल के बच्चों ने बाजी मारी। इसके अंतर्गत अक्टूबर व नवंबर माह में होने वाली सामान्य ज्ञान, विज्ञान और अंग्रेजी विषयों से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर और उसमें अपना विशेष स्थान प्राप्त कर अनेक बच्चों ने विद्यालय के गौरव को बढ़ाया।

गुरुवार प्रात: प्रार्थना स्थल पर विद्यालय की प्रधानाचार्य भावना कौशिक ने विजेता प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें प्रमाण पत्र व मेडल भी वितरित किए, और उन्हें भविष्य में भी अपना स्थान बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आवश्यक नहीं है कि प्रत्येक बच्चा प्रतियोगिता में अपना विशेष स्थान प्राप्त करें बल्कि आवश्यक है कि प्रतियोगिता में भाग लेकर अपना बौद्धिक व मानसिक

स्तर का विकास करें। इसी श्रृंखला में उन्होंने कक्षा 5 की अलविया मनस. ीरत को गोल्ड मेडल पहनकर उनका उत्साहवर्धन किया। कक्षा 6 व 7 की आनया, मेहरान, सबिया और दीपक ने भी गोल्ड मेडल प्राप्त किये। कक्षा 8 के मुहम्मद दाइम हसन, सनावल, आदित्य और आकाश ने भी एस.ओ. एफ के अंतर्गत होने वाली विभिन्न विषयों से संबंधित प्रतियोगिताओं में अपना विशेष स्थान प्राप्त किया। कक्षा 9 व 10 के एलेक्स ,सौम्या नूरी ने भी इस प्रतियोगिता में विशेष स्थान प्राप्त करके विद्यालय के गौरव को बढ़ाया । विद्यालय के मैनेजिंग ट्रस्टी गुरदित सिंह सैहमी ने भी बच्चों को शुभकामना संदेश दिया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। यह प्रतियोगिता विद्यालय के अध्यापक सूरज बागा की दिशा निर्देशन में संपन्न हुई। पुरस्कार वितरण के समय प्रार्थना स्थल पर विद्यालय के अन्य शिक्षक और शिक्षिकाएं भी उपस्थित रहे।

कमिश्नर ने जाम से निजात दिलाने के लिए अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

कमिश्नर की अध्यक्षता में ट्रैफिक व्यवस्था के संबंध में बैठक हुई सम्पन्न

शाह टाइम्स ब्यूरो

बरेली। गुरुवार को कमिश्नर की अध्यक्षता में ट्रैफिक व्यवस्था के संबंध में आयुक्त सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। कमिश्नर सौम्या अग्रवाल ने जनपद के शहर को जाम से निजात दिलाने के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की और उन्होंने गांधी उद्यान चौराहा, चौकी चौराहा, बीसलपुर चौराहा, डोरा तिराहा, सुरेश शर्मा नगर चौराहा, संजय नगर तिराहा व सौ फुटा तिराहे तक होने वाले ट्रैफिक जाम से निजात दिलाये जाने की जानकारी ली। जिसपर कमिश्नर को लोक निर्माण विभाग, पुलिस प्रशासन, सेतु निगम विभाग द्वारा अपने-अपने विभागीय कार्यों से अवगत कराया तथा सेतु निगम द्वारा मैप प्रस्तुत कर जानकारी दी गयी। कमिश्नर सौम्या अग्रवाल ने डेलापीर तिराहे पर जाम की समस्या के निराकरण हेतु आईवीआरआई से सौ फिटा रोड पर जाने के लिए फ्लाई ओवर बनाने की कार्य योजना, रामगंगा नदी पर एक अन्य पुल प्रस्तावित किये जाने तथा रामगंगा पुल की कनेक्टिविटी झुमका चौराहे से रजऊ तक जाने वाले रिंग रोड से भी जोड़े जाने के प्रस्तावित कार्य योजना, सैटेलाइट बस स्टेशन के कारण सदैव जाम की समस्या बनी रहती है जिसके निराकरण हेतु बरेली शाहजहांपुर

मार्ग पर बना ओवरब्रिज का सम्पर्क मार्ग पीलीभीत बाईपास पर जोड़ने पर आदि की चर्चा की। कमिश्नर ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि उक्त तिराहे व चौराहों पर जाम लगने वाले क्षेत्रों का तीन दिवस में सर्वेकर रिपोर्ट उपलब्ध करायी जाये। उन्होंने नगर आयुक्त व चीफ पीडब्लूडी को निर्देश दिये कि सेतु निगम को डाटा उपलब्ध कराया जाये।

बैठक में पुलिस महानिरीक्षक डा. राकेश सिंह, जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चन्द्रभान, नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स, बीडीए उपाध्यक्ष मनिकन्दन ए0, एसपी यातायात शिवराज सिंह, मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग संजय तिवारी, चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर सेतु निगम केएन ओझा सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

डीएम ने यूपी बोर्ड की कक्षाओं की परीक्षा केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण

परीक्षा को सकुशल, शुचितापूर्ण एवं नकल. विहीन सम्पन्न कराने हेतु दिए आवश्यक निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो

बरेली। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की गुरुवार से आरंभ हुई दसवीं व बार. हवीं कक्षाओं की परीक्षा को नकल विहीन, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से प्रथम पाली में आयोजित हाईस्कूल परीक्षा के परीक्षा केंद्र मेथोडिस्ट गर्ल्स इण्टर कॉलेज का औचक निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने सम्बंधितों को परीक्षा को सकुशल, शुचितापूर्ण एवं नकल विहीन सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक निर्देश दिए और परीक्षा केन्द्र में बनाये गए कन्ट्रोल रूम के सीसीटीवी कैमरे को देखा। उन्होंने केन्द्र व्यवस्थापक व सम्बन्धित कॉलेज के प्रधानाचार्य को परीक्षा के दौरान विशेष सतर्कता बरतने, दृश्यता, गतिशीलता, सजगता एवं सतर्कता बनाये रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने छात्राओं से प्रश्न पत्र के विषय में जानकारी ली, जिसपर छात्राओं ने बताया कि प्रश्न पत्र सरल आया है। जिलाधिकारी को प्रधानाचार्य ने अवगत कराया कि कॉलेज के सात कक्षाओं में परीक्षा कक्ष बनाये गये हैं, सभी परीक्षा कक्षों की मॉनिटरिंग की जा रही है। निरीक्षण के समय एएसपी डा. ईशान सोनी, कॉलेज के प्रधानाचार्य सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

संबंध विच्छेद

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र जीशान को गलत चाल चलन व अभद्र व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति व अपने परिवार से बेदखल कर सम्बन्ध बिच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के कृत्यों लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।

नवी अहमद पुत्र अब्दुल रशीद
निवासी मो. तकिया नगर पंचायत शीशगढ़, जिला बरेली

फतेहगंज पश्चिमी में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी

शाह टाइम्स संवाददाता

फतेहगंज पश्चिमी। 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र फतेहगंज पश्मिची बरेली से निगर्त तुरसा पट्टी, शाही,भिटौरा, राजश्री व इनसे सम्बन्धित समस्त उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है।

बताया कि कि आज दिन में विद्युत उपकेन्द्रों के स्विच गियर व पोषकों की विद्युत सम्बन्धी कार्य किया जाना है। जिस कारण विद्युत उपकेन्द्र से सम्बन्धित 11 के0वी0 पोषकों की विद्युत आपूर्ति 23.02.2024 की प्रात:11:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक बाधित रहेगी।

दूसरे समुदाय के युवक ने नाबालिग लड़की को घर से उठाया

शाह टाइम्स ब्यूरो

बरेली। दूसरे समुदाय के लड़के द्वारा नाबालिग लड़की को घर से उठाकर अगवा कर लिया, परंतु पुलिस मुकदमा दर्ज कर गहरी नींद में सो गई है। अभी तक लड़की को बरामद न करने पर पुलिस पर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। वहीं लड़के के परिवार द्वारा लड़की के परिवार को जान से मारने की धमकी तथा गंदी गंदी गालियां दी जा रही हैं। उन लोगों पर अब तक कारवाई न होने पर पीड़ित परिवार ने जमात रजा ए मुस्तफा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सलमान मियां से मिलकर मदद की गुहार लगाई है। लड़की के परिवार ने आज जमात रजा ए मुस्तफा मुख्यालय दरगाह आला हजरत आकर जमात के उपाध्यक्ष सलमान हसन खान से मुलाकात कर बताया कि उनकी लड़की नाबालिग है जो लड़का हमारी लड़की को ले गया है हम लड़के के परिवार के लोगों से लड़की के बारे मे जानना चाहते हैं तो उल्टा लड़के के परिवार के लोग हम पर ही हमलावर हो गए गंदी गंदी गालियां देने लगे। फिर इसी सम्बन्ध में हमने थाना भोजीपुरा में शिकायती पत्र दिया जिसमें पुलिस द्वारा मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया, लेकिन अभी तक पुलिस ने लड़की को बरामद नहीं किया है। बरामद न होने पर परिवारजनों को लड़की के साथ कोई अनहोनी घटना का खौफ सता रहा है। इसी सम्बन्ध में मोइन खान ने फोन के माध्यम से एसपी ग्रामीण मुकेश कुमार से बात कर जल्द से जल्द लड़की बरामद करने के साथ-साथ लड़के के खिलाफ पास्को के तहत कारवाई कर तथा दोषी लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई करने को कहा है।

लोकप्रिय हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स में समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें। मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी (बरेली)
मो0- 9456212547, 8077380691,
Email: irfangnewslive@gmail.com
विकास दीक्षित, ब्यूरो चीफ पीलीभीत
मो0- 9457136647
Email : Mediapbt@gmail.com

पूर्व राज्यपाल की हवेली पर सीबीआई ने मारा छापा

सत्यपाल मलिक के स्थित पैतृक गांव हिसावदा में तीन घंटे की जांच पड़ताल के बाद वापस लौट गई टीम

शाह टाइम्स संवाददाता

बागपत। जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के बागपत में पैतृक आवास पर सीबीआई ने गुरूवार को सुबह छापेमारी की है। यहां सत्यपाल मलिक की पुरानी हवेली में सीबीआई पहुंची। किसी के भी अंदर और बाहर आने जाने पर रोक लगा दी गई। तीन घंटे बाद टीम लौटी।

जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के बागपत जनपद स्थित पैतृक गांव हिसावदा में गुरुवार सुबह गाजियाबाद से सीबीआई की टीम पहुंची। यहां तीन घंटे की जांच पड़ताल के बाद टीम वापस लौट गई। बताया जा रहा है कि टीम को कोई संदिग्ध दस्तावेज या रिकॉर्ड नहीं मिला है। वहीं टीम में स्थानीय पुलिस समेत पांच सदस्य शामिल रहे। हिसावदा में सत्यपाल मलिक की केवल एक पुरानी हवेली है, जो जर्जर हालत में ही है। वहां सीबीआई की टीम ने सत्यपाल मलिक के परिवार के सतबीर मलिक उर्फ हिटलर के घर पहुंचकर बातचीत की। बताया गया कि टीम उनसे सत्यपाल मलिक की संपत्ति से जुड़ी व अन्य जानकारी ली। सीबीआई टीम के साथ स्थानीय पुलिस भी मौजूद रही और इस दौरान किसी के भी अंदर जाने व बाहर आने पर रोक लगा दी गई। तकरीबन तीन घंटे बाद टीम के सदस्य वापस लौट गए। केंद्रीय जांच ब्यूरो सीबीआई ने जम्मू-कश्मीर की कीरू जल विद्युत परियोजना में रिश्वतखोरी के मामले में कई शहरों में ठिकानों पर छापे मारे। परियोजना के लोक निर्माण कार्य के लिए 2,200 करोड़ रुपये का ठेका दिया गया था, जिसके खिलाफ राज्य के तत्कालीन राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने आवाज उठाई थी। सत्यपाल मलिक ने दो परियोजनाओं को मंजूरी के एवज में 300 करोड़ रुपये की रिश्वत की पेशकश की शिकायत की थी। सत्यपाल मलिक का सियासी सफर वर्ष 1974 से शुरू हुआ था। उस वक्त मलिक यूपी की बागपत विधानसभा सीट से पहली बार विधायक बने थे। पूर्व राज्यपाल ने राजनीतिक सफर की शुरूआत लोक दल से की थी। इसके बाद 1980 में मलिक पहली बार लोक दल के टिकट उच्च सदन यानी राज्यसभा पहुंचे थे। वर्ष 1984 में उन्होंने कांग्रेस का दामन थाम लिया था। इसके बाद उन्हें कांग्रेस ने भी राज्यसभा भेजा था। हालांकि 1987 में कथित बाफोर्स घोटाले के बाद सत्यपाल मलिक ने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था, जिसके बाद साल 1988 में वीपी सिंह के नेतृत्व वाले जनता दल में वो शामिल हुए और 1989 में अलीगढ़ से लोकसभा का चुनाव जीत कर सांसद चुने गए। वर्ष 1996 में उन्होंने समाजवादी पार्टी के टिकट पर फिर से अलीगढ़ सीट से लोकसभा चुनाव लड़ा। लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद सत्यपाल मलिक कभी चुनाव नहीं जीत सके। सपा के बाद वह 2004 में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए लेकिन उन्हें वर्ष 2004 में फिर बागपत से हार का सामना करना पड़ा था। इन सबके बीच बीजेपी में उनकी राजनीतिक हैसियत बढ़ती रही। वर्ष 2012 में उन्हें बीजेपी ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया था। 2014 में केंद्र में नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आने के बाद मलिक को 2017 में बिहार का राज्यपाल बनाया गया। बिहार के बाद उन्हें जम्मू कश्मीर की जिम्मेदारी मिली। वर्ष 2018 में उन्हें यहां का राज्यपाल बनाया गया। उन्हीं के कार्यकाल में वर्ष 2019 में अनुच्छेद 370 के प्रावधान निरसित किए गए। इसके बाद उन्हें 2019 में गोवा का राज्यपाल बनाया गया। फिर वर्ष 2020 में मलिक को मेघालय का राज्यपाल बनाया गया।

इसके बाद उन्होंने बीजेपी के खिलाफ बयानबाजी शुरू कर दी थी। इतना ही नहीं 2019 में पुलवामा हमले को लेकर भी मलिक ने कई गंभीर दावे किए और केंद्र समेत गृह मंत्रालय पर आरोप लगाए। इसके बाद वह किसान आंदोलन में सरकार की नीतियों के खिलाफ मुखर रहे।

फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

बागपत। पुलिस द्वारा जनपद में अपराधों की रोकथाम एवं फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत गुरूवार को थाना कोतवाली बागपत पुलिस ने फरार चल रहे चेकंग के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी में साजिद पउर्फ बिल्लू पुत्र इसरार निवासी मौहल्ला केतीपुरा कस्बा व थाना बागपत को न्यायालय में पेश कर आरोपी पर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

खाद के गढ्ढों को तहसील प्रशासन ने कराया कब्जा मुक्त

शाह टाइम्स संवाददाता

रटौल। गुरूवार को चमरावल गांव में सरकारी खाद के गढ्ढो पर कुछ लोगो ने अवैध कब्जा कर रखा था जिससे तहसील प्रशासन टीम ने तहसील न्यायालय के आदेश पर कब्जा मुक्त कराया।

चमरावल गांव में सरकारी खाद के गढ्ढो पर कुछ ग्रामीणो ने अवैध कब्जा कर रखा था जिसकी शिकायत ग्रामीणो ने उच्च अधिकारियों से की गयी थी जिससे गम्भीरता से लेते हुए तहसीलदार प्रशासन टीम ने कानूनों दीपक शर्मा लेखपाल जितेंद्र कुमार व विनोद ने तहसील न्यायालय के आदेश पर चमरावल पहुंच गढ्ढे की पैमाइश कर जेसीबी मशीन द्वारा सरकारी खाद के गढ्ढो को कब्जा मुक्त कराया। इस मौकें पर ग्रामीण भी मौजूद रहे।

ईपीई पर अनियंत्रित होकर पलटा कैटर, चालक घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

रटौल। बहादुरगढ़ से कुराली हरियाणा जा रहा एक कंटर ईपीई पर रटौल अंडरपास के समीप अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसमे चालक घायल हो गया चालक ने एक्सप्रेस-वें कर्मचारियों पर मारपीट का आरोप भी लगाया है।

अलीगढ़ निवासी प्रहलाद सिंह पुत्र बनी सिंह बहादुरगढ़ से कुराली हरियाणा में कंटर द्वारा टायल लेकर जा रहा था जब वह ईपीई पर रटौल अंडरपास के समीप पहुंचा तो बराबर से गुजर रहे। अन्य वाहन ने साईड दबा दी जिस कारण उसे बचाने के कारण कंटर अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसमे चालक दब गया।

राहगीरों ने देखा तो भागकर ड्राइवर को घायल अवस्था में बाहर निकाला सूचना पर पहुंचे एक्सप्रेस-वें कर्मचारियों से चालक से जानकारी ली चालक ने एक्सप्रेस-वें कर्मचारियों पर मारपीट का आरोप भी लगाया है।

जनपद में भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हुई बोर्ड परीक्षा

शाह टाइम्स संवाददाता

बड़ौत। जनपद में भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बृहस्पतिवार को शुरू हो गई है बोर्ड की परीक्षाएं हाई स्कूल के 14 785 और इंटरमीडिएट के 15051 परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे हैं। जनपद में बनाए गए हैं 38 परीक्षा केंद्र और तीन जोनल मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। सभी परीक्षा केंदो पर सुरक्षा को लेकर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच छात्र-छात्राएं परीक्षा दे रहे हैं। जनपद के परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में परीक्षाएं दी जा रहे हैं। सभी परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल तैनात किया गया है। परीक्षा केंद्रों के पास 200 मीटर के दायरे तक किसी का भी आवागमन नहीं होने दिया जाएगा। मीडिया कर्मी भी पुलिस की मौजूदगी में अंदर प्रवेश करेंगे। बृहस्पतिवार को 8:30 बजे परीक्षाएं शुरू हो गई। परीक्षाओं के दौरान छात्र-छात्राओं की लंबी कतार लगाकर उनकी तलाशी ली गई। परीक्षा के दौरान सभी छात्र-छात्राओं के एडमिट कार्ड आधार कार्ड चेक किए गए। इसके उपरांत छात्र-छात्राओं को परीक्षा में अंदर जाने की अनुमति दी गई। अति संवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर एसटीएफ एल आई यूं जोनल मजिस्ट्रेट ने विशेश निगरानी रखी प्रश्न पत्र सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में खोलकर छात्रों को वितरित किए गए नकल रोकने के लिए केंद्रो पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। कंट्रोल रूम सेंटर से भी परीक्षा केंद्रों पर नजर रखी गई। बृहस्पतिवार को परीक्षा केंद्रों पर पुलिस प्रशासन की गाड़ियां घूमती रही।

सालाना जलसे में आलिमाओं ने समाजिक बुराईयों को दूर करने का किया आह्वान

शाह टाइम्स संवाददाता

रटौल। गुरूवार को इस्लामिक मदरसे मे हुए सालाना जलसे के पहले दिन तकरीर करते हुए आलिमा आसिया ने कहा की महिलाओं के लिए अदब और पर्दा बहुत जरूरी है उन्होंने कहा समाज मे फैली बुराइयों को सबको मिलकर दूर करना चाहिए।

रटौल में बस स्टेंड पर स्थित मदरसा मोहसिन उलउलूम में दो दिवसीय सालाना जलसे का आयोजन किया गया जिसमे गुरुवार को महिलाओं के लिए जलसे का आयोजन हुआ जिसमे तकरीर करते हुए आलिमा सादिया ने कहा की महिलाओं के लिए पर्दा बहुत जरूरी है जिसका सबको अहतराम करना चाहिए। उन्होंने कहा की चुगलखोरी एक ऐसा शब्द है जो आपको जहन्नुम तक ले जा सकता है। चुगलखोरी करना बिल्कुल गलत है इसलिए इससे सभी महिलाएं बचे।

इसके अलावा उन्होंने कहा की महिलाओं के लिए जहा दीनी तालीम जरूरी है वही अन्य शिक्षा भी उन्हें ग्रहण करनी चाहिए। आज महिलाए पर्दे मे रहकर भी उच्च शिक्षा ग्रहण कर रही है। वही उन्होंने कहा की आज समाज में अनेक बुराइया फैल रही है जिससे हम सबको मिलकर दूर करना चाहिए। इस मौकें पर आलिमा हलीमा, मौलवी जेबा, नजराना, अक्सा, तमीम, रुकय्या आदि मौजूद रहे।

पुलिस ने चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

बागपत। पुलिस ने जनपद में अपराधों की रोकथाम एवं फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत गुरूवार को थाना सिंघावली अहीर पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी में इखलाख पुत्र मुस्ताक व अमीर पुत्र मुस्ताक तथा दानिश पुत्र मुस्ताक निवासी ग्राम बिलौचपुरा थाना सिंघावली अहीर को न्यायालय में पेश कर आरोपियों पर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

वही दूसरी ओर, पुलिस द्वारा जनपद में अपराधों की रोकथाम एवं फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत गुरूवार को दोघट पुलिस ने फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी पर में अक्षय पुत्र ईश्वर सिंह निवासी ग्राम बिराल थाना बुढाना जनपद मुजफ्फरनगर को न्यायालय में पेश कर आरोपी पर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

सूचना

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र नोनू से संबंध विच्छेद करते हुए अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगा।
नितेश पुत्र इश्वर निवासी नेहरू रोड व तहसील बडौत जनपद बागपत।

NOTICE

I, Arshian Saifi S/O Abdul Gaffar Saifi R/O Village Azampur, Arnawali, Meerut Uttar Pradesh -250502, have changed my religion Muslim to Hindu from dated 05/12/2023 and changed my name to Arush

न्यायालय सिविल जज सीनियर डिवीजन, बागपत।

विविध वाद सं.59 सन् 2023
रकमबीरसिंह पुत्र टेगर निवासी ग्राम ढिकौली, थाना चांदीनगर, जिला बागपत।
....प्रार्थी।

बनाम

1.गौरव 2.अंकुर 3.अनुज 4.शिवम पुत्रगण रकमबीर, समस्त निवासीगण ग्राम ढिकौली, थाना चांदीनगर, जिला बागपत।
.....विपक्षीगण

प्रार्थनापत्र अर्न्तगत धारा-372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम।

चूंकि उपरी नामांकित वादी ने इस न्यायालय में मृतका श्रीमति रोशनी पुत्री टेगर निवासी ग्राम ढिकौली, तहसील व जिला बागपत की शिक्षा विभाग सोनीपत, हरियाणा के सरकारी हाईस्कूल महलाना सोनीपत में ग्रेच्यूटी की धनराशि अंकन 3,34,512/-रूपये की बाबत उत्तरा धिकार प्रमाणपत्र हेतू आवेदन योजित किया है। लिहाजा यह इश्तहार जारी किया जाता है कि जिस किसी को निश्वत दरखास्त वास्ते उत्तराधिकार प्रमाण पत्र हेतु उजर हो असालतन या वकालतन समय 10 बजे दिनांक 5.3.2024 को अदालत सिविल जज सीनियर डिवीजन बागपत में उपस्थित होकर उजर पेश करे और दरसूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उजर किसी का ना सुना जायेगा और हुक्म दरखास्त मजकूर के सादिर होगा।

आदेशतः
मुन्सरिम
सिविल जज सीनियर डिवीजन, बागपत।

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी पिलाना, (बागपत)

पत्रांक:1362/लेखा/सांसद निधि/ 2023-24 दिनांक 22.02.2024

निविदा आमंत्रणसूचना

परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विभाग अभिकरण बागपत के कार्यालय पत्र संख्य 1103/डी.आर.डी.ए./ सां.नि./2023-24 दिनांक 20.02.2024 के द्वारा वर्ष 2023-24 में मा.सांसद श्री सत्यपाल सिंह की विकास निधि से कराये जाने वाले विकास कार्य की स्वीकृति मिलने के क्रम में शासकीय विभागो में पंजीकृत फर्मो से शीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है इच्छुक निविदाता दिनांक 21.02.2024 से 29.02.2024 तक की सांय 2:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में निविदा प्राप्त कर सकते है एवं जमा कर सकते हैं। निविदा की धनराशि कैनरा बैंक शाखा पिलाना के खाता संख्या 85702200000855 में जमा कर रसीद कार्यालय में जमा कर एवं निविदा प्राप्त कर सकते है। कार्यालय में नगद धनराशि जमा कर भी निविदा प्राप्त की जा सकती है। स्टेशनरी चार्ज अतिरिक्त देय होगा निविदाओ के समक्ष दिनांक 29.02.2024 की सांय 4:00 बजे कमेटी/निविदाओं के समक्ष खोली जायेगी। किसी भी निविदा को एवं समस्त निविदाओं को कोई भी कारण न दर्शाते हुए अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

क्र. स.	स्वीकृत कार्य का विवरण	स्वीकृत लागत	धरोहर धनराशि	निविदाराशि +GST	कार्य पूर्ण करने की निर्धारित तिथि
1	ग्राम सिघावली अहीर में भूरू हरदल के मकान से रामकिशन सोचंद के मकान की ओर 100 मी. सी.सी रोड निर्माण कार्य।	5.260	10520	500	3 माह
2	ग्राम मुकारी में मुकेश पुत्र शोराज के मकान से छज्जु पुत्र बुद्ध के मकान की ओर 50 मी. इंटरलॉकिंग टाईल्स निर्माण कार्य।	8.460	16920	900	3 माह
3	ग्राम सिखेडा में शिव मन्दिर में सेन्सरपाल के मकान की ओर 100मी.सी.सी रोड निर्माण कार्य।	7.620	15240	800	3 माह

निमय एवं शर्ते

01-निविदा के साथ 02 प्रतिशत की धनराशि की एफ.डी. खण्ड विकास अधिकारी बागपत के नाम बंधक जमा करनी होगी । 02-फर्म किसीभी सरकारी विभाग में पंजीकृत, जी.एस.टी. नम्बर, पैन नम्बर, हैसियत प्रमाण पत्र, लेबरसेस, पंजीकृत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, कार्यकरने का अनुभव प्रमाण पत्र वैध होनाआवश्यक है। भुगतान के समय 08 प्रतिशत की धनराशि की एफ.डी.आर. खण्ड विकास अधिकारी के नाम बंधक जमा करने के उपरान्त ही भुगतान किया जायेगा। अन्यथा देय बिल से 08 प्रतिशत जमानत की धनराशि काट ली जायेगी।

अ.अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग
पिलाना, बागपत

खण्ड विकास अधिकारी
पिलाना, बागपत

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी बागपत, (बागपत)

पत्रांक:1204/क्षे.पं./सांसद निधि/ 2023-24 दिनांक 21.02.2024

निविदा आमंत्रणसूचना

परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विभाग अभिकरण बागपत के कार्यालय पत्र संख्य 1103/डी.आर.डी.ए./ सां.नि./2023-24 दिनांक 20.02.2024 के द्वारा वर्ष 2023-24 में मा.सांसद श्री सत्यपाल सिंह की विकास निधि से कराये जाने वाले विकास कार्य की स्वीकृति मिलने के क्रम में शासकीय विभागो में पंजीकृत फर्मो से शीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है इच्छुक निविदाता दिनांक 21.02.2024 से 29.02.2024 तक की सांय 2:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में निविदा प्राप्त कर सकते है एवं जमा कर सकते हैं। निविदा की धनराशि भारतीय स्टेट बैंक बागपत की शाखा में खाता संख्या 10834624369 जमा कर रसीद कार्यालय में जमा कर एवं निविदा प्राप्त कर सकते है। कार्यालय में नगद धनराशि जमा कर भी निविदा प्राप्त की जा सकती है। स्टेशनरी चार्ज अतिरिक्त देय होगा निविदाओ के समक्ष दिनांक 29.02.2024 की सांय 4:00 बजे कमेटी/निविदाओं के समक्ष खोली जायेगी। किसी भी निविदा को एवं समस्त निविदाओं को कोई भी कारण न दर्शाते हुए अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

क्र. स.	स्वीकृत कार्य का विवरण	स्वीकृत लागत	धरोहर धनराशि	निविदाराशि +GST	कार्य पूर्ण करने की निर्धारित तिथि
1	ग्राम शिकोपुर में महेन्द्र के मकान से भोपाल सिंह के मकान की ओर 100 मी. सी.सी रोड निर्माण कार्य।	584000	11680	266	3 माह
2	ग्राम पाली में ओमप्रकाश के मकान से जयनारायण के मकान तक 100 मी. इण्टरलॉकिंग कार्य।	511000	10220	266	3 माह

निमय एवं शर्ते

01-निविदा के साथ 02 प्रतिशत की धनराशि की एफ.डी. खण्ड विकास अधिकारी बागपत के नाम बंधक जमा करनी होगी । 02-फर्म किसीभी सरकारी विभाग में पंजीकृत, जी.एस.टी. नम्बर, पैन नम्बर, हैसियत प्रमाण पत्र, लेबरसेस, पंजीकृत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, कार्यकरने का अनुभव प्रमाण पत्र वैध होनाआवश्यक है। भुगतान के समय 08 प्रतिशत की धनराशि की एफ.डी.आर. खण्ड विकास अधिकारी के नाम बंधक जमा करने के उपरान्त ही भुगतान किया जायेगा। अन्यथा देय बिल से 08 प्रतिशत जमानत की धनराशि काट ली जायेगी।

जेई (आर.ई.डी)
विकास खण्ड-बागपत

खण्ड विकास अधिकारी
बागपत

शाहबाद में पहले दिन हाई स्कूल के 53 परीक्षार्थियों ने छोड़ी हिंदी की परीक्षा

- इंटर में 62 परीक्षार्थी रहे हिंदी विषय में अनुपस्थित
- पहले दिन की परीक्षा निबटी सकुशल कैमरो की निगरानी में हुई परीक्षा

शाह टाइम्स संवाददाता

शाहबाद। गुरुवार को माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट की प्रथम दिन की परीक्षा सकुशल निबट गई।

नगर शाहबाद में दो परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं परीक्षा केंद्र राजकीय इंटर कॉलेज शाहबाद में पहली पाली में हाई स्कूल हिंदी विषय की परीक्षा देने वाले 563 परीक्षार्थियों में से 38 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

वहीं दूसरी पाली में इंटरमीडिएट हिंदी विषय की परीक्षा में 482 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 58 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

वहीं दूसरे परीक्षा केंद्र राजकीय बालि. का इंटर कॉलेज में प्रथम पाली की हाई स्कूल हिंदी विषय की परीक्षा में 385 परीक्षार्थी पंजीकृत थे,जिनमें से 15 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे दूसरी पाली में इंटरमीडिएट हिंदी विषय में कुल 220 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिनमें से परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

कुल मिलाकर हाई स्कूल हिंदी विषय में दोनों परीक्षा केंद्रों पर 53 परीक्षार्थी अनुपस्थित हुए वहीं दोनों परीक्षा केंद्रों पर इंटरमीडिएट हिंदी विषय में 62 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। कुल मिलाकर पहले दिन की परीक्षा सकुशल निबट गई। दोनों परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरो की निगरानी में परीक्षा आयोजित कराई गई। परीक्षा से पहले परीक्षार्थियों की गेट पर ही सर्च की गई।

दोनों परीक्षा केंद्रों के परीक्षार्थियों केंद्र व्यवस्थापकों ने प्रथम दिन की सकुशल परीक्षा आयोजित कराई। परीक्षा केंदो पर केंद्र व्यवस्थापक अनुपम शर्मा, केंद्र व्यवस्थापक वंदना शर्मा, नजमत अली, प्रवक्ता संजीव शर्मा, एस के मौर्य, डॉक्टर ममता गुप्ता, शबनम जहां उस्मानी सीमा विश्वकर्मा प्रेरणा कश्यप उजमा वकील खान,ज्योति सक्सेना, सुमन, वंशिका आदि लोग उपस्थित रहे।

विद्या ज्ञान परीक्षा में चयनित होने पर किया गया सम्मान

शाह टाइम्स ब्यूरो

रामपुर। प्राथमिक विद्यालय बगी के प्रांगण विद्यालय की छात्रा शिफा का विद्या ज्ञान परीक्षा में चयनित होने पर, कक्षाध्यापक रूही हसीब द्वारा छात्रा का प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन कराया। समारोह कार्यक्रम का उद्घाटन खण्ड शिक्षा अधिकारी, नगरक्षेत्र सुनील कुमार सक्सैना ने किया।सर्वप्रथम माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर समारोह का आरम्भ किया, विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि आज परिषदीय विद्यालयों के बच्चे भी नित नये आयाम स्थापित कर रहे हैं। शिक्षक भी अपनी समर्पित भावना से अपने विद्यालय के बच्चों के भविष्य को उज्ज्वल करने के लिए, प्रतियोगी-परीक्षा की तैयारी भी कराते हैं। इसी भावना से प्राथमिक विद्यालय बगी की छात्रा शिफा ने विद्या ज्ञान परीक्षा को उत्तीर्ण कर, ग्राम पंचायत बगी के

साथ-साथ विद्यालय का मान सम्मान बढ़ाया है। छात्रा की कक्षाध्यापक ने अपने व्यक्तिगत सहयोग से आज इस प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन कराकर प्रेरणादायक कार्य किया है। इससे प्रेरित होकर अन्य विद्यालय भी ऐसे कार्यक्रम करायेंगे, जो ऐतिहासिक होगा। छात्रा के अभिभावक भी इस उपलब्धि के लिए बधाई के पात्र है। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान पति अनीस अहमद उर्फ बब्बू, विशेष शिक्षक आशीष पाण्डेय आदि ने संबोधित किया।प्रधानाध्यापक फौजिया महमूद ने सभी का आभार व्यक्त किया।

शांति भंग में दो युवक का चालान

शाह टाइम्स संवाददाता

पटवाई। गुरुवार को पुलिस अधीक्षक जनपद रामपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक जनपद रामपुर के कुशल निर्देशन में तथा श्रीमान क्षेत्राधिकारी शाहबाद के नेतृत्व में थाना पटवाई पुलिस ने दो नफर अभियुक्त ऋषिपाल पुत्र वालिस्टर नि0 ग्राम भंवरका थाना पटवाई जनपद रामपुर उम्र 23 वर्ष व सुनील पुत्र बांदु सिंह नि0 ग्राम भवंरका थाना पटवाई जनपद रामपुर उम्र 28 वर्ष को आपस में पैसे के लेन देन की बात को लेकर आमदा फसाद होने पर शान्ति भंग में किया गया।

ऑस्ट्रिया और भारत हैं अच्छे दोस्त : नवेद मियां

- नई दिल्ली में आयोजित ऑस्ट्रियन बिजनेस फोरम में शामिल हुए पूर्व मंत्री नवेद मियां
- ऑस्ट्रिया के श्रम मंत्री प्रोफेसर मार्टिन कोचर समेत प्रमुख शख्सियतों से मिले पूर्व मंत्री

शाह टाइम्स ब्यूरो

रामपुर। पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां ने नई दिल्ली में आयोजित ऑस्ट्रियन बिजनेस फोरम में शिरकत की। ऑस्ट्रिया और भारत, बांग्लादेश, भूटान, मालदीव, नेपाल व श्रीलंका के बीच व्यापार संबंधों को बढ़ावा देने वाले ऑस्ट्रियन ट्रेड कमीशन में आयोजित कार्यक्रम में नवेद मियां ने ऑस्ट्रिया के श्रम व अर्थव्यवस्था मंत्री प्रोफेसर डॉ. मार्टिन कोचर से मुलाकात की।

पूर्व मंत्री नवेद मियां ने ऑस्ट्रिया के श्रम मंत्री के अलावा ऑस्ट्रियाई संघीय आर्थिक चौंबर के उपाध्यक्ष वोल्फगैंग हेसौं और ऑस्ट्रियाई व्यापार आयुक्त और वाणिज्यिक परामर्शदाता हंस जोएर्ग होर्टनागल समेत कई अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के प्रमुखों से भी मुलाकात कर विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

नवेद् मियां ने बताया कि भारत और ऑस्ट्रिया अच्छे दोस्त हैं। भारत व ऑस्ट्रिया में लंबे समय से मित्रता है। दोनों देशों के बीच एक विशेष साझेदारी है, जिसमें बहुलवादी, संसदीय लोकतंत्र, राष्ट्रकुल

परंपराएँ, बढ़ता आर्थिक सहयोग, लोगों-से-लोगों के बीच दीर्घकालिक संबंध तथा बढ़ते हुए उच्चस्तरीय परस्ष्पर संपर्कों के साझा मूल्ष्य शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि भारत और ऑस्ट्रिया के बीच बढ़ते वाणिज्यिक संबंध दोनों देशों के बीच स्थिरता एवं विविधता के साथ तीव्रता से प्रगाढ़ होते द्वपक्षीय संबंध की मजबूती में योगदान देते हैं।

भारत और ऑस्ट्रेलिया एक-दूसरे के महत्त्वपूर्ण व्ध्यापारिक साझेदार बने हुए हैं।

बेसिक शिक्षा अधिकारी ने किया मदरसा बोर्ड परीक्षाओं का निरीक्षण

शाह टाइम्स ब्यूरो

रामपुर। बेसिक शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार ने द्वितीय पाली में मदरसा बोर्ड द्वारा संचालित परीक्षाओं का निरीक्षण किया।

बीएसए ने श्री हरि इंटर कॉलेज में हो रही मदरसा बोर्ड की परीक्षा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय शांत पूर्ण वातावरण में दो कक्षा कक्ष में परीक्षा चल रही थी। समस्त व्यवस्थाएं पूर्ण मिली, उसके उपरांत पहाड़ी गेट राजकीय इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया गया।जहां पर तीन कक्षा कक्ष में मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं चल रही थी। कक्ष निरीक्षक उपस्थित मिले, साथ ही समस्त व्यवस्थाएं पूर्ण मिली। निरीक्षण के समय राजकीय इंटर कॉलेज पहाड़ी गेट पर भी शांत वातावरण में उत्तर प्रदेश मदरसा बोर्ड की परीक्षा चल रही थी।

शिक्षकों की समस्याओं का समाधान कराने की माँग को लेकर दिया ज्ञापन

शाह टाइम्स ब्यूरो

रामपुर। उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ की प्रदेश अध्यक्ष सुलोचना मौर्य के नेतृत्व में प्रदेश संगठन मंत्री डा. ऋतु त्यागी और जिलाध्यक्ष एकता गुप्ता द्वारा संघ के पदाधिकारियों के साथ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी घ्संजीव कुमार से उनके कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की।महिला संघ के विभागीय कार्यों में अग्रणी रहने एवम महिला शिक्षिकाओं के हित में किए गए प्रयासों से अवगत कराया गया। एकता गुप्ता ने बताया कि रामपुर जनपद को निपुण जनपद बनाने के लिए हम सभी प्रयत्नशील हैं और इसके लिए हम हर बेहतर प्रयास कर रहे हैं और लगातार करते रहने के लिए संकल्पबद्ध हैं।

किंतु हमारे समक्ष आ रही कुछ समस्याओं के समाधान हेतु भी प्रयास होने चाहिए।

बच्चों की बोर्ड परीक्षा होने के कारण महिलाओं को सीसीएल की बहुत ज्यादा जरूरत पड़ रही है। किंतु उनकी स्वीकृत नहीं हो पा रहीं।निर्वाचन कार्यों से ऐसी महिलाएं जो गर्भवती है या जिनके बच्चे चार वर्ष से कम आयु के हैं।उन्हें निर्वाचन ड्यूटी से मुक्त रखा जाए।वर्तमान में लगभग सब ब्लॉक संसाधन केंद्रो पर एफएलएन प्रशिक्षण गतिमान है। वहां के टॉयलेट्स में पर्याप्त साफ सफाई का अभाव है।महिलाओं को विशेष असुविधा के साथ साथ कई बीमा. रियों का सामना भी ऐसी स्थिति में करना पड़ता है। इस दौरान श्वेता दूहन,राणा तलत , निधांशु, सुषमा, अंजू कौशिक,लवीना, कुशल राणा, नीलम सक्सेना, पूजा,आकांक्षा,सीमा सुलतान आदि मौजूद रहीं।

अवैध तमंचे के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

शाहबाद। गुरुवार को थाना शाहबाद,पुलिस द्वारा गस्त के दौरान एक अभियुक्त शकील निवासी ग्राम भरतपुर थाना शाहबाद को एक अवैध तमंचा 12 बोर व दो जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ भरतपुर तिराहे से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना शाहबाद पर आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी ।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक राजकुमार प्रधान आरक्षी महेन्द्र सिंह प्रधान आरक्षी निपेन्द्र सिंह शामिल रहे।

समूह की सखियों द्वारा बनाई गई वस्तुओं से चमकेंगे ग्राम पंचायत के शौचालय

भैरव जी स्वयं सहायता समूह द्वारा 1490 रुपए में ग्राम पंचायत को उपलब्ध कराई जा रही है किट

शाह टाइम्स संवाददाता

शाहबाद। समूह की सखियों द्वारा बनाई गई वस्तुओं से विकास खंड शाहबाद की ग्राम पंचायत के शौचायलयों को स्वच्छ रखा जाएगा।इसके लिए भैरव जी स्वयं सहायता समूह की सखियों द्वारा 1490 रुपए में ग्राम प्रधानों को किट उपलब्ध कराई जा रही है,किट में 5 किलो वॉशिंग पाउडर,एक बाल्टी, एक मग, 5 हरपिक की बोतले,5 लीटर फिनायल, एक वाइपर ,एक ब्रश,एक कपड़ा, सीख झाड़ू तथा फूल झाड़ू उपलब्ध कराई जा रही है।

समूह सखी सीमा यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि किट में वाशिंग पाउडर व फिनायल का निर्माण समूह

द्वारा स्वयं किया गया है। बाकी अन्य वस्तुओं को समूह द्वारा सस्ते दामों में बाजार से खरीदा गया है उन्होंने यह भी जानकारी दी अन्य चीजों का उत्पादन भी जल्दी समूह द्वारा खुद किया जाएगा। इस मौके पर नन्ही यादव, कुसुम यादव,वीरवती, हनी आदि उपस्थित रही।

खंड विकास अधिकारी ने समूह की सखियों के साथ की समीक्षा बैठक

शाह टाइम्स संवाददाता

शाहबाद। गुरुवार को विकासखंड शाहबाद कार्यालय के सभागार में खंड विकास अधिकारी नरेंद्र सिंह गंगवार द्वारा एनआरएलएम की समीक्षा बैठक की गई। समीक्षा बैठक में समूह की सीसीएल पत्रावली प्रश्न स्वीकृत डिजर्वमेंट इत्यादि पर चर्चा की गई जिसमें समस्त समूह सखी ग्राम संगठन के पदाधिकारी तथा सीएफ के पदाधिकारी व ब्लॉक मिशन मैनेजर इत्यादि उपस्थित रहे। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी ने समूह की सखियों से जल्द से जल्द सरकार द्वारा निर्देशित नीतियों को पालन करते हुए समाज हित में कार्य करने एवं बैंक के द्वारा दिए गए कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर बी एम एम रियाज अहमद ने भी जानकारी देते हुए बताया कि समूह की सखियों द्वारा बनाई गई वस्तुओं की किट ग्राम पंचायत में सस्ती एवं किफायती दामों पर दी जा रही है।

धूमधाम से मनाया गया रॉबर्टबेडेन पॉवेल का जन्मदिन

शाह टाइम संवाददाता

पटवाई। गुरुवार को सं. उच्च प्राथमिक विद्यालय नरखेड़ा शाहाबाद के तत्वाधान में स्काउट एवं गाइड के जन्मदाता लार्ड रॉबर्टबेडेन पॉवेल के जन्मदिन 22फरवरी 1857 को विश्व चिंतन दिवस के रूप में विद्यालय के स्काउट एवं गाइड व स्टाफ द्वारा केक काटकर लार्ड बेडेन पावेल का जन्मदिवस बहुत धूम धाम से मनाया गया. इस अवसर पर जिला स्काउट मास्टर भुजवीर सिंह ने लार्ड बेडेन के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर केक काटा तथा बच्चों को लार्ड बेडेन के जीवन चरित्र एवं समाज में उनके द्वारा किए गए भलाई के कार्यों पर प्रकाश डाला. छात्र छात्राओं ने स्काउट प्रार्थना और प्रतिज्ञा कर स्काउट नियमों को जीवन में उतारने का संकल्प लिया. सभी बच्चों ने मासिक दैनंदिनी भलाई कार्य करने का भी संकल्प लिया. इस अवसर पर भुजवीर सिंह, ओमपाल सिंह,सृष्टि गुप्ता,रश्मि चौहान बीना भारती और सुरेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

अपनी मातृभाषा को बोलने में शर्म नहीं, गर्व करना चाहिए

शाह टाइम्स ब्यूरो

रामपुर। प्राथमिक विद्यालय भैंसिया में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया गया ।इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका सुमन सिंह ने बच्चों को महत्व के बारे में बताया। तत्पश्चात कक्षा 4 व 5 के बच्चों के द्वारा बहुत ही सुंदर बोर्ड डेकोरेशन किया गया और उनके द्वारा हिंदी भाषा से संबंधित कई स्लोगन बोले गए जैसे अपनी मातृभाषा को बोलने में शर्म नहीं गर्व करना चाहिए, सबसे प्यारी सबसे न्यारी हिंदी है राष्ट्रभाषा हमारी, देश की शान है हिंदी देश का मन है , एक ही दिल है एक ही जान, हिंदी से है हिंदुस्तान आदि ।इसके अतिरिक्त अंतर्राष्ट्रीय मातृ भाषा दिवस के अवसर पर विद्यालय में हिंदी भाषा से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाई गई जैसे कि बच्चों को हिंदी के कठिन शब्द बोले गए और बच्चों ने उन्हें बोर्ड पर लिखकर दिखाया इसके अतिरिक्त बच्चों को हिंदी में गिनतियां से संबंधित गतिविधियां करवाई गई छोटे बच्चों के द्वारा हिंदी की कई कविताएं भी सुनाई गई। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका सुमन सिंह, रिचा देवी, विक्रम कुमार, हुमा आदि मौजूद रहे ।

टांडा बादली में हाफिज ए कुरआन की हुई दस्तारबंदिया

शाह टाइम्स संवाददाता

स्वार। गुरुवार मदरसा हजरते उमर में तारीख10शाबान1445 हिजरी बुधवार की रात्रि जश्ने दस्तारबंदी का प्रोग्राम रखा गया जिसमें दूरदराज से तशरीफ लाए उलमा ए किराम ने शिरकत की उलेमा इकराम के मुकद्दस हाथों से किरात मोलवियत और आलिमत का ताज बच्चों से सर पर सजाया गया। मुफ्ती फैजान अजहरी ओर मोलाना समीर अहमद ने तकरीर करते हुए जोर देते हुए कहा कि लोग अपने बच्चों को दुनियावी तालीम के साथ साथ दीनी तालीम

हासिल जरूर कराए, उन्होंने बच्चों को कड़ी नसीहतें की ओर कहा कि मुस्लिम समाज अपने बच्चों को आधुनिक शिक्षा भी दिलाए इसके साथ ही देश और दुनिया के लिए अमन चौन के लिए दुआ कराई।जलसे में मौलाना वासित रदवी मौलाना अब्दुल मुस्तुफा सहित अन्य 16 बच्चों की दस्तारबंदी की गई। इस मौके पर मदरसे के सदर मौलाना हनीफ, मो अहमद, मौलाना वसीम, मौलाना मुराद, मौलाना वाजिद, मोलाना वारिस, मौलाना साहिल सहित अन्य लोग शामिल रहे।

लेखपाल ने चकरोड़ कराया कब्जा मुक्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

रामपुर। सरकारी भूमि पर कब्जा करने को लेकर सरकार की ओर से प्रशासन लगातार कदम उठा रहा है।

प्रशासन की ओर से शिकायतों के बाद भूमि से कब्जें मुक्त कराए जा रहे है। इसी में सीगनखेड़ा गांव में लेखपाल ने चकरोड़ कब्जा मुक्त कराया है।

सींगनखेड़ा गांव के एक व्यक्ति ने प्रशासन से शिकायत करते हुए आरोप लगाया था कि गांव के ही लोगों ने चकरोड़ को कब्जा कर रोड़ को छोटा कर दिया है। जिसके बाद लेखपाल को कब्जा मुक्त कराने के आदेश दिए गए थे। आदेश पर बुधवार देर शाम को लेखपाल अमरीश कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंचे और कब्जे को मुक्त कराया।

शहर की 31 सड़कों का होगा निर्माण आवागमन होगा सुगम, सूडा से मिली मंजूरी

मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित व मलिन बस्ती विकास योजनान्तर्गत होगा निर्माण

शाह टाइम्स ब्यूरो

रामपुर। शहर की कच्ची सड़कों की दशा सुधरेगी। इसके लिए राज्य नगरीय विकास अभिकरण (सूडा) की ओर से सड़कों के निर्माण को मंजूरी दे दी गई है। इन सड़कों का निर्माण मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित व मलिन बस्ती विकास योजना के अंतर्गत होगा। सड़कों के निर्माण के बाद लोगों को आवागमन में सुविधा होगी।

शहर में आबादी विस्तार के साथ ही नई-नई कालोनियां विकसित हो गई हैं। लेकिन, इन कालोनियों में अब तक मूलभूत सुविधाओं का विकास नहीं हो सका है। न तो स्वच्छ पेयजल का इंतजाम है और न ही अच्छी सड़कों का। कच्ची सड़कों से ही लोग गुजरने को मजबूर हैं। ऐसे में प्रदेश सरकार की ओर से राज्य नगरीय अल्पविकसित व मलिन बस्ती विकास योजना शुरू की गई है, जिसमें ऐसी कालोनियों में विकास कार्य कराए जाते हैं, जो पूरी तरह से कच्ची हैं। लिहाजा, विभाग की ओर से शहर विधायक आकाश सक्सेना से प्रस्ताव मांगे गए थे, जिसके बाद विधायक ने प्रस्ताव बनाकर विभाग को भेज दिए थे। अब इन सभी 31 सड़कों के निर्माण को मंजूरी मिल गई है। शहर विधायक आकाश सक्सेना ने बताया कि शहर के विकास को लेकर कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। शहर से लेकर गांव तक पक्की सड़कें बनाने से लेकर स्वच्छ पेयजल, बिजली आदि इंतजाम मुकम्मल कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि बिजली सुधार के लिए कार्य जारी हैं, जबकि सड़कें सुधार के लिए जल्द कार्य शुरू हो जाएंगे।

यूपी बोर्ड : हाईस्कूल के 1906 और इंटर के 1171 विद्यार्थी परीक्षा से रहे गैरहाजिर

पहले दिन सीसीटीवी कैमरों और वॉइस रिकॉर्डर की निगरानी में हुई परीक्षा

शाह टाइम्स ब्यूरो

रामपुर। जिले में पहले दिन यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई।

पहली पाली में हाईस्कूल की हिंदी और इंटरमीडिएट की सैन्य विज्ञान की परीक्षा हुई। जबकि दूसरी पाली में इंटरमीडिएट की हिंदी की परीक्षा हुई। पहली पाली में हाई स्कूल के हिन्दी विषय की परीक्षा में 26173 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। जिसमें से 24527 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी।जबकि, 1906परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे।पहली पाली में ही इंटर सैन्य विज्ञान विषय की परीक्षा में 18 परीक्षार्थी पंजीकृत थे।जिसमें से 17 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी।जबकि,एक परीक्षार्थी अनुत्तीर्ण रहा।दूसरी पाली में इंटर हिन्दी विषय की परीक्षा में 18839 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। जबकि,1170 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे।

पहले दिन परीक्षा में बच्चों का उत्साह देखने को मिला। सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी रही।

जिले में 71केंद्रों पर हाईस्कूल और इंटर की परीक्षा हुई। दोनों पालियों में किसी भी परीक्षा केंद्र से किसी परीक्षार्थी के द्वारा कोई अनुचित साधन प्रयोग करने की सूचना प्राप्त नहीं हुई।जनपद स्तर पर नियुक्त जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सचल दल की छह टीमों द्वारा जिले भर के परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा को शुचितापूर्ण, नकलविहीन और सकुशल सम्पन्न कराने के लिए निरीक्षण किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक मुन्ने अली ने बताया कि पहले दिन की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई।जिले भर में कहीं से भी कोई परीक्षार्थी अनुचित साधनों का प्रयोग करते हुए नहीं पकड़ा जा सका।

हिन्दी का सरल पेपर देने के लिए छात्र- छात्राओं के चेहरे

हिंदी का पेपर काफी सरल आया था, लेकिन व्याकरण में कहीं-कहीं अड़चन आई थी, लेकिन उसको सूझबूझ के साथ हल कर दिया। पहले पेपर से अब आगे पेपर अच्छे आने की उम्मीद है।

-मोहम्मद तारिक कक्षा-10

.....

जब भी पहला पेपर हिंदी का आता है तो मनोबल काफी बढ़ जाता है। बोर्ड परीक्षा में आगे के पेपर के लिए कुछ हिम्मत मिली है। अब इससे आने वाले पेपर अच्छे होने की उम्मीद है।

- अरमान अली, कक्षा-10

.....

पेपर में जो पैराग्राफ कि सही करने के लिए आया था, उसमें काफी कठिनाई हुई थी लेकिन उसके बाद पूरा पेपर काफी अच्छा गया है। पहला पेपर मेरा बोर्ड का था। बहुत कुछ जानने को भी मिला है।

-शावेज, कक्षा- 10

.....

मैं 12 वीं कक्षा का छात्र हूं।जब भी पहला पेपर हिंदी का आता है तो मनोबल काफी बढ़ जाता है। बोर्ड परीक्षा में आगे के पेपर के लिए कुछ हिम्मत मिली है। अब इससे आने वाले पेपर अच्छे होने की उम्मीद है।

-विनय सैनी, कक्षा 12

सीबीएसई : 2814 परीक्षार्थियों ने दी इंटर अंग्रेजी विषय की परीक्षा

- गुरुवार को हुई में परीक्षा में ५२ परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित
- सीसीटीवी कैमरों और वॉयस रिकॉर्डर की निगरानी में हुई परीक्षा

शाह टाइम्स ब्यूरो

रामपुर। सीबीएसई इंटर अंग्रेजी विषय की परीक्षा में 2814परीक्षार्थी शामिल हुए।जबकि,52 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी।सीसीटीवी कैमरों और वॉयस रिकॉर्डर की निगरानी में परीक्षा सम्पन्न हुई है।

गुरुवार को हुई अंग्रेजी विषय की परीक्षा जिले के ग्रीनवुड सीनियर सेकंडरी स्कूल, केंद्रीय विद्यालय, सनवे स्कूल, सेंट एंथोनी स्कूल,दयावती मोदी अकादमी, व्हाइटहॉल पब्लिक स्कूल,सेंट पॉल स्कूल,सेंट मैरी सीनियर सेकेंड्री स्कूल, लीड इंडिया इंटरनेशनल स्कूल स्वार, होली चाइल्ड स्कूल बिलासपुर, आरएएन पब्लिक स्कूल बिलासपुर, न्यू एज पब्लिक स्कूल बिलासपुर और ब्रह्मदत्त सरस्वती विद्या मंदिर बिलासपुर परीक्षा केंद्रों पर हुई। अंग्रेजी कोर विषय की परीक्षा में 2864 परीक्षार्थी पंजीकृत थे।जिसमें से 2814 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए।50 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी।

जबकि, अंग्रेजी इलेक्टिव विषय की परीक्षा में दो परीक्षार्थी पंजीकृत थे।दोनों परीक्षार्थी परीक्षा के दौरान अनुपस्थित रहे।परीक्षा पूर्व सभी केंद्रों पर तैयारियां पूरी कर ली गई थीं। परीक्षा शांतिपूर्ण और नकलविहीन ढंग से हुई।गुरुवार को 12वीं की परीक्षा 13 केंद्रों पर संपन्न हुई।सुबह 10 बजे से परीक्षार्थियों को केंद्र के अंदर प्रवेश मिलना शुरू हुआ। परीक्षा कक्ष में पहुंचने से पहले परीक्षार्थियों की तलाशी लीगई। 10.30 बजे परीक्षा शुरू होकर 1.30 बजे समाप्त हो गई।परीक्षा के नोडल अधिकारी एनके तिवारी ने बताया कि परीक्षा में 2814परीक्षार्थी शामिल हुए।52 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी।

श्री गुरु हर राय साहिब जी महाराज जी के प्रकाश उत्सव पर सजा विशेष दीवान

शाह टाइम्स ब्यूरो

रामपुर। श्री गुरु हर राय साहिब जी महाराज जी के प्रकाश उत्सव के संबंध में गुरुद्वारा संत भाई जी बाबा में विशेष दीवान सजा। इससे पूर्व सुबह पांच बजे श्री नितनेम साहिब व श्री सुखमणि साहिब के पाठ हुए अरदास उपरांत प्रसाद वितरण हुआ।विशेष दीवान सजा जिसमें हजूरी रागी जत्था भाई हरमन जीत सिंह गुरुद्वारा संत भाई जी बाबा शबद कीर्तन किया गया।सुबह अरदास उपरांत गुरु अटूट लंगर बांटे गए। कार्यक्रम में प्रबंधक कमेटी के गुरुद्वारा प्रधान दर्शन सिंह खुराना द्वारा श्री गुरु हर राय साहब जी महाराज के प्रकाश पूर्व के उपलक्ष में इतिहास पर प्रकाश डाला गया तथा नगर कीर्तन में सहयोग करने व अन्य सेवाओं में सहयोग करने हेतु साद संगत का धन्यवाद किया गया है। प्रधान दर्शन सिंह खुराना के अतिरिक्त त्रिलोचन सिंह वाधवा, महेंद्र सिंह होरा , हरीश अरोड़ा जसमीत सिंह , गुरजीत सिंह माट। ,अमरजीत सिंह, कृपाल सिंह आदि एवं ग्रंथि सेवा सिंह ,गुरमीत सिंह एवं अन्य मेंबररान उपस्थित थे।

एक नजर

अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की हुई मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

रामपुर। अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है।

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के बढपुरा गांव निवासी प्रेम सिंह (40) बाइक पर सवार होकर केमरी की ओर से घर आ रहे थे। रास्ते में चमरपुरा गांव के पास एक वाहन चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में प्रेम सिंह की मौके पर ही मौत हो गई।

वहीं,दूसरी ओर शहजादनगर थाना क्षेत्र में एक ढाबे के पास अज्ञात वाहन ने महिला को टक्कर मार दी। हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने का प्रयास किया,लेकिन महिला की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव का पीएम कराकर मोर्चरी में रखवा दिया है।

किशोरी के साथ अश्लील फोटो वायरल करने के आरोप में

पुलिस ने आरोपी युवक को किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

रामपुर। केमरी थाना क्षेत्र में किशोरी के साथ छेड़छाड़ करते हुए अश्लील फोटो खींचकर वायरल करने के आरोप में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

केमरी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक ग्रामीण ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें आरोप लगाया है कि उसकी बेटी कक्षा दस की छात्रा है। गांव का ही एक युवक बेटी से रास्ते में छेड़छाड़ व अश्लील हरकतें करता था।

किशोरी द्वारा परिजनों को बताया तो उन्होंने आरोपी के परिजनों से मामले की शिकायत की। जिसके बाद भी आरोपी अपनी हरकतों से बाज नहीं आया और किशोरी को परेशान करने लगा। यही नहीं आरोपी ने घर में घुसकर किशोरी के अश्लील फोटो खींच लिए और किशोरी को फोटो दिखाकर ब्लैकमेल करने लगा।

इसको लेकर ही पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। बृहस्पतिवार को पुलिस ने इस मामले में आरोपी मुकेश को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी सतेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

फर्जी जाति प्रमाण पत्र के जरिए सभासद बन जाने पर फंसे भाजपा सभासद

शाह टाइम्स ब्यूरो

रामपुर। फर्जी जाति प्रमाण पत्र के जरिए सभासद बन जाने पर रामपुर नगर पालिका के वार्ड चार के भाजपा सभासद फंस गए हैं। पांच सदस्यीय कमेटी ने सभासद के अनुसूचित जाति के प्रमाण पत्र को फर्जी मानते हुए जाति प्रमाण पत्र को निरस्त कर दिया है।

फर्जी जाति प्रमाण पत्र का यह मामला शहर के वार्ड संख्या चार का है। यह वार्ड अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित किया गया था। इस वार्ड से भाजपा प्रत्याशी विनोद कश्यप चुनाव जीते हैं। इस वार्ड से निर्दिलीय प्रत्याशी रहे आशीष सागर ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया, जिसमें उन्होंने कहा कि वार्ड संख्या चार अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित किया गया था, जबकि विनोद कश्यप कहार जाति के हैं जो की पिछड़ी जाति के अंतर्गत आती है।

लेकिन विनोद कश्यप ने वर्ष 2022 में फर्जी तरीके से लेखपाल की फर्जी आईडी बनाकर एससी का प्रमाण पत्र हासिल कर लिया, जिसकी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई थी, जिसकी जांच हुई तो 12 मई को तहसीलदार सदर द्वारा विनोद कश्यप का जाति प्रमाण का प्रमाण पत्र निरस्त कर दिया गया। पुलिस की जांच में भी जाति प्रमाण पत्र कूटरचित तरीके से होना पाया गया है। बाद में मामले में जिलाधिकारी के निर्देश पर 27 जून को अपर जिलाधिकारी प्रशासन, डिप्टी कलेक्टर देवेंद्र प्रताप को जांच सौंपी गई। डीएम के आदेश पर स्क्रूटनी समिति का गठन किया गया। जिसमें जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी को भी शामिल किया गया।

स्क्रूटनी समिति ने सुनवाई के बाद सभी तथ्यों पर गौर किया और दोनों ओर से पुख्ता सुबूत रखे गए। समिति ने तहसीलदार के पूर्व के फैसले को ठीक मानते हुए फर्जी तरीके से बनवाया गया अनुसूचित जाति के तुरैहा जाति के प्रमाण पत्र को खारिज कर दिया। जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने भी फर्जी जाति प्रमाण पत्र को निरस्त करने का निर्देश जारी कर दिया है।

सड़क हादसे में मासूम छात्रा की मौत परिवार में मचा कोहराम

शाह टाइम्स संवाददाता

भोट । रामपुर- काठगोदाम हाईवे पर देर शाम तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से एक किशोरी की मौत हो गयी । किशोरी की मौत की सूचना पर परि. जनों में कोहराम मच गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला चिकित्सालय भिजवाया है।

थाना क्षेत्र के कस्बा भोट निवासी सलीम लोहार का काम करते हैं । सलीम की पुत्री मुनीशा उम्र 09 वर्ष बुधवार शाम सात बजे अपने छोटे भाई के साथ ही कस्बा स्थित दादा मिंया की दरगाह की ओर जा रही थी।

मृतका मुनीशा उम्र 09 वर्ष का फाइल फोटो

हाईवे पर ईदगाह के सामने पहुंचते ही रामपुर की ओर आ रही तेज रफ्तार एक बाइक ने किशोरी को टक्कर मार दी। घटना में वह दूर जा गिरी और गंभीर रूप से घायल हो गई।हादसे के बाद बाइक सवार बाइक को मौके पर ही छोड़ कर फरार हो गया। सूचना पर ग्रामीणों संग परिजन भी मौके पर पहुंच गए व घायल को रूद्रपुर स्थित निजी चिकित्सालय में ले गए। जहां रात करीब दस बजे गंभीर रूप से घायल किशोरी ने दम तोड़ दिया। परिजन रात में ही शव को घर ले आये व थाना पुलिस को मामले की सूचना दी। मासूम का शव घर पहुंचते ही उसके घर में कोहराम मच गया तमाम रिश्तेदार व ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को जिला चिकित्सालय भिजवाया है। पुलिस ने बाइक को कब्जे में ले लिया है । परि. जनों के मुताबिक मृतका चार बहनों में सबसे छोटी थी और उससे छोटा एक भाई है। मृतका गांव के ही प्राथमिक विद्यालय में कक्षा तीन की छात्रा थी।

हामिद स्कूल के सामने अवैध रूप से लगे डिवाइडर हटाने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

रामपुर। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल का एक प्रतिनिधिमंडल नगर पालिका अधिशासी अधिकारी से मिला और ज्ञापन दिया।

जिसमें कहा गया कि रामपुर नगर पालिका परिषद अंतर्गत हामिद स्कूल के ठीक सामने अवैध अनाधिकृत डिवाइडर जवरन तानाशाही कर लगा दिया गया है। लगातार जाम व यातायात व्यवस्था भंग होने की वजह से व्यापार मण्डल जनहित में लगातार संघर्ष को तैयार है।यदि अति शीघ्र हामिद स्कूल के सामने लगे डिवाइडर को नहीं हटाया गया तो व्यापार मंडल बड़ा आंदोलन करने पर मजबूर होगा।इस डिवाइडर की वजह से आम जनता व व्यापारी समाज को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।क्योंकि मात्र 16 फीट की रोड है। उसमें भी अवैध तरीके से डिवाइडर लगा दिया गया है।जिससे आने-जाने में हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है।

लोग घंटो तक जाम में फंसे रहते हैं।जिस कारण आम जनता व्यापारी समाज को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

इस अवसर पर प्रवीण गुर्जर ,महफूज हुसैन ,पप्पू खान ,नाजिम खान, सुरमीत सिंह छावडा आदि मौजूद रहे।

चेयरमैन अखिल कौशिक ने किया निर्माणाधीन गौशाला का निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

मवाना। नगर पालिका चेयरमैन अखिल कौशिक ने गुरूवार को निर्माणाधीन गौशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण की गुणवत्ता जांची और जेई को दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की इस योजना से गोवंश के रखरखाव में बहुत लाभ मिलेगा। गौरतलब है कि मेरठ रोड पर ईदगाह रजवाहे के पास शासन द्वारा स्वीकृत कान्हा गौशाला का निर्माण किया जा रहा है। राज्यमंत्री दिनेश खटीक ने गौशाला की नींव रखी थी। बजट मिलने के बाद गौशाला का निर्माण तेजी से चल रहा है।

- ईदगाह रजवाहे के पास चल रहा है कान्हा गौशाला का निर्माण

गुरूवार को चेयरमैन नगर पालिका मवाना अखिल कौशिक निर्माणाधीन गौशाला में पहुंचे और गार्ड रूम, डाक्टर रूम, शौचालय आदि निर्माण का निरीक्षण किया। उन्होंने ठेकेदार को निर्माण समय से पूरा करने व कार्य गुणवत्तापूर्ण करने को निर्देशित किया। उन्होंने जेई मूलचंद को भी इस बाबत निर्देशित किया। इस दौरान वर्क सुपरवाइजर साजिद आदि नगर पालिका के कर्मचारी मौजूद रहे।

लोकदल की विजय-संकल्प रैली की तैयारियां पूरी, पहुंचेंगे लाखों कार्यकर्ता

लोकदल महासचिव चौधरी विजेंद्र सिंह ने कहा मीरापुर रैली तय करेगी बिजनौर सीट की दिशा

- गांव-गांव घर-घर पहुंच रहे कार्यकर्ता

शाह टाइम्स संवाददाता

मवाना। 25 फरवरी को लोकदल की मीरापुर में प्रस्तावित विजय संकल्प रैली को लेकर पार्टी पदाधिकारी धुआंधार जनसंपर्क में जुटे हैं। कार्यकर्ता गांव-गांव में घर-घर दस्तक देकर पार्टी की नीतियां बताते हुए संकल्प रैली में पहुंचने का आह्वान कर रहे हैं। उधर, पार्टी महासचिव चौधरी विजेंद्र सिंह भी लगातार जनता के बीच पहुंचकर लोकदल के संस्थापक स्व. चौ. चरण सिंह के बताए आदर्शों का स्मरण कराकर अपार जनसमर्थन जुटा रहे हैं। पार्टी महासचिव ने कहा कि मीरापुर की संकल्प रैली बिजनौर सीट की विजय दिशा तय करने वाली साबित होगी।

आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर सरगर्मी बढ़ती जा रही है। इस सरगर्मी में लोकदल से चौधरी विजेंद्र सिंह की रणनीति ने तापमान और बढ़ा दिया है। किसान जोड़ों यात्राओं की सफलता के बाद अब उन्होंने 25 फरवरी को मीरापुर में खतौली रोड पर तनेजा कोल्ड स्टोरेज के सामने स्थल पर विजय संकल्प रैली का आह्वान किया है। रैली को लेकर पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता पूरे जोश खरोश से जनसंपर्क में जुटे हैं। पार्टी पदाधिकारी चौ. गजेंद्र सिंह नीलकंठ ने गुरूवार को जनसंपर्क के बाद कार्यकर्ताओं संग बैठक की और रणनीति को अंतिम रूप दिया। विजय संकल्प रैली में पार्टी महासचिव चौ. विजेंद्र सिंह जनसभा को संबोधित करेंगे। चौधरी विजेंद्र सिंह ने कहा कि किसानों की एमएसपी की मांग जायज है और किसान अपना अधिकार सरकार से मांग रहे हैं। इस मुद्दे को लेकर वह जनता के बीच हैं।

शोभित विवि में एक दिवसीय संवादात्मक कार्यशाला का आयोजन

मेरठ। अपराधिक विधि में संशोधनों के लिए अधिनियमित भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम के उद्देश्य, उनके प्रावधानों के प्रभावों की व्याख्या पर चर्चा के लिए गुरुवार को स्कूल ऑफ लॉ एंड कॉन्स्टिट्यूशनल स्टडीज, शोभित सम विश्वविद्यालय, मेरठ एक दिवसीय संवादात्मक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमे प्रतिभाग के लिए मेरठ, बागपत, शामली, मुजफ्फरनगर, बुलंदशहर, सहारनपुर तथा हापुड मे कार्यरत 151 पुलिस निरीक्षकगण व उपनि. रीक्षकगण नामित किए गए थे जिनमे से 121 अधिकारीगण द्वारा सहभागिता की गई। कार्यशाला को डीके ठाकुर, आईपीएस, अपर पुलिस महानिदेशक, मेरठ जोनय शोभित विश्वविद्यालय के कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र, प्रभारी कुलपति प्रो. (डॉ.) जयानंद, कुलसचिव डॉ. गणेश भारद्वाज, निदेशक प्रो. प्रमोद कुमार गोयल, तथा सहायक प्रोफेसर डॉ. कुलदीप कुमार, डॉ. प्रताप दास, डॉ. पल्लवी जैन, डॉ. सीमा मोदी तथा शुभम शर्मा ने सम्बोधित किया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डीके ठाकुर ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि शोभित विश्व. विद्यालय की यह पहल काबिले तारीफ है जिस प्रकार शोभित विश्वविद्यालय ने प्राथमिकता करते हुए कानून में हुए बदलावों को हमारे पुलिस अधिकारियों तक पहुंचने में जो बड़ा महत्वपूर्ण योगदान दिया है वह बहुत सराहनीय है। जिस प्रकार एक ही छत के नीचे सभी हमारे पुलिस अधिकारी एवं विश्वविद्यालय के छात्र एक साथ बैठकर ज्ञान अर्जन कर रहे हैं यह देख कर अच्छा लगता है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि जिस प्रकार कानून में संशोधन हो रहे हैं और हमारे पुलिस अधिकारी इन संशोधनों को जानने की जिज्ञासा रख रहे हैं और जल्द से जल्द उनको समझाना चाहते हैं यह सराहनीय है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शोभित विश्व. विद्यालय के कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र ने सभी पुलिस अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा पहला उद्देश्य ज्ञान का सर्जन होना चाहिए उन्होंने कहा कि क्रिएशन ऑफ नॉलेज होना अनिवार्य है और क्रिएशन ऑफ नॉलेज तब होगी जब आप सभी अधिकारीगण हमारे बच्चों के साथ अपने एक्सपीरियंस साझा करेंगे।

कार्यालय ग्राम पंचायत आजादनगर वि0ख0 इस्लामनगर बदायूं।

'अल्पकालीन निविदा' 21-02-2024

समस्त सामग्री आपूर्ति यथा (सीमेंट, रेता, बजरी, बदरफूट ईंट, सरिया, एंगिल, रोड़ा) आदि को सूचित किया जाता है कि मनरेगा राज्य वित्त, केन्द्र वित्त योजना (2023 24) के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से ग्राम पंचायत 'आजादनगर' वि0ख0 इस्लामनगर बदायूं में निम्न कार्य हेतु निवाएं आमंत्रित की जाती है। अतः समस्त संबंधित आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि निविदा की तारीख से सामग्री की दरें बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 28-02-2024 को शाम 3:00 बजे तक कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें।

कार्य का विवरण निम्न प्रकार है:-

क्र.सं.	कार्य का विवरण	अनुमानित धनराशि
1.	डॉ0 रामपाल के घर से पूरन के घर तक सीसी नि0 कार्य	प्राक्कलन के अनुसार
2.	हरिओम की दुकान से तलाब तक सीसी निर्माण कार्य	प्राक्कलन के अनुसार
3.	सत्यवीर सिंह के घर से फुलचार सिंह के घर तक सीसी निर्माण कार्य	प्राक्कलन के अनुसार

सचिव प्रधान

मोहम्मद शमी आईपीएल व टी-20 विश्व कप नहीं खेलेंगे

● एंकल की सर्जरी कराने जाएंगे यूके, 6 से 8 महीने के लिए हो सकते है बाहर

नई दिल्ली, वार्ता। भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी इस साल आईपीएल और टी-20 वर्ल्ड कप नहीं खेल सकेंगे। वह एंकल इंजरी की सर्जरी कराने के लिए यूके जाएंगे। उन्होंने लंदन में इंजेक्शन लिए थे, लेकिन उनका असर बॉडी पर नहीं हुआ। इस कारण अब सर्जरी करानी ही पड़ेगी।

शमी आईपीएल में गुजरात टाइटंस से खेलते हैं। पीटीआई के अनुसार वह सर्जरी के बाद इस साल नवंबर तक फिट हो जाएंगे। शमी जनवरी के आखिरी सप्ताह में लंदन गए थे। जहां उन्होंने एंकल के लिए स्पेशल इंजेक्शन लिए। डॉक्टर्स ने उन्हें बताया कि 3 सप्ताह बाद वह रनिंग शुरू कर सकते हैं। अगर उन्हें ठीक फील होता तो वह रनिंग के बाद बॉलिंग भी शुरू कर सकते हैं। बीसीसीआई अधिकारी ने पीटीआईको बताया कि इंजेक्शन ने उतना असर नहीं दिखाया जितनी उम्मीद थी। ऐसे में शमी के पास सर्जरी कराने के अलावा कोई और ऑप्शन नहीं बचा। वह कुछ दिनों बाद सर्जरी कराने के लिए यूके जाएंगे। ऐसे में आईपीएल खेलने के बारे में तो सोच भी नहीं सकते।शमी ने चोट के बावजूद वनडे वर्ल्ड कप खेला, लेकिन टूर्नामेंट खत्म होने के बाद वह कोई क्रिकेट मैच नहीं खेल सके। उन्होंने बेंगलुरु स्थित नेशनल क्रिकेट एकेडमी (एनसीए) में रिहैब किया। एनसीए के ही सजेशन पर शमी ने इंजेक्शन लगवाए, लेकिन अब वह रिकवर नहीं हो सके। एनसीए से अगर वनडे वर्ल्ड कप के बाद ही शमी को सर्जरी की सलाह मिलती तो वह टी-20 वर्ल्ड कप तक फिट भी हो जाते। तब उन्हें सर्जरी के बाद इंजेक्शन की जरूरत पड़ती और वह 3 से 4 महीने के अंदर फील्ड पर वापसी कर लेते। पीटीआई के अनुसार, सर्जरी के बाद शमी आईपीएल के साथ ही टी-20 वर्ल्ड कप भी नहीं खेल पाएंगे। यहां तक कि उनका सितंबर-अक्टूबर में होने वाली बांग्लादेश और न्यूजीलैंड सीरीज तक भी फिट होना मुश्किल है। हालांकि बीसीसीआई को उम्मीद है कि शमी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ साल के अंत में होने वाली टेस्ट सीरीज का हिस्सा हो सकते हैं। सर्जरी के बाद शमी को करीब 3 से 4 महीने तक आराम पर रहना पड़ेगा। इसके बाद वह प्रैक्टिस शुरू करेंगे और एनसीए से फिटनेस क्लियरेंस मिलने के बाद ही मैच खेल सकेंगे। इसके 6 से 8 महीने का समय लग सकता है।

रांची की पिच पर टर्न देखने को मिलेगा : राठौर

भारतीय टीम के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ का मानना है कि रांची की पिच सूखी है और इसमें दरार है , हम हर तरह की परिस्थितियों के लिए तैयार हैं

रांची, वार्ता। भारतीय टीम के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ का मानना है कि रांची की पिच सूखी है और इसमें दरार है जिससे गेंदबाजों टर्न मिलेगा। कल होने वाले चौथे टेस्ट मैच से पहले मीडिया से बातचीत में भारतीय टीम के बल्लेबाज़ी कोच विक्रम राठौड़ ने यह बात कही। इससे पहले इंग्लैंड के बल्लेबाज ऑली पोप ने पिच देखने के बाद कहा था कि ये बिल्कुल सूखी है और इसमें दरारे हैं। राठौर ने कहा कि भारत में कोई टेस्ट खेला जा रहा हो और लोग पिच को लेकर खबरे न बनाए ये नहीं हो सकता। इसमें कोई संदेह नहीं कि पिच सूखी है और टर्न भी देखने को मिलेगा। लेकिन कब घूमेगी और कितना घूमेगी ये नहीं कह सकता। हम हर तरह की परिस्थितियों के लिए तैयार हैं और उसी हिसाब से टीम संयोजन देखने को मिलेगा। राठौड़ ने रांची टेस्ट में रजत पाटीदार की खिलाए जाने के सवाल पर स्पष्ट किया कि कोई खिलाड़ी दो मैचों में रन बनाए तो खराब नहीं हो जाता, हमें उनकी प्रतिभा पर पूरा विश्वास है। उल्लेखनीय है कि रांची टेस्ट में जसप्रीत बुमराह को आराम दिया गया है और उनकी जगह टीम में आकाश दीप को शामिल किया गया है। हालांकि मुकेश कुमार के तौर पर भी एक और तेज गें. दबाज का विकल्प मौजूद है।

पिच के मिजाज को परखते हुए इंग्लैंड ने बशीर को एकादश में किया शामिल

● इंग्लैंड को शोएब बशीर से घरेलू स्तर पर शानदार प्रदर्शन को दोहराने की उम्मीद है

रांची, वार्ता। इंग्लैंड ने शुक्रवार से शुरु होने वाले चौथे टेस्ट के लिए पिच का मिजाज परखते हुए अपनी एकादश में ऑफ स्पिनर शोएब बशीर शामिल किया है तथा तेज गेंदबाज ओली रॉबिन्सन को मौका दिया है। रांची के जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम कल होने वाले चौथे टेस्ट मैच लिए को जो मार्क वुड और रेहान अहमद की जगह टीम में शामिल किया गया है। इंग्लैंड को बशीर से घरेलू स्तर पर शानदार प्रदर्शन को दोहराने की उम्मीद है। इंग्लैंड ने खराब फॉर्म से जूझ रहे जॉनी बेयरस्टो को एक और मौका दिया है। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने बशीर के चयन को लेकर कहा कि हम पिच देखकर इसी तरह से हम अपनी एकादश चुनना पसंद करते हैं। उन्होंने कहा कि पिच को देखते हुए मुझे लगता है कि यहां अतिरिक्त उछाल मिलेगा और यह स्पिन के लिए सहायक होगी। इसीलिए हमने बशीर को टीम में शामिल किया है। उन्होंने ओली रॉबिन्सन को लेकर कहा कि मैं वास्तव में उसे मौका देने के लिए उत्साहित हूं। उन्होंने कहा कि वह एक अविश्वसनीय पेशेवर हैं, जिस तरह से उन्होंने काम किया है। पहले तीन गेम नहीं खेलना बेहद निराशाजनक है, विशेषकर किसी ऐसे व्यक्ति के लिए जिसने पिछले दो वर्षों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जिस तरह से उन्होंने सब कुछ जारी रखा, जा रहा है और आगे बढ़ रहा है। नहीं खेलने की स्पष्ट निराशा से निपटना काम करने का एक शानदार तरीका है। अब मौका आ गया है। उसने वह सब कुछ किया है जो उसे करना था और मैं वास्तव में उसे फिर से पार्क में देखने के लिए उत्सुक हूं।

चौथे टेस्ट के लिए इंग्लैंड एकादश:- बेन स्टोक्स (कप्तान),जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो, बेन फोक्स, टॉम हार्टले, शोएब बशीर, ओली रॉबिन्सन और जेम्स एंडरसन।

संक्षिप्त खेल समाचार

डीयू एल्यूमिनी ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज को 9-0 से दी मात

नई दिल्ली, वार्ता। दिल्ली यूनिवर्सिटी एल्यूमिनी ने दसवें पद्मश्री श्याम लाल मेमोरियल इन्विटेशनल हॉकी टूर्नामेंट 2024 में गुरुवार को महिला वर्ग के लीग मैच में श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज को 9-0 से हराया। यहां खेले गए मुकाबले में दिल्ली यूनिवर्सिटी एल्यूमिनी की ओर से मेघा ने तीन गोल, सुनीता और नीलम ने दो-दो गोल तथा प्रियंका और सारिका ने एक-एक गोल किया। हॉकी वूमेन ऑफ द मैच का अवार्ड दिल्ली युनिवर्सिटी एलुमिनी सुनीता को नवाजा गया। वहीं एक अन्य मैच में विवेकानंद कॉलेज और भारती कॉलेज का मैच 2-2 की बराबरी पर रहा। विवेकानंद कॉलेज की तरफ से सोनिया और एकता ने एक-एक गोल्ड की है जबकि भारतीय कॉलेज की तरफ से मनीषा ने दोनों कॉल किया। हॉकी वूमेन ऑफ द मैच का अवार्ड भारती कॉलेज की मनीषा को मिला। पुरुष वर्ग में श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स ने हंसराज कॉलेज को 5 -1 से हराया।श्री राम कॉलेज की तरफ से योगेश्वर और लखन ने दो-दो गोल किए जबकि एक गोल विभांशु ने किया और हंसराज कॉलेज से एकमात्र गोल रवि राज ने किया।

झेंग डब्ल्यूटीए दुबई ओपन क्वार्टर में पहुंचीं

दुबई, वार्ता। चीन की झेंग किनवेन ने रूस की अनास्तासिया पोटापोवा को 6-3, 6-2 से हराकर डब्ल्यूटीए 1000 दुबई ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है। झेंग ने बुधवार को राउंड ऑफ 32 में एक रोमांचक प्रदर्शन करते हुए पहली बार दुबई टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने पहुंची। यह तीसरी बार है जब झेंग डब्ल्यूटीए1000 स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में पहुंची है। क्वार्टर फाइनल में चीनी खिलाड़ी का सामना दुनिया की नंबर 1 पोलैंड की इगा स्विएटेक से होगा। इगा स्विएटेक ने पिछली सभी पांच मुकाबलों में जीत हासिल की है।

एशिया कप पुरुष बास्केटबॉल टूर्नामेंट में फिलीपींस ने हांगकांग को हराया

हांगकांग, वार्ता। फीबा एशिया कप 2025 पुरुष बॉस्केटबॉल क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में गुरुवार को खेले गए मुकाबले में फिलीपींस ने हांगकांग पर 94-64 से 30 अंकों की शानदार जीत दर्ज की। वहीं ग्रुप बी के एक अन्य क्वालीफाइंग मुकाबले में न्यूजीलैंड ने चीनी ताइपे को 89-69 से हराया। इस टूर्नामेंट में 24 प्रतिस्पर्धी टीमों को चार-चार के छह समूहों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक समूह में शीर्ष दो टीमें अगले साल सऊदी अरब में अंतिम दौर में पहुंचेंगी। जबकि तीसरे स्थान पर रहने वाली छह टीमें अंतिम चार स्थानों के लिए एक अन्य क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में खेलेंगी।

आईवीपीएल: दिग्गजों के बीच आज होगी जंग

आईवीपीएल के पहले संस्करण में दुनिया के दिग्गज सितारे अपनी टीमों के लिए जोर आजमाइश करते दिखेंगे

ग्रेटर नोएडा, वार्ता। इंडियन वेटरन प्रिमियर लीग (आईवीपीएल) के शुक्रवार से शुरु होने जा रहे पहले संस्करण में दुनिया के दिग्गज सितारे अपनी टीमों के लिये जोर आजमाइश करते दिखेंगे। ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेली जाने वाली लीग का पहला मैच वीरेंद्र सहवाग की मुंबई चैंपियन्स और क्रिस गेल की तेलंगाना टाइगर्स के बीच खेला जाएगा। फाइनल तीन मार्च को होगा।

सभी टीमें इस टूर्नामेंट के लीग स्टेज में सेमीफाइनल से पहले 5-5 मैच खेलेंगी। दो मार्च को सेमीफाइनल मैच होगा जिसमें चार टीमें जगह बनाएंगी। लीग में कुल छह टीमें हिस्सा ले रही हैं जिनके नाम हैं वीवीआईपी उत्तर प्रदेश, रेड कार्पेट दिल्ली, मुंबई चैंपियंस, राजस्थान लेजेंड्स, छत्तीसगढ़ वॉरियर्स, तेलंगाना टाइगर्स। इसमें दिग्गजों के साथ-साथ हर टीम में हर एक रीजन के टैलेंटेड खिलाड़ी भी मौजूद हैं। श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर एंजेलो परेरा राजस्थान लेजेंड्स की कप्तानी करेंगे, वहीं भारतीय गेंदबाज मुनफ पटेल छत्तीसगढ़ वॉरियर्स की कमान संभालेंगे। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज एस श्रीसंत भी एंजेलो परेरा के साथ मिलकर राजस्थान लेजेंड्स के पेस अटैक को मजबूती देंगे। साथ ही परविंदर अवाना भी इस टीम का हिस्सा हैं। भारत के लिए वर्ल्ड कप जीत चुके तेज गेंदबाज मुनफ पटेल आईवीपीएल के जरिए क्रिकेट फील्ड पर वापसी करने जा रहे हैं। इसका आयोजन 23 फरवरी से तीन मार्च तक होना है। मुनफ पटेल ने कहा कि मुझे फील्ड पर वापस लौटकर अच्छा लग रहा है। मैं छत्तीसगढ़ वॉरियर्स की इंडियन वेटरन प्रीमियर लीग में कमान संभालूंगा। क्रिकेट हमेशा से मेरा पैशन रहा है और मैं दोबारा खेलने के लिए बेहद उत्सुक हूं। मैं यहां से यादगार लम्हें लेकर जाऊंगा और अपना बेस्ट दूंगा। टीमों ने इस लीग के लिए तैयारियां भी शुरू कर दी हैं। सुरेश रैना की कप्तानी वाली वीवीआईपी उत्तर प्रदेश की टीम ने यहां ट्रेनिंग सेशन भी रखा था। कई पूर्व क्रिकेटर जैसे प्रवीण कुमार, अनुदीप सिंह, पवन नेगी, रजत भाटिया इस सेशन में नजर भी आए थे। इस सेशन में टीम के मालिक विभोर त्यागी ने भी बुधवार को हिस्सा लिया था।

डब्ल्यूपीएल के उद्घाटन में बॉलीवुड स्टार दर्शकों का करेंगे मनोरंजन

बेंगलुरु, वार्ता। महिला प्रीमियर लीग 2024 (डब्ल्यूपीएल) के दूसरे संस्करण के उद्घाटन सत्र में शाहरुख खान, शाहिद कपूर, टाइगर श्रॉफ, वरुण धवन, सिद्धार्थ मल्होत्रा और कार्तिक आर्यन सहित अन्य बॉलीवुड स्टार दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में कल शाम 18:30 बजे डब्ल्यूपीएल का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया जायेगा। 32 हजार क्षमता वाले स्टेडियम में शाहरुख खान, शाहिद कपूर, टाइगर श्रॉफ, वरुण धवन, सिद्धार्थ मल्होत्रा और कार्तिक आर्यन समेत बॉलीवुड के अन्य स्टार दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। शाहरुख खान इंडियन प्रीमियर लीग की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स के मालिक भी हैं। उद्घाटन समारोह के बाद गत चैंपियन और भारतीय टी-20 क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली मुंबई इंडियंस और पिछले साल की उप-विजेता टीम दिल्ली कैपिटल्स के बीच मुकाबला खेला जायेगा।

● स्टेडियम में शाहरुख खान, शाहिद खान, टाइगर श्रॉफ समेत अन्य स्टार दर्शकों का मनोरंजन करेंगे

इस बार टूर्नामेंट में मुंबई इंडियंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू, गुजरात जाएंट्स, दिल्ली कैपिटल्स और यूपी वॉरियर्ज की टीमें हिस्सा लेंगी। इन टीमों के बीच 20 लीग मुकाबले सहित कुल 22 मुकाबले खेले जायेंगे। एक एलिमिनेटर और एक फाइनल मुकाबला होगा। टूर्नामेंट के 11 मैच दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम और इतने ही मैच बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले जायेंगे।

22 मार्च से होगा आईपीएल का आगाज

आईपीएल-2024 का शुरुआती मैच गत चैंपियन सीएसके और आरसीबी के बीच होगा

टूर्नामेंट में चार प्लेऑफ मुकाबलों के साथ कुल 74 मैच खेले जाएंगे

नई दिल्ली, वार्ता। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 की शुरुआत 22 मार्च को गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच मुकाबले से होगी। यह मुकाबला चेन्नई के एम चिदंबरम स्टेडियम में खेला जायेगा।

टूर्नामेंट में चार प्लेऑफ मुकाबलों के साथ कुल 74 मैच खेले जाएंगे। 22 मार्च से 7 अप्रैल के बीच दिल्ली कैपिटल्स दिल्ली के फिरोज शाह कोटला में नहीं खेल पाएगी। इस दौरान उनके दोनों मैच विशाखापटनम के एसीए-वीडीसीए स्टेडियम में खेले जाएंगे। महिला प्रीमियर लीग के आखिरी दौर के मैच सहित फाइनल 17 मार्च को खेला जाएगा। इस वजह से यहां आईपीएल का कोई मैच नहीं रखा गया है। दिल्ली, गुजरात टाइटंस और आरसीबी इन 17 दिन के शुरुआती कार्यक्रम में अपने 14 में पांच मैच खेलेंगे। कोलकाता नाइटराइडर्स केवल तीन मैच तथा शेष सभी टीम चार मैच खेलेंगी। पंजाब किंग्स अपने घरेलू मैच मो. हाली में खेलेगी या फिर पंजाब क्रिकेट संघ के मुल्लानपुर में बने नए स्टेडियम में खेल सकती है। आईपीएल गवर्निंग काउंसिल पूरा शेड्यूल जारी करने से पहले देश में होने वाले आम चुनाव के मतदान की तिथि जारी होने का इंतजार है। वर्ष 2009 में पूरा टूर्नामेंट और 2014 में पहले 20 मैच आम चुनाव की वजह से बाहर हुए थे लेकिन इस बार भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड(बीसीसीआई) पूरा टूर्नामेंट भारत में ही कराना चाहती है इसी कारण से सुरक्षा और अन्य चीजो को देखते हुए चुनाव की तिथि का इंतजार कर रही है। टूर्नामेंट का पहला दिन एमएस धोनी के मैदान में दोबारा लौटने के तौर पर देखा जाएगा। पिछले सत्र अहमदाबाद में बारिश से प्रभावित फाइनल में गुजरात को हराकर खिताब जीतने के बाद धोनी को घुटने की सर्जरी से गुजरना पड़ा था और तब से वह कोई पेशेवर क्रिकेट नहीं खेले हैं। टूर्नामेंट में हार्दिक पंड्या की भी मुंबई इंडियंस में वापसी दिखेगी। दो सत्र गुजरात की कप्तानी करने के बाद अब वह मुंबई की कप्तानी करते दिखेंगे। ऋषभ पंत भी दिसंबर 2022 में कार दुर्घटना के बाद पहली बार पेशेवर क्रिकेट में वापसी करेंगे।

श्रीलंका ने सीरीज तो अफगानिस्तान ने 3 रन से जीता आखिरी टी-20 मुकाबला

अफगानिस्तान ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 209 रन बनाए, जवाब में श्रीलंका 20 ओवर में 206 रन बना सकी

नई दिल्ली, वार्ता। अफगानिस्तान ने श्रीलंका को 3 टी-20 मैचों की सीरीज के आखरी मुकाबले में 3 रन से हराया। इसी के साथ टीम का वाइट वॉश नहीं हुआ और श्रीलंका सीरीज 3-0 के बजाय 2-1 से जीता। दांबुला के मैदान पर बुधवार को अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी। टीम ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 209 रन बनाए। जवाब में श्रीलंका 20 ओवर में 6 विकेट पर 206 रन ही बना सका।

अफगानिस्तान के लिए रहमनुल्लाह गुरबाज ने 70 रन की पारी खेली। वहीं, मोहम्मद नबी ने 2 विकेट लिए।अफगानिस्तान ने पारी की शानदार शुरुआत की। ओपनिंग करने उतरे हजरतुल्लाह जजई और रहमनुल्लाह गुरबाज के बीच 44 बॉल में 88 रन की साझेदारी हुई। जजई 45 रन बना कर आउट हुए। वहीं, रहमनुल्लाह गुरबाज 70 रन बना कर आउट हो गए। इस साझेदारी की बाद अफगानिस्तान की पारी में कोई बड़ी पार्टनरशिप नहीं हो सकी। इब्राहिम जादरान 10 रन और करीम जनत पहली ही बॉल पर बिना खाता खोले आउट हो गए। आखिर में ओमरजई और मोहम्मद नबी के बीच 41 रन की साझेदारी हुई, जिसने टीम को 200 के करीब पहुंचाया। ओमरजई 31 रन बना कर आउट हुए। वहीं, मोहम्मद नबी 16 रन और मोहम्मद ईशाक 16 रन बना कर नाबाद रहे। श्रीलंका की ओर से मथीश पथिराना और अकीला धनंजया को 2-2 विकेट मिले। धनंजय ने जादारान और जजई के शुरुआती विकेट दिलाए। वहीं, पथिराना ने ओमरजई और जनत के विकेट लिए। वानिंदु हसरंगा को एक विकेट मिला।श्रीलंका का मिडिल ऑर्डर पूरी तरह फेल हो गया।

श्रेयस अय्यर ने आईपीएल के लिए छोड़ा रणजी मैच

खुद को अनफिट बताकर मुंबई टीम से हुए बाहर, एनसीए ने कहा कि अय्यर इंजर्ड नहीं

नई दिल्ली, वार्ता। श्रेयस अय्यर ने बुधवार को बताया था कि वह अनफिट होने के कारण रणजी ट्रॉफी नहीं खेल सकेंगे। अब गुरुवार को एनसीए के स्पोर्ट्स साइंस - मेडिसिन हेड नितिन पटेल ने कहा कि श्रेयस फिट हैं। उन्होंने सिलेक्टर्स को ई-मेल कर बताया कि अय्यर को कोई फेश इंजरी नहीं है और वह फिट हैं।

दूसरी ओर, मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) के अधिकारी ने भास्कर को बताया कि श्रेयस आईपीएल की तैयारियों में लगे हैं। वह टूर्नामेंट से पहले इंजर्ड नहीं होना चाहते, इसीलिए घरेलू क्रिकेट से दूर हैं।बुधवार को मुंबई ने रणजी ट्रॉफी में क्वार्टर फाइनल मुकाबले के लिए अपनी टीम घोषित की। इसमें श्रेयस का नाम नहीं था। एसोसिएशन ने बताया कि श्रेयस को पीठ में चोट है, इसी कारण वह क्वार्टर फाइनल नहीं खेल सकेंगे। टीम का मुकाबला 23 फरवरी से बड़ोदा के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में होगा। दूसरी ओर इंडियन एक्सप्रेस के अनुसार, नितिन पटेल ने ई-मेल में लिखा कि श्रेयस अय्यर इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के बाद ही खेलने और सिलेक्शन के लिए अवेलेबल थे। टीम इंडिया से बाहर होने के बाद उन्हें किसी भी तरह की फेश इंजरी नहीं हुई।श्मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर भास्कर को बताया कि श्रेयस पीठ में इंजरी के कारण बाहर हुए, लेकिन उनका फोकस फिलहाल आईपीएल पर है। उन्हें 12.25 करोड़ रुपए में कोलकाता नाइट राइडर्स ने खरीद कर अपनी टीम का कप्तान बनाया है। श्रेयस इंजरी के कारण पिछले सीजन एक भी मैच नहीं खेल सके थे, इस कारण उन्हें टूर्नामेंट से कोई रकम नहीं मिली। वह इस बार आईपीएल पर टीयादा फोकस कर रहे हैं, ताकि वह टीम की कप्तानी करने के साथ सभी मैच भी खेल सकें।बीसीसीआई दे चुका है खिलाड़ियों को वॉर्निंग भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने पिछले दिनों रणजी ट्रॉफी नहीं खेलने वाले खिलाड़ियों को वॉर्निंग दी थी। शाह ने कहा कि सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में शामिल खिलाड़ी अगर फिट हैं और नेशनल टीम का हिस्सा नहीं हैं तो उन्हें घरेलू क्रिकेट खेलना ही होगा। नहीं खेलने पर उनके खिलाफ एक्शन लिया जाएगा। अय्यर, ईशान, क्रुणाल और चाहर जैसे इंटरनेशनल खिलाड़ियों ने फिट होने के बावजूद पिछले दिनों रणजी ट्रॉफी के आखिरी राउंड का मुकाबला नहीं खेला था।

सम्पादकीय

शुक्रवार, 23 फरवरी 2024

वोट शेयरिंग पर सहमति

इंडिया गठबंधन को बचाने की कवायद अब रंग लाती दिखाई दे रही है। बुधवार को जहां सपा व कांग्रेस के बीच सीट शेयरिंग को लेकर सहमति बन गई थी जिसके चलते उप्र में कांग्रेस को 17 सीट दी गई है, बाकी 63 सीटों पर सपा लोकसभा का चुनाव लड़ेगी। वहीं गुरुवार को आप और सपा के बीच दिल्ली में भी समझौता होने की बात कही जा रही है। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो आप तीन सीट कांग्रेस को देने के लिए तैयार हो गई है और चार सीटों पर वह स्वयं चुनाव लड़ेगी। महाराष्ट्र से भी सीट शेयरिंग को लेकर सकारात्मक समाचार मिल रहे हैं। वैसे भी जिस तरह उत्तर प्रदेश व दिल्ली में वोट शेयरिंग पर सहमति बनी है, तो मान लेना चाहिए कि बाकी जगहों पर भी सहमति बनने में अभी कोई विशेष कठिनाई नहीं आएगी। निश्चित रूप से विपक्षी दलों के लिए यह अच्छी खबर ही है, क्योंकि जब बिहार के मुख्यमंत्री व जदयू नेता नीतीश कुमार एक नाटकीय घटनाचक्र के चलते एनडीए में शामिल हो गए थे, तब ऐसा लग रहा था कि जैसे इंडिया गठबंधन का कोई भविष्य नहीं रह गया है। जिस तरह आप, कांग्रेस व सपा के नेताओं के बयान आ रहे थे, उससे भी बहुत उम्मीद नहीं जग रही थी। जहां तक बात बसपा की है, मायावती पहले ही अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान कर चुकी थीं। प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी अपनी राह पर अकेले चलने की बात कह रही हैं। ऐसे में सपा, कांग्रेस व आप का साथ आना कमजोर पड़ते इंडिया गठबंधन को एक नई ऊर्जा देता दिखाई दे रहा है। यही कारण है कि मीडिया भी बराबर इंडिया गठबंधन पर बराबर नजर लगाए हुए है। वैसे भी अगर देखा जाए, तो यह वक्त की जरूरत है। अगर इंडिया गठबंधन किसी तरह बिखरता है, तो न केवल विपक्ष के लिए बल्कि भारतीय लोकतंत्र के लिए भी ठीक नहीं होगा, क्योंकि लोकतंत्र की खूबसूरती तभी बनी रहती है जब सत्ता पक्ष के साथ विपक्ष भी मजबूत हो। अनुभव भी यही बताता है कि जब-जब विपक्ष कमजोर स्थिति में होता है तब सत्ता पक्ष अपनी मनमानी पर उतर आता है। ऐसे में सत्त पक्ष को सीमाओं में रखने के लिए विपक्ष का मजबूत होना जरूरी हो जाता है। इसमें कोई दोराय नहीं है कि इंडिया गठबंधन के सामने अभी भी कई चुनौतियां हैं। उत्तर प्रदेश की बात करें, जिस तरह प. उत्तर प्रदेश में अपना दबदबा रखने वाले रालोद के नेता जयंत चौधरी एनडीए में जाते दिखाई दे रहे हैं। उससे निसंदेह इंडिया गठबंधन को लेकर कहीं न कहीं जनता में जो सत्ता से इतर सोच रखती है मायूसी बनी है। साथ ही नेताओं की विश्वसनीयता पर भी इस तरह के फैसलों से सवाल खड़े होते हैं। यूं तो कोई भी राजनेता व दल समय के अनुसार कोई भी फैसला लेने के लिए स्वतंत्र होता है, लेकिन फिर भी हमारे माननीयों को इतना तो ख्याल रखना चाहिए कि वह फैसला ऐसा न हो, जिसमें नैतिकता का पूरी तरह ह्रास होता हो, लेकिन आज नैतिकता कितने लोगों में है। अब राजनीति पूरे तरीके से अवसरवादिता की चादर ओढ़ती दिखाई दे रही है।

ये है मदर ऑफ डेमोक्रेसी

मोदी शासन में लोगों की बात नहीं सुनी जा रही है और जनता की आवाज दबाकर लो. कतंत्र की हत्या की जा रही है, दिक्कत यह है कि जब लोग हक के लिए सड़क पर उतर कर आंदोलन करते हैं, तो सरकार गोली चलाकर उनकी आवाज को दफन कर देती है, किसान अपने हक की बात कर रहे हैं, तो उन्हें गोली मारी जा रही है, सोशल मीडिया पर लोगों की आवाज को दबाया जा रहा है, किसान एमएसपी मांगें, तो उन्हें गोली मारो-ये है मदर ऑफ डेमोक्रेसी, जवान नियुक्ति मांगें तो उनकी बातें तक सुनने से इन्कार कर दो -ये है मदर ऑफ डेमोक्रेसी, पूर्व गवर्नर सच बोलें तो उनके घर सीबीआई भेज दो ये है मदर ऑफ डेमोक्रेसी।

-राहुल गांधी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता

सुप्रीम कोर्ट ने उम्मीद जगाई

रजनीश कपूर

बचपन में जब हम सभी दोस्त मिल कर क्रिकेट खेलते थे तो कोई मित्र बैट ले कर आता था तो कोई बॉल। अचानक खेलते हुए जब बैट या बॉल लाने वाला मित्र बिना कोई रन बनाए आउट हो जाता था तो खुद को आउट होना न स्वीकारते हुए गुस्से में वो अपना बैट या बॉल लेकर घर चला जाता था। ऐसा वो इस उम्मीद से करता था कि उसे एक बार और खेलने का मौका मिले परंतु जैसे ही उसे कोई बड़ा जना यह समझाता कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए, हार-जीत तो होती ही रहती है। इसमें बुरा मानने की क्या बात? तो वो मान जाता था।

पिछले दिनों देश की सर्वोच्च अदालत ने भी एक समझदार व्यक्ति की भूमिका निभाते हुए न सिर्फ बेईमानी कर रहे अधिकारी को आईना दिखाया बल्कि पूरे देश में एक संदेश भी भेजा कि जो भी हो नियम और कानून की हद में हो। चंडीगढ़ के मेयर के चुनाव को लेकर जो विवाद सुर्खियों में था उस पर सर्वोच्च न्यायालय ने मंगलवार को विराम लगा दिया। सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश माननीय डीवाई चंद्रचूड़ ने इस चुनाव के विवादित वीडियो का संज्ञान लेते हुए पीठासीन अधिकारी, अनिल मसीह को दोषी करार दिया और जिस प्रत्याशी को बहुमत मिला उसी को मेयर घोषित भी किया। देखा जाए तो यह मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचना ही नहीं चाहिए था। जैसे ही यह मामला पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट पहुंचा इसका निर्णय वहीं हो जाना चाहिए था परंतु ऐसा न हो पाने के कारण इसे सुप्रीम कोर्ट तक आना पड़ा। इस मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि अदालत यह सुनिश्चित करने के लिए बाध्य है कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया इस तरह के हथकंडों से नष्ट नहीं हो। अदालत ने यह भी कहा कि मेयर चुनाव में अमान्य किए गए आठ बैलट पेपर मान्य माने जाएंगे। इसके साथ ही रिटर्निंग ऑफिसर अनिल मसीह को कोर्ट की अवमानना का नोटिस जारी किया। अब आने वाले तीन सप्ताह में इस अधिकारी को यह साबित करना होगा कि उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही क्यों न की जाए? जिस तरह से चंडीगढ़ के मेयर के चुनाव के मामले ने सुप्रीम कोर्ट पहुंच कर तूल पकड़ा, देशभर की जनता में एक उम्मीद की किरण जागी है। बात यहां किसी भी दल की नहीं है परंतु जिस तरह एक अधिकारी ने पहले तो लोकतांत्रिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप कर बेईमानी की। इतना ही नहीं सुप्रीम में सुनवाई के दौरान उस अधिकारी ने गलत बयान भी दिया। अनिल मसीह की इस गैर-कानूनी हरकत से जनता के बीच यह संदेश गया कि सीधी-सादी चुनावी प्रक्रिया में धांधली कैसे की जाती है। इसके साथ ही कोर्ट के कड़े रुख से यह बात भी साफ हो गई कि मामला चाहे एक मेयर के छोटे से चुनाव का ही क्यों न हो, लोकतांत्रिक प्रक्रिया में पारदर्शिता होना बहुत जरूरी है। उल्लेखनीय है कि इस चुनाव में धांधली इसलिए सामने आई क्योंकि जब यह चुनाव चल रहा था तब पूरी कार्यवाही को वहां पर लगे सीसीटीवी में रिकॉर्ड किया जा रहा था। जैसे ही इस धांधली के वीडियो दुनिया भर में घूमने लगे तो यह सवाल भी उठने लगे कि जिस प्रत्याशी को बहुमत मिला है उसे मेयर के पद पर बैठाने में चुनावी अधिकारी को क्या आपत्ति है?

अब चूंकि सुप्रीम कोर्ट ने इस चुनाव के रिटर्निंग ऑफिसर अनिल मसीह के इस गैर-कानूनी कृत पर कड़ा रुख लेते हुए उनको कारण बताओ नोटिस भी जारी किया है तो इससे एक बात तो तय लगती है कि कोर्ट इस मामले की तह तक जा सकता है। यहां यह सवाल भी उठता है कि क्या यह रिटर्निंग ऑफिसर ऐसा किसी के कहने पर कर रहा था? क्या यह अधिकारी इतना मासूम था कि उसे नियमों का ज्ञान ही नहीं था? ऐसा इसलिए नहीं हो सकता क्योंकि जब भी किसी व्यक्ति को रिटर्निंग ऑफिसर बनाया जाता है तो उसे उस पद से संबंधित सभी कायदे-कानून समझाए भी जाते हैं। इसलिए यह कहना गलत नहीं होगा कि चंडीगढ़ के मेयर के चुनाव में जो भी हुआ वो किसी सोची-समझी साजिश के तहत ही हुआ। देखना यह है कि तीन सप्ताह बाद जब इस दोषी अधिकारी पर कार्यवाही होगी तब जांच एजेंसी या पुलिस इसकी तह तक जाएगी या नहीं? जो भी हो जिस तरह से देश की शीर्ष अदालत ने हाल ही के कुछ फैसलों में कड़ा रुख अपनाते हुए सभी को कानून की हद में रहने की हिदायत दी है, उससे देश भर में एक सही संदेश गया है। इन मामलों में सुनवाई करते हुए अदालत ने यह बात स्पष्ट कर दी है कि कोर्ट की जिम्मेदारी है कि वो लोकतांत्रिक सिद्धांतों और मूल्यों को बहाल करे। देश के करोड़ों मतदाताओं को यह संदेश भी दिया है कि कोई भी व्यक्ति या दल कितना ही बड़ा क्यों न हो कानून उससे भी बड़ा है। देश की अदालतें लो. कतंत्र का मजाक उड़ने नहीं देंगी। देखना यह है कि आगामी लोक सभा चुनावों पर कोर्ट के कड़े रुख का देश के चुनाव आयोग, मतदाताओं और राजनैतिक दलों पर क्या असर पड़ेगा? जिस तरह से विपक्षी दल चुनावी प्रक्रिया में ईवीएम को लेकर शोर मचा रहे हैं क्या देश की शीर्ष अदालत इस मामले का भी संज्ञान लेगी? यह तो आने वाला समय ही बताएगा कि विधायिका और न्यायपालिका का ऊंठ किस करवट बैठेगा। कुल मिलाकर देखा जाए तो कोर्ट इस कड़े रुख से यह बात सिद्ध हो गई है कि स्वस्थ लोकतंत्र में पारदर्शिता का होना कितना अनिवार्य है।

बात यहां किसी भी दल की नहीं है परंतु जिस तरह एक अधिकारी ने पहले तो लोकतांत्रिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप कर बेईमानी की। इतना ही नहीं सुप्रीम में सुनवाई के दौरान उस अधिकारी ने गलत बयान भी दिया। अनिल मसीह की इस गैर-कानूनी हरकत से जनता के बीच यह संदेश गया कि सीधी-सादी चुनावी प्रक्रिया में धांधली कैसे की जाती है। इसके साथ ही कोर्ट के कड़े रुख से यह बात भी साफ हो गई कि मामला चाहे एक मेयर के छोटे से चुनाव का ही क्यों न हो, लो. कतांत्रिक प्रक्रिया में पारदर्शिता होना बहुत जरूरी है। उल्लेखनीय है कि इस चुनाव में धांधली इसलिए सामने आई क्योंकि जब यह चुनाव चल रहा था तब पूरी कार्यवाही को वहां पर लगे सीसीटीवी में रिकॉर्ड किया जा रहा था। जैसे ही इस धांधली के वीडियो दुनिया भर में घूमने लगे तो यह सवाल भी उठने लगे कि जिस प्रत्याशी को बहुमत मिला है उसे मेयर के पद पर बैठाने में चुनावी अधिकारी को क्या आपत्ति है?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

दिल के स्वास्थ्य के लिए जरूरी है धनिया

कुछ लोग अक्सर अपनी कमजोर याद्दाश्त का रोना रोते हैं। अगर आप भी अपनी कमजोर याद्दाश्त से परेशान हैं तो आपको धनिए को अपने आहार का मुख्य हिस्सा बनाना चाहिए। आप अपनी मैमोरी को बेहतर बनाने के लिए धनिया पाउडर को शहद में मिलाकर इसका सेवन करें। इससे आपकी स्मरण शक्ति अच्छी होती है। साथ ही अगर आप चाहें तो धनिए की चटनी बनाकर भी उसका सेवन कर सकते हैं। अगर आप अक्सर अपने पेट को लेकर परेशान रहते हैं। मसलन, आपको पेट में दर्द, कब्ज, पेट फूलना, इरिटेबल बाउल सिंड्रोम आदि समस्या हैं, तो आपको धनिए का सेवन करना चाहिए।

जब भी आप बाजार सब्जी लेने जाते हैं तो सब्जी वाले से धनिया मुफ्त में ले आते हैं और सब्जी के साथ मुफ्त में मिलने वाले धनिए पत्ते को अपनी सब्जी में डालकर अपने भोजन की शोभा बढ़ाते हैं। इस धनिए के पत्तों के कारण आपके हाथ का बनाया गया भोजन देखने में काफी लजीजदार लगता है, लेकिन अगर आप सोचते हैं कि यह हरा धनिया सिर्फ भोजन की प्रेजेंटेशन को बेहतरीन बनाने का काम करता है तो आप गलत हैं। तो चलिए आज हम आपको इससे मिलने वाले कुछ बेहतरीन लाभों के बारे में बताते हैं-

मिलते हैं पोषक तत्व

धनिए से आपको बहुत से पोषक तत्व प्राप्त होते हैं। इन पोषक तत्वों में थायमीन, जिंक, फाइबर, विटामिन ए, विटामिन सी, विटामिन ई, विटामिन के, विटामिन बी 6, फोलेट, कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम, फॉस्फोरस, पौटेशियम, कॉपर और मैगनीज आदि मुख्य हैं। धनिए में मिलने वाले इन पोषक तत्वों के कारण ही इसका सेवन आपको बहुत सी बीमारियों में राहत दिलाता है।

बेहतर बनाएं याद्दाश्त

कुछ लोग अक्सर अपनी कमजोर याद्दाश्त का रोना रोते हैं। अगर आप भी अपनी कमजोर याद्दाश्त से परेशान हैं तो आपको धनिए को अपने आहार का मुख्य हिस्सा बनाना चाहिए। आप अपनी मैमोरी को बेहतर बनाने के लिए धनिया पाउडर को शहद में मिलाकर इसका सेवन करें। इससे आपकी स्मरण शक्ति अच्छी होती है। साथ ही अगर आप चाहें तो धनिए की चटनी बनाकर भी उसका सेवन कर सकते हैं।

करें पेट की परेशानियों को दूर

अगर आप अक्सर अपने पेट को लेकर परेशान रहते हैं। मसलन, आपको पेट में दर्द, कब्ज, पेट फूलना, इरिटेबल बाउल सिंड्रोम आदि समस्या हैं, तो आपको धनिए का सेवन करना चाहिए। दरअसल, यह एक एंटीस्पास्मोडिक दवा की तरह काम करता है और लिवर के फंक्शन और बाउल मूवमेंट को बेहतर बनाने का काम करता है।

हृदय के लिए फायदेमंद

धनिए को हृदय के लिए भी काफी अच्छा माना जाता है। दरअसल, इसमें कुछ एसिड जैसे लिनोलिक एसिड, ओलिक एसिड, पॉलीमिक एसिड, स्टेरिक एसिड और एस्कॉर्बिक एसिड आदि पाए जाते हैं जो रक्त में कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में बहुत प्रभावी होते हैं। वे धमनियों और नसों की इनर वाल्स में खराब एलडीएल कोलेस्ट्रॉल के स्तर को भी कम करते हैं। यही खराब एलडीएल कोलेस्ट्रॉल गंभीर हृदय संबंधी समस्याओं जैसे एथेरोस्क्लेरोसिस, दिल के दौरे और स्ट्रोक का काम करता है। इस प्रकार हृदय के लिए धनिया किसी औषधि से कम नहीं है।

नहीं आएगी कमजोरी

इसमें मौजूद पोषक तत्व आपकी कमजोरी को दूर करने में भी काफी काम आते हैं। अगर आप हमेशा ही थके-थके महसूस करते हैं या फिर आपको चक्कर आते हैं तो धनिए के रस में मिश्री और थोड़ा पानी मिलाकर प्रतिदिन इसका सेवन करना चाहिए।

मार्च-अप्रैल है घूमने के लिए सबसे बेहतर समय

जैसे-जैसे सर्दियों की ठंड कम होती जा रही है और गर्मियों की गर्मी अभी बाकी है, मार्च भारत के अधिकांश हिस्सों की खोज के लिए एक आरामदायक और सुखद जलवायु प्रदान करता है क्योंकि देश जीवंत रंगों, गर्म धूप और वसंत के फूलों की मनमोहक खुशबू से भरना शुरू कर देता है। यह मौसम उन यात्रियों के लिए बिल्कुल सही है जो भारत की विविध और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, आकर्षक इतिहास और आश्चर्यजनक प्राकृतिक सुंदरता का अनुभव करना चाहते हैं। हमने उन स्थानों की एक सूची तैयार की है जहां मार्च-अप्रैल 2024 में अविस्मरणीय रोमांच और प्राकृतिक सुंदरता का अनुभव करने के लिए कोई भी जा सकता है।

लेह लद्दाख

मार्च में लेह, लद्दाख में पर्यटन सीजन की शुरुआत होती है, जिसमें आश्चर्यजनक परिदृश्यों, प्राचीन मठों और सुरम्य गांवों की खोज के लिए साफ आसमान और मध्यम तापमान की पेशकश की जाती है। पैंगोंग त्सो झील और नुब्रा घाटी के लुभावने दृश्यों को देखने से लेकर माथो मठ में जीवंत उत्सवों और अद्वितीय अनुष्ठानों का अनुभव करने तक, कोई भी इस महीने के दौरान सुंदर परिदृश्यों के बीच लद्दाख की आध्यात्मिक विरासत को देख सकता है, जिससे यह सबसे अच्छे स्थानों में से एक बन जाता है।

ऋषिकेश, उत्तराखंड

मार्च योग की राजधानी के रूप में जाना जाने वाले ऋषिकेश की यात्रा के लिए आदर्श समय है। सुहावने मौसम के अलावा, यह योगियों और प्रकृति प्रेमियों को 1 से 7 मार्च तक अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव मनाने के लिए आमंत्रित करता है, जहां विश्व स्तर पर प्रसिद्ध योगी और योगिनियां जैसे रविशंकर, गौर गोपाल दास, जोंटी रोड्स और अन्य लोग उपदेश देंगे, सिखाएंगे। योग का अभ्यास करें और इसके बारे में जागरूकता पैदा करें। आध्यात्मिकता और शांति का एक आदर्श मिश्रण, यात्री योग रिट्रीट में भाग ले सकते हैं, गंगा के किनारे ध्यान कर सकते हैं और प्राचीन मंदिरों और आश्रमों का पता लगा सकते हैं।

मथुरा, उत्तर प्रदेश

इस साल होली (25 मार्च) उत्तर प्रदेश के मथुरा में मनाएं। लठमार होली की स्थानीय संस्कृति और परंपराओं का अनुभव करने के लिए बरसाना और नंदगांव में स्थानीय लोगों के साथ जुड़ें, जहां पुरुष बरसाना आते हैं और महिलाएं उन्हें लाठियां लहराते हुए और रंग फेंकते हुए खेल-खेल में बाहर निकाल देती हैं। जीवंत और रंगीन उत्सवों के अलावा, कोई राधा रानी मंदिर में जीवंत संगीत और ताजा ठंडाई (दूध, बादाम और मसालों से बना एक पारंपरिक भारतीय पेय) का आनंद भी ले सकता है। कुल मिलाकर मथुरा में होली मनाना एक अनोखा और अविस्मरणीय अनुभव होगा।

रणथंभौर, राजस्थान

मार्च के दौरान भारत के सबसे बड़े राष्ट्रीय उद्यान और बाघों की बड़ी आबादी का घर, राजस्थान के रणथंभौर का दौरा वन्यजीव प्रेमियों और प्रकृति प्रेमियों के लिए एक आदर्श समय है, क्योंकि मौसम सुखद रूप से गर्म होगा, जिससे यह रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान में सफारी के लिए एक बेहतरीन समय होगा। रणथंभौर फोर्थ की खोज, जो एक यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल है और पदम तलाओ, जो पार्क की सबसे बड़ी झील है, सुंदर जल लिली से सुसज्जित है और पक्षियों को देखने और पीने के लिए आने वाले वन्यजीवों को देखने के लिए एक शानदार जगह है।

गोवा

न्यूनतम वर्षा के साथ गर्म और धूप वाले मौसम से लेकर शिग्मो और गोवा कार्निवल जैसे जीवंत सांस्कृतिक त्योहारों का अनुभव करने और समुद्र तट की गतिविधियों, जल खेलों और आउटडोर अन्वेषण में भाग लेने तक, मध्यम भीड़ और कम भीड़ के साथ गोवा की समृद्ध संस्कृति और रात्रिजीवन का पता लगाने के लिए मार्च एक आदर्श समय है।

कूर्ग, कर्नाटक

मार्च कूर्ग में कॉफी के खिलने का मौसम लेकर आता है, जिससे हवा कॉफी के फूलों की खुशबू से भर जाती है। दक्षिण में सबसे लोकप्रिय और सुंदर स्थलों में से एक, कूर्ग मार्च में घूमने के लिए एक आदर्श स्थान है। यह मदिकेरी किले जैसी जगहों पर दर्शनीय स्थलों की यात्रा, खड़ी पहाड़ियों में ट्रैकिंग, झरनों की खोज और विविध वन्य जीवन और पक्षियों को देखने का एक आदर्श समय है।

मुन्नार, केरल

शुष्क मौसम की समाप्ति के साथ, भारत में मार्च में घूमने की जगहों की तलाश करने वाले पर्यटकों के लिए मुन्नार एक अनुकूल विकल्प है। यह साफ आसमान और ठंडे मौसम का अनुभव करने का एक आदर्श समय है, हरे-भरे चाय बागानों और सुंदर स्थानों की खोज के लिए बिल्कुल उपयुक्त है। नील. कुरिंजी फूलों के दुर्लभ खिलने को देखने के अलावा, एक अनोखे अनुभव के लिए एराविकुलम नेशनल पार्क और अट्टुकल झरने देखें।

हैवलॉक द्वीप, अंडमान

शहर की हलचल से दूर जाएं और हैवलॉक द्वीप के शांत समुद्र तटों और समुद्री जीवन का आनंद लें। यहां आने के लिए मार्च एक आदर्श समय है, क्योंकि गर्म पानी में इसकी .श्यता लगभग पूरी होती है, जो स्कूबा डाइविंग और स्नोर्केलिंग से लेकर कायाकिंग और बहुत कुछ तक पानी के नीचे के खेलों का शानदार अनुभव प्रदान करेगी।



संक्षिप्त समाचार

नाइजीरिया में लासा बुखार से अब तक 14 लोगों की मौत

अबुजा। नाइजीरिया के दक्षिणी राज्य एबोनी में इस साल लासा बुखार से मरने वालों की संख्या बढ़कर 14 हो गई है। एबोनी में सार्वजनिक स्वास्थ्य निदेशक हयासिथ एबेनी ने अबकालिकी में संवाददाताओं को बताया कि मंगलवार तक लासा बुखार से संक्रमित करीब 29 मामले पाए गए और करीब 14 लोगों की मृत्यु हो चुकी है। उन्होंने कहा कि साल की शुरुआत से अब तक एबोनी में इस बीमारी के करीब 110 संदिग्ध मामले दर्ज किए गए हैं। लासा बुखार चूहों की लार, मूत्र और मल के सम्पर्क में इंसानों के आने से फैलता है। एबोनी में अत्यधिक संक्रामक बीमारी के प्रसार को रोकने के लिए सरकार और संबंधित भागीदारों द्वारा तत्काल सहयोगात्मक प्रयास करने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

75000 अवैध प्रवासियों को इटली में प्रवेश करने से रोका

ट्यूनिस। ट्यूनीशिया ने 2023 में 75,000 से अधिक अवैध प्रवासियों को भूमध्य सागर के रास्ते इटली में प्रवेश करने की कोशिश करने के दौरान रोका। यह जानकारी निजी रेडियो स्टेशन मोज़ेक एफएम ने दी। मोज़ेक एफएम ने ट्यूनीशिया के नेशनल गार्ड के प्रवक्ता हौसेमेद्दीन जबली के हवाले से अपनी रिपोर्ट में कहा कि यह 2022 की संख्या से दोगुनी से ज्यादा है। वर्ष 2022 में ट्यूनीशियाई तटों से इटली जाते समय 35,000 से ज्यादा अप्रवासियों को गिरफ्तार किया गया था। पिछले कई महीनों में ट्यूनी. शियाई सुरक्षा बल ने इतालवी द्वीप लैम्पेडुसा के लिए अवैध आव्रजन के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। देश के दक्षिण-पूर्वी प्रांत स्फ़ैक्स से अन्य प्रांतों तक संबंधित अभियानों का विस्तार किया है।

मेक्सिको में आपराधिक गिरोहों के बीच झड़प, 12 मरे

मेक्सिको सिटी। मेक्सिको के दक्षिणी राज्य ग्युरेरो में प्रतिद्वंद्वी आपराधिक गिरोहों के बीच झड़प में कम से कम 12 लोग मारे गए। यह जानकारी राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल लोपेज़ ओब्रेडोर ने दी। ओब्रेडोर ने मेक्सिको सिटी के नेशनल पैलेस में एक दैनिक संवाददाता सम्मेलन में संवाददाताओं से कहा कि घटना की जांच मंगलवार से चल रही है और नेशनल गार्ड के सैनिक पहले से ही घटनास्थल पर मौजूद हैं। स्थानीय मीडिया के अनुसार, राष्ट्रपति ने कहा कि बाद में अधिकारी इस घातक संघर्ष पर अधिक जानकारी प्रदान करेंगे।

चीन में एक जहाज पुल से टकराया, दो लोगों की मौत

गुआंगज़ौ। चीन के दक्षिणी प्रांत गुआंगडोंग के गुआंगज़ौ में गुरुवार तड़के एक जहाज के पुल से टकराने के कारण पुल टूटने से दो लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य लापता हो गए। बचावकर्मियों ने बताया कि आज तड़के करीब 05:30 बजे एक कंटेनर जहाज नांशा जिले में लिक्सिशा पुल से टकरा गया, जिससे पुल टूट गया। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य लापता हैं। कुछ लोग घायल भी हुए हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस लोग हादसे के समय पुल से गुजर रहे थे। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि उनमें से दो नदी में गिर गए और अन्य जहाज पर गिर गए। हादसे में क्रू का एक सदस्य मामूली रूप से घायल हो गया है।

ग्रीस। मध्य एथेंस में ग्रीक संसद के सामने आयातित शहद का ग्रीक नामकरण बंद करने सहित अन्य मांगों को लेकर एक प्रदर्शन करते मधुमक्खी पालक।

वेनेजुएला में खदान ढहने से 15 की मौत

कराकस। वेनेजुएला के दक्षिणपूर्वी बोलिवर राज्य के अंगोस्तुरा शहर के ला परागुआ में एक खदान ढहने से 15 लोगों की मौत हो गई, जबकि 11 अन्य लोग घायल हो गए। यह जानकारी वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने बुधवार रात को दी। राष्ट्रपति ने कहा कि इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बाद फंसे खनिकों का पता लगाने के लिए खोज एवं बचाव दल को इलाके में तैनात किया जा रहा है। मादुरो ने राज्य टेलीविजन पर कहा कि हमने बोलिवर राज्य के गवर्नर एंजेल मार्कानो के साथ मिलकर सभी नागरिक सुरक्षा टीमों को तुरंत भेज दिया है और हम खोज एवं बचाव को मजबूत करेंगे।

तुर्की ने किया गाजा युद्धविराम का आह्वान

ब्राजील में जी-20 बैठक में अंतर्राष्ट्रीय समुदाय का ध्यान आकृष्ट कराया

अंकारा, वार्ता

तुर्की के विदेश मंत्री हकन फिदान ने ब्राजील में जी-20 बैठक में बातचीत के दौरान अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से गाजा में तत्काल युद्धविराम और संघर्ष के दो-देश समाधान की दिशा में अधिक सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

न्यूज एजेंसी रॉयटर्स ने तुर्की के एक राजनयिक सूत्र के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। गौरतलब है कि तुर्की ने गाजा पर हमलों के लिए इजरायल की कड़ी आलोचना की है और अंतर्राष्ट्रीय

■ तुर्की ने गाजा पर हमलों के लिए इजरायल की कड़ी आलोचना भी की

न्यायालय में नरसंहार की कोशिश करने के खिलाफ कार्रवाई समर्थन किया है। तुर्की ने बार-बार युद्धविराम का आह्वान किया है। सूत्र ने बताया कि फिदान ने रियो डी जनेरियो में जी-20 विदेश मंत्रियों की बैठक में कहा है कि गाजा में 'बर्बरता' को रोका जाना चाहिए, और अमेरिका, जर्मनी तथा मिस्र के विदेश मंत्रियों के तत्काल युद्धविराम को लेकर चर्चा की। उन्होंने जी 20 बैठक में कहा कि संघर्ष विराम पर एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से कोई निर्णय नहीं आया, जिससे पता चलता है कि उसमें सुधार जरूरी है। युद्धविराम के आह्वान पर 15 सदस्ईय निकाय में अमेरिका ने वीटो का प्रयोग कर दिया था।

सत्ता साझेदारी समझौते के अगले ही दिन आवाज बुलंद

एमक्यूएम-पी ने मांगे चार अहम मंत्रालय

मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट-पाक के प्रतिनिधिमंडल ने पीएमएल-एन प्रतिनिधियों से की भेंट

इस्लामाबाद, वार्ता

पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के बीच सरकार चलाने के लिए सत्ता साझेदारी समझौता होने के एक दिन बाद, मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट-पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) के एक प्रतिनिधिमंडल ने पीएमएल-एन के प्रतिनिधियों से मुलाकात की और मंत्रिमंडल में तीन से चार मंत्रालयों की मांग की। यह जानकारी डॉन समाचार ने गुरुवार को दी। डॉन समाचार ने सूत्रों के हवाले से कहा कि एमक्यूएम-पी नेशनल असेंबली में डिप्टी स्पीकर का पद चाहता था लेकिन पीएमएल-एन ने पहले ही इसे पीपीपी को दे दिया था। अब, एमक्यूएम-पी संघीय मंत्रिमंडल में चार विभागों की मांग कर रही है क्योंकि पार्टी को उपाध्यक्ष पद नहीं मिल सकता है।

कैबिनेट में अपने हिस्से के अलावा, एमक्यूएम ने स्थानीय सरकारी निकायों को सशक्त बनाने वाले कानून की मांग की, जिसकी मांग कराची स्थित पार्टी द्वारा शक्तियों के विकेंद्रीकरण करने के लिए लंबे समय से की जा रही है। एमक्यूएम पंजाब के नेता मुहम्मद जाहिद ने डॉन समाचार से कहा कि पीएमएल-एन ने कामरान टेसोरी को सिंध का गवर्नर बनाए रखने पर सहमति व्यक्त की है। जाहिद ने कहा कि इस बात पर सहमति बनी है कि टेसरी गवर्नर बने रहेंगे। एमक्यूएम प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व टेसरी ने किया और इसमें फारूक सत्तार और मुस्तफा कमाल शामिल हुए, जबकि पीएमएल-एन की ओर से इशाक डार और अयाज सादिक शामिल हुए। उधर, जेयूआई-एफ और पीएमएल-एन के बीच एक बैठक हुई, जिसमें पीपीपी के सरफराज बुगती के नेतृत्व में प्रांतीय सरकार के गठन पर चर्चा हुई। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, इशाक डार ने जेयूआई-एफ नेता अब्दुल गफूर हैदरी से कहा कि बलूचिस्तान में सत्ता साझेदारी के समझौते के लिए पीएमएल-एन के साथ आने में जेयूआई-एफ ने बहुत देर कर दी। डार ने जेयूआई-एफ नेता से कहा कि पीएमएल-एन ने बलूचिस्तान में सरकार गठन के लिए पीपीपी के साथ पहले ही योजना बना ली है। पीएमएल-एन की प्रवक्ता मरियम औरंगजेब ने हालांकि, इन खबरों का खंडन किया है। पीएमएल-एन के सूचना सचिव ने एक बयान में कहा कि दोनों दलों के बीच बैठक हुई और इस पर एक आधिकारिक बयान भी जारी किया गया। उन्होंने कहा कि बैठक में शामिल लोगों ने निर्णय लिया कि बलूचिस्तान की चुनौतियां प्रांत में एक मजबूत लोकतांत्रिक सरकार की मांग करती हैं। बैठक में निर्णय लिया गया कि बलूचिस्तान में विभिन्न राजनीतिक दलों का एक साथ आना देश हित में है। अंदरूनी सूत्रों ने डॉन समाचार से कहा कि पीपीपी संघीय मंत्रिमंडल में शामिल नहीं होगी और दोनों पक्षों के बीच हुए समझौते के अनुसार नेशनल असेंबली स्पीकर का पद पीएमएल-एन को मिलेगा। उन्होंने दावा किया कि सीनेट की अध्यक्षता पीपीपी को मिलेगी और सीनेटर यूसुफ रजा गिलानी को अगला अध्यक्ष बनाया जाएगा। खैबर पख्तूनख्वा और पंजाब में गवर्नर का पद भी पीपीपी को मिलेगा और सिंध का गवर्नर पद एमक्यूएम को मिलेगा। सूत्रों ने कहा कि पीएमएल-एन और पीपीपी संयुक्त रूप से बलूचिस्तान में सरकार बनाएंगे और सरफराज बुगती मुख्यमंत्री पद के सबसे संभावित दावेदार हैं। सीनेट में पीएमएल-एन को उपसभापति का पद मिलेगा, जबकि निचले सदन में उपाध्यक्ष का पद पीपीपी को मिलेगा। संविधान के अनुच्छेद 91(2) के अनुसार, नेशनल असेंबली का पहला सत्र 29 फरवरी तक होना चाहिए। नेशनल असें. बली सत्र के पहले दिन शपथ ग्रहण करने के बाद सदस्य गुप्त मतदान कर अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव करेंगे।

■ पीएमएल-एन के साथ एक बैठक में जेयूआई-एफ ने भी केंद्र में भूमिका निभाने की इच्छा जताई

■ पीएमएल-एन ने कामरान टेसोरी को सिंध का गवर्नर बनाए रखने पर सहमति व्यक्त की

आसिफ अली जरदारी का पाक राष्ट्रपति बनना तय

इस्लामाबाद। 1987 में पाकिस्तान में बेनजीर भुट्टो और आसिफ अली जरदारी का निकाह हुआ। इस रिश्ते को बहुत ही असमान्य माना गया था। दरअसल, बेनजीर भुट्टो की पाक राजनीति में एंट्री के दौरान उनकी मां ने जरदारी को उनके पति के तौर पर चुना था।

जरदारी भुट्टो से तीन साल छोटे थे। जहां एक तरफ जरदारी की छवि पोलो खेलने और कठोर जीवन जीने वाले प्लेबॉय की थी, तो वहीं दूसरी तरफ बेनजीर ने ऑक्सफोर्ड और हार्वर्ड से पढ़ाई की थी। वह बेहद होशियार और समझदार छवि वाली नेता थीं। पाकिस्तान में आम चुनाव के बाद बुधवार को सरकार बनाने के लिए नवाज की पीएमएल-एन और बिलावल की पीपीपी पार्टी में पावर शेयरिंग फॉर्मुले पर सहमति बन गई। इसके तहत आसिफ अली जरदारी दूसरी बार देश के राष्ट्रपति होंगे। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, बेनजीर के सत्ता में आने के बाद जरदारी पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीप. ीपी) के लिए एक लायबिलिटी या मजबूरी बन गए थे। यानी ऐसा शख्स जिससे पार्टी को फायदा कम और नुकसान की आशंका ज्यादा थी। 1990 के दशक में बेनजीर के दूसरे कार्यकाल के दौरान उनके कॉमर्स मिनिस्टर अहमद मुख्तार ने कहा था-पाकिस्तान में जरदारी के खिलाफ गलत प्रचार हो रहा है। हमें इससे बदनामी मिल रही है। अगली बार जब आप प्रधानमंत्री बनें तो अपने पति को अर्जेंटीना में पोलो खेलने भेज दीजिएगा।

■ पत्नी की मौत के बाद मुशर्रफ की तानाशाही खत्म की

पूरे पाक में एक्स बहाल किया जाए: सिंध हाईकोर्ट

कराची, वार्ता

पाकिस्तान में सिंध हाई कोर्ट ने अधिकारियों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' को बहाल करने और देश भर में साइट तक निर्बाध पहुंच सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। सिंध हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश अकील अहमद अब्बासी ने जर्रार खुहरो, अंबर शम्सी, जेबुन्निसा बुर्की और अन्य सहित कई याचिकाकर्ताओं की ओर से प्रसिद्ध सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म तक पहुं. चने में उपयोगकर्ताओं के सामने रुक-रुक कर आने वाले व्यवधानों के खिलाफ दायर एक याचिका पर सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया।

एक्स को हाल के सप्ताह में कई बार 'अघोषित' रूप से निलंबित किया गया है। मुख्य न्यायाधीश ने सवाल किया कि किसके निर्देश पर सोशल मीडिया साइट को निलंबित किया गया। उन्होंने पूछा कि कितने समय से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स डाउन है? इस पर याचिकाकर्ता के वकील ने अदालत को बताया कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को निलंबित करने का अधिकार केवल पाकिस्तान दूरसंचार प्राधिकरण (पीटीए) के पास है। वकील ने कहा कि पीटीए से पूछा जाना चाहिए कि एक्स को निलंबित करने के निर्देश किसने जारी किए। याचिका में यह भी कहा गया कि व्यवधान के बारे में न तो पीटीए ने किसी भी प्रकार के नोटिस या संकेत दिए थे और न ही व्यवधान को किसी विशिष्ट स्थान या कुछ स्थानों तक सीमित रखा गया था। नियामक संस्था ने राष्ट्रीय स्तर पर एक्स तक पहुंच पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया था, जिससे सभी प्रमुख शहरों में उपयोगकर्ता प्रभावित हुए थे। याचिका के मुताबिक केवल पीटीए के पास ही इतने बड़े पैमाने पर ऐसे प्रतिबंधों को लागू करने के लिए विशेष अधिकार और क्षमता है।

■ अदालत ने देशभर में साइट तक निर्बाध पहुंच सुनिश्चित करने का निर्देश दिया

अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का सम्मान करे पाक: अमेरिका

वाशिंगटन/इस्लामाबाद। अमेरिका ने पाकिस्तान से 'अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का सम्मान करने और एक्स सहित किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म तक पहुंच बहाल करने' का आह्वान किया है। अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हम पाकिस्तान में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और इंटरनेट पर आंशिक या पूर्ण पाबंदी, जिसमें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म भी शामिल हैं, की रिपोर्ट से चिंतित हैं। हम पाकिस्तान से अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का सम्मान करने और प्रतिबंधित किए गए।

पूर्व बिशप पर दुष्कर्म और यौन अपराधों का आरोप

सिडनी, वार्ता

ऑस्ट्रेलिया के किबरले क्षेत्र के कस्बे ब्रूम के पूर्व बिशप क्रिस्टोफर सॉन्डर्स को दुष्कर्म और कई ऐतिहासिक यौन अपराधों के आरोप में गिरफ्तार किया गया है, जिनमें से कुछ अपराध बच्चों के खिलाफ किए गए हैं। पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया पुलिस और पोप की ओर से समानांतर जांच के आदेश के बाद 74 वर्षीय सॉन्डर्स को ब्रूम में गिरफ्तार कर लिया गया।

उन्हें हालांकि अगले ही दिन गुरुवार को जमानत पर रिहा भी कर दिया गया। सॉन्डर्स ने संकेत दिया है कि वह अपने खिलाफ लगे सभी आरोपों के लिए खुद को दोषी नहीं मानेंगे। वह इस प्रकृति के आरोपों का सामना करने वाले सबसे वरिष्ठ कैथोलिक धर्मगुरुओं में से एक हैं। सॉन्डर्स पर दुष्कर्म के दो मामले, गैरकानूनी और अभद्र हमले के 14 मामले तथा एक अधिकार प्राप्त व्यक्ति के रूप में एक बच्चे के साथ अभद्र व्यवहार करने के तीन आरोप लगाए गए हैं। कथित अपराध 2008 और 2014 के बीच सुदूर पश्चिमी ऑस्ट्रेलियाई कस्बों ब्रूम, कुनुनुर्रा और कलुंबुरु के आदिवासी समुदाय में हुए।

ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन की रिपोर्ट के अनुसार, सॉन्डर्स को गुरुवार को जमानत पर रिहा कर दिया गया और जून में अगली सुनवाई तक अपने घर पर रहने का आदेश दिया गया। दिवंगत कार्डिनल जॉर्ज पेल को छोड़कर सॉन्डर्स देश के सबसे वरिष्ठ कैथोलिक अधिकारी हैं, जिन पर बाल यौन अपराध का आरोप लगाया गया है। कार्डिनल जॉर्ज पेल को कैद की सजा मिली थी और बाद में उन्हें बरी कर दिया गया था। ऑस्ट्रेलियाई कैथोलिक बिशप सम्मेलन ने गुरुवार को एक बयान में पुलिस के साथ सहयोग करने का वादा किया।

■ 74 वर्षीय सॉन्डर्स को ब्रूम में गिरफ्तार कर लिया गया

अफगान: 10 महीनों में सड़क दुर्घटनाओं में 1600 की मौत

काबुल। अफगानिस्तान में पिछले दस महीनों में सड़क दुर्घटनाओं में 1,600 से अधिक यात्रियों की जान चली गई और 4,000 से अधिक घायल हुए हैं। यातायात पुलिस महानिदेशालय में योजना और नीतियों के प्रमुख अब्दुल वोदूद खैर ख्वा ने यह जानकारी दी। स्थानीय टेलीविजन चैनल टोलो न्यूज ने गुरुवार को ख्वा के हवाले से कहा कि देश भर में पिछले 10 महीनों में लगभग 3,045 यातायात दुर्घटनाएं हुई, जिनमें बड़ी संख्या में लोग मारे गए और घायल हुए। अधिकारी का हवाला देते हुए निजी मीडिया आउटलेट ने कहा कि 976 पुरुषों, 192 महिलाओं और 447 बच्चों सहित 1,600 से अधिक यात्रियों ने इस अवधि में घातक सड़क दुर्घटनाओं में अपनी जान गंवाई। अफगानिस्तान में सड़क दुर्घटनाएं आम बात है इसका मुख्य कारण जर्जर सड़कें, लापरवाही से गाड़ी चलाना और भीड़भाड़ वाले राजमार्गों पर यात्रियों के लिए सुरक्षा उपायों की कमी मुख्य है।

शरणार्थी शिविर पर इजरायली हमला, 17 की मौत

34 से अधिक नागरिक घायल, राहत और बचाव कार्य अभी भी जारी

गाजा/ बेरुत/दमिश्क।

मध्य गाजा पट्टी में नुसीरत शरणार्थी शिविर में एक घर पर हुए इजरायली हवाई हमले में कम से कम 17 फलस्तीनी मारे गए और 34 से अधिक घायल हो गए। यह जानकारी स्थानीय चिकित्सा सूत्रों ने सिन्हुआ को दी। सूत्रों ने कहा कि राहत और बचाव कार्य अभी भी जारी हैं और हताहतों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं।

सूत्रों ने कहा कि पीड़ितों को अल-बलाह शहर के अल-अक्सा शहीद अस्पताल में भर्ती किया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने सिन्हुआ से कहा कि एक इजरायली युद्धक विमान ने कई विस्थापित परिवारों को शरण देने वाले घर पर कई मिसाइलों से हमला किया। बड़े पैमाने पर हुए विस्फोट ने इमारत गिरा दिया और शिविर के पश्चिमी हिस्से में घरों को बहुत नुकसान पहुंचाया। इस बीच, हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक प्रेस बयान में कहा कि गाजा पट्टी में इजरायली हमलों से मरने वाले फलस्तीनियों की संख्या बढ़कर 29,313 हो गई है, जबकि 69,333 अन्य घायल हो गए हैं, क्योंकि इजरायल-हमास संघर्ष जारी है। वहीं इजरायली हवाई हमलों में लेबनान और सीरिया में चार लोगों की मौत हो गई है। मीडिया और सुरक्षा सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हुए हमलों में दक्षिण लेबनान में एक महिला और एक बच्चे की मौत हो गई। इसके कुछ दिनों पहले हिजबुल्लाह ने इजरायल-लेबनानी सीमा पर संघर्ष में नागरिकों की हत्या के लिए इजरायल को कीमत चुकाने की कसम खाई थी। सुरक्षा और चिकित्सा सूत्रों के अनुसार सीमा से लगभग छह किमी दूर एक गांव मजदल जून में हुए हमले में महिला और लड़की की मौत हो गई। इजरायली सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल अविंचाई अद्राई ने एक बयान में कहा कि इज़रायली सेना ने दक्षिणी लेबनान के यारून गांव में 'एक सैन्य भवन' पर हमला किया था और इजरायली युद्धक विमानों ने दक्षिण में तीन हिजबुल्लाह परिचालन मुख्यालयों पर छापे मारे थे। हिजबुल्लाह आंदोलन ने कल इजरायली के छह से अधिक ठिकानों पर हमले की घोषणा की थी।

■ इजरायली हवाई हमलों में लेबनान और सीरिया में चार लोगों की मौत

यमन की सरकार ने की हूती की निंदा

अदन। यमन की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सरकार ने देश के लिए 40,000 टन अनाज लेकर आ रहे एक वाणिज्यिक जहाज पर हमले के लिए हूती समूह को कड़ी निंदा की है। सरकारी सबा समाचार एजेंसी के अनुसार, सरकार ने कहा कि सी चैंपियन नामक जहाज पर हूती बलों ने सोमवार को अर्जेंटीना से दक्षिणी यमन के अदन बंदरगाह की ओर जाते समय गोलीबारी की थी। हूती के अनुसार, हमला दो बैलिस्टिक मिसाइलों द्वारा किया गया था। सरकार ने कहा कि जहाज 40,000 टन अनाज लेकर देश में आ रहा था, जिसमें से 9,229 टन मक्का अदन के लिए भेजा गया था, बाकी को होदेइदाह के हूती के नियंत्रण वाले बंदरगाह पर उतारा जाना था। सरकार के अनुसार, सी चैंपियन ने देश में गृहयुद्ध शुरू होने के बाद से पिछले पांच वर्षों में यमन को 11 बार महत्वपूर्ण खाद्य सहायता पहुंचाई है। यमन के सूचना मंत्री मुअम्मर अल-एरियानी ने हमले को वाणिज्यिक जहाजों पर हूती हमलों की खतरनाक बढ़ोतरी बताया। उन्होंने हूती पर यमन के मानवीय संकट को बढ़ाने और निर्दोष नागरिकों को इसकी कीमत चुकाने के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया।

डॉन में काम नहीं कर रहे हैं इमरान हाशमी

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता इमरान हाशमी का कहना है वह डॉन 3 में काम नहीं कर रहे हैं। बॉलीवुड फिल्मकार फरहान अख्तर डॉन फ्रेंच. इजी की तीसरी फिल्म डॉन 3 बना रहे हैं। डॉन 3 में रणवीर सिंह और कियारा आडवाणी की मुख्य भूमिका होगी।

चर्चा हो रही थी कि 'डॉन 3' में इमरान हाशमी विलेन का रोल निभाते दिखाई देंगे। इमरान हाशमी ने सोशल मीडिया पर साफ कर दिया है कि उन्हें इस फिल्म के लिए कभी ऑफर नहीं आया। इमरान हाशमी ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट के स्टोरी सेक्शन में पोस्ट में लिखा,फैंस और जर्नलिस्ट्स के लिए, जो पूछ रहे थे थे, मैं कभी डॉन 3 का हिस्सा नहीं था। मुझे फिल्म का कभी ऑफर नहीं आया। इमरान हाशमी इन दिनों अपनी आने वाली वेबसीरीज शो टाइम को लेकर चर्चा में है। करण जौहर के धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट के बैनर तले बनी शो टाइम बॉलीवुड के पर्दे के पीछे के कई दिलचस्प किस्सों को लेकर बनाई गई है। शो टाइम में इमरान हाशमी, मौनी रॉय, नसीरउद्दीन साह, श्रिया सरन, राजीव खंडेलवाल, विशाल वशिष्ठ और महिमा मकवाना,की अहम भूमिका है। धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट द्वारा निर्मित, सुमित रॉय और शोरनर मिहिर देसाई द्वारा रचित एवं लिखित, इस सीरीज का निर्देशन मिहिर देसाई और अर्चित कुमार ने किया है। वेबसीरीज शोटाइम 8 मार्च 2024 को डिज्नी+हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

अजय देवगन की फिल्म 'शैतान' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन और आर माधवन स्टारर सुपरनैचुरल थ्रिलर फिल्म शैतान का ट्रेलर रिलीज हो गया है। विकस बहल निर्देशित शैतान में अजय देवगन, आर माधवन और ज्योतिका मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म शैतान का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म के ट्रेलर में दिखाया गया है कि आर माधवन मेहमान बनकर अजय देवगन के घर पर पहुंचते हैं और उनकी बेटी को काली शक्तियों से अपने बस में कर लेते हैं। मगर बाद में अजय को उनकी शैतानी शक्तियों के बारे में पता चल जाता है। 'शैतान' 08 मार्च 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अजय देवगन इस फिल्म के निर्माता भी हैं। उन्होंने ज्योति देशपांडे और कुमार मंगत पाठक के साथ मिलकर फिल्म शैतान का निर्माण किया है।

मंगोलिया में कड़ाके की ठंड, 15 लाख मवेशी मारे गए

उलान बतोर। मंगोलिया में कड़ाके की ठंड की चपेट में आकर मरने वाले मवेशियों की संख्या 15 लाख से ज्यादा हो गई है।

यह जानकारी देश के राज्य आपातकालीन आयोग (एसईसी) ने गुरुवार को दी। देश के उप प्रधानमंत्री और एसईसी के प्रमुख, अमरसैखान सैनबुयान ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वर्तमान आंकड़ों के अनुसार डजुड के कारण पूरे देश में कम से कम 1,527,695 पशुधन की मौत हो चुकी है। डजुड एक मंगो. लियाई शब्द है जिसका मतलब अत्यधिक ठंड होता है जिसके कारण बड़ी संख्या में पशुधन मर जाते हैं क्योंकि जमीन जमी होती है या बर्फ से ढकी होती है। देश की मौसम निगरानी एजेंसी के अनुसार, देश का 80 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा बर्फ से ढका हुआ है। विश्व के अंतिम जीवित खानाबदोश देशों में से एक, मंगोलिया ने हाल ही में कठोर सर्दियों और पशुधन के नुकसान के कारण अपनी आपदा तैयारियों को हाई अलर्ट कर दिया है।

आवश्यकता है
मंगलौर (रूड़की) स्थित एक फर्निस यूनिट को अनुभवी सीनियर केमिस्ट की आवश्यकता है, जिसको स्पेक्ट्रोमीटर का भी पूर्ण ज्ञान हो। वेतन योग्यता अनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी बायोडाटा सहित
सम्पर्क करें
9210707194, 9720007290

आवश्यकता है
घरेलू खाना बनाने के लिए एक अच्छे बावर्ची (कुक) की आवश्यकता है। महिला हो या पुरुष (महिला को प्राथमिकता दी जायेगी)। मांसाहारी व शाकाहारी हर तरह का खाना बनाने में निपुण हो। परिवार के लिए सुबह-शाम उत्तम भोजन बना सके।
सम्पर्क करें :- 9720007290

वैदान्तक वटी
जोड़ो के दर्द की बेजोड दवा
सम्पर्क करें- 8865001008
निश्चित ईनाम खरीदिये
2 वैदान्तक वटी 20 गोली- मूल्य 160/- और पाईये मुफ्त 1 अस्थि रक्षक 20 गोली मूल्य 180/-
नकली से सावधान